# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


## विधानसभा चुनाव में किसे कितनी सीटें

| पश्चिम बंगाल- 293 सीटें | |
|---|---|
| भाजपा | 206 |
| टीएमसी | 81 |
| कांग्रेस | 02 |
| अन्य | 04 |

| तमिलनाडु-234 सीटें | |
|---|---|
| टीवीके | 107 |
| अन्नाद्रमुक | 53 |
| द्रमुक | 65 |
| अन्य | 09 |

| असम-126 सीटें | |
|---|---|
| भाजपा | 102 |
| कांग्रेस | 21 |
| एआईयूडीएफ | 02 |
| अन्य | 1 |

| केरलम-140 सीटें | |
|---|---|
| यूडीएफ | 102 |
| एलडीएफ | 35 |
| भाजपा | 03 |
| अन्य | 00 |

| पुडुचेरी- 30 सीटें | |
|---|---|
| एनडीए | 18 |
| टीवीके | 03 |
| कांग्रेस | 06 |
| अन्य | 03 |



### दिग्गज जीते



**हिमंत विश्व शर्मा** सीएम- असम



**राजीव चंद्रशेखर** केरल, भाजपा अध्यक्ष



**के. पलानीस्वामी** अन्नाद्रमुक प्रमुख

### दिग्गज हारे



**एमके स्टालिन** सीएम- तमिलनाडु



**गौरव गोगोई** कांग्रेस

*पश्चिम बंगाल और असम समेत पांच राज्यों में नतीजों की तस्वीर लगभग साफ हो गई है। भाजपा ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में सोमवार को 206 सीटें जीतकर दो-तिहाई से अधिक बहुमत हासिल कर इतिहास रच दिया और तृणमूल कांग्रेस के 15 साल के शासन का अंत कर दिया। कांग्रेस को सिर्फ दो सीट पर जीत मिली है। एक सीट फालता पर 21 मई को फिर वोटिंग होगी। असम में भी भाजपा की आंधी आई है और पार्टी को स्पष्ट बहुमत मिल गया। तमिलनाडु में इस बार खेल ही बदल गया। एक्टर विजय की टीवीके ने बहुमत हासिल कर ली। इधर, केरल में कांग्रेस गठबंधन ने जीत का दावा कर दिया है।*




### पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव के नतीजे, दो मुख्यमंत्री चुनाव हारे, कुछ ने किया कमाल

# 'खाड़ी' में भाजपा का तूफान !

## बंगाल में ममता को किया बेदखल, असम में मूसलाधार जीत, पुडुचेरी को बचाया

- असम में भाजपा की जीत पर हनुमानगढ़ी के संतों ने मनाया जश्न
- तमिलनाडु के सीएम स्टालिन की शर्मनाक हार, बंगाल में गोगोई को अपने ही गढ़ में मिली शिकस्त
- 'जय श्रीराम' और 'हर हर महादेव' के नारों से गूंजा हावड़ा ब्रिज

**एजेंसी ▶▶। नई दिल्ली/कोलकाता/चेन्नई**

भाजपा पश्चिम बंगाल में सरकार बनाने को तैयार है। पार्टी की ऐतिहासिक जीत के बाद देशभर में जश्न मनाया गया। पार्टी मुख्यालय में पीएम नरेंद्र मोदी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। असम में एक बार फिर सरकार बनाने के लिए तैयार है। वहीं, अभिनेता-नेता विजय की टीवीके ने तमिलनाडु में सबसे बड़ी पार्टी के रूप में शानदार शुरुआत कर धमाकेदार प्रदर्शन किया है।

पश्चिम बंगाल की 294 सदस्यीय विधानसभा में बहुमत का आंकड़ा 148 है। हालांकि, फाल्टा में मतदान रद्द होने के कारण 293 निर्वाचन क्षेत्रों के मतों की गिनती हुई और इस वजह से फिलहाल बहुमत का आंकड़ा 147 है। पश्चिम बंगाल में भाजपा ने सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के पारंपरिक गढ़ों में सेंध लगाई और शहरी एवं ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में अपना जनाधार बढ़ाया। इस जीत के साथ, भाजपा राज्य में पहली बार सरकार बनाएगी। निर्वाचन आयोग के ▶▶।शेष पेज 7 पर





### एक्टर विजय होंगे तमिलनाडु के 'थलापति'



### देशभर में जश्न का माहौल

पश्चिम बंगाल में भाजपा के शानदार प्रदर्शन ने पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं में जबरदस्त उत्साह भर दिया है। दिल्ली समेत देशभर के बीजेपी कार्यालयों में जश्न मनाया गया।

### 15 हजार मतों से शुभेंदु से हारी ममता



भवानीपुर से भाजपा के शुभेंदु अधिकारी ने ममता को 15,114 वोटों से हराया। शुभेंदु के खिलाफ यह उनकी लगातार दूसरी हार है। 2021 विधानसभा चुनाव में सशुभेंदु नंदीग्राम से ममता के खिलाफ जीते थे। अधिकारी ने कहा, मैं भवानीपुर के लोगों को मुझे वोट देने और 15,000 से अधिक मतों के अंतर से विजयी बनाने के लिए धन्यवाद देता हूं।

### भाजपा की 'नवीन' नीति ने बदला बंगाल का गणित

करीब पांच महीने पहले भाजपा जो पार्टी में 'नवीन नीति' लाई थी, इसे उसका परिणाम कहें तो गलत नहीं होगा। नितिन नवीन को पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया, तभी से यह चर्चा चल निकली थी कि अब निशाना पश्चिम बंगाल ही है। पहली बार पश्चिम बंगाल में बांग्लादेशियों को अलग-थलग करने और तुष्टिकरण का मुखर विरोध करने के साथ वर्गों में बंटे हिदुओं को एकजुट करने के लिए भाजपा ने चक्रव्यूह की रचना की थी। नितिन ने पश्चिम बंगाल से सटे बिहार से भाजपा के हर स्तर के नेता को पश्चिम बंगाल में करीब 90 दिनों के लिए शिफ्ट कर दिया। पार्टी ने बांग्लादेशियों को अलग-थलग करने के साथ ही मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी की तुष्टिकरण की नीति के खिलाफ पूरा प्लान तैयार किया था। दिल्ली की तरह ही पश्चिम बंगाल में भी केंद्र और राज्य सरकार के कर्मचारियों की बड़ी संख्या है। सरकारी कर्मचारियों को उनके हकों से वंचित करना और सातवें वेतन आयोग को लागू करने के वादे की वजह से लगभग 20 से 50 लाख मतदाताओं पर असर पड़ा है।



### भाजपा कार्यकर्ताओं को किया संबोधित

## प्रधानमंत्री मोदी बोले-बरसों की साधना सिद्धी में बदली

भाजपा के शानदार प्रदर्शन के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नई दिल्ली में पार्टी मुख्यालय में पार्टी समर्थकों को संबोधित किया। मोदी ने कहा- आज का दिन ऐतिहासिक और अभूतपूर्व है। सालों की साधना जब सिद्धी में बदलती है तो चेहरे पर जो खुशी होती है वो खुशी में देशभर के कार्यकर्ताओं के चेहरे पर देख रहा हूं। पिछले साल 14 नवंबर को जब बिहार चुनाव के नतीजे आए थे, तब मैंने यहीं इसी जगह से आप सबको कहा था, गंगा जी बिहार से आगे बहते हुए गंगासागर तक जाती हैं। आज बंगाल की जीत के साथ गंगोत्री से लेकर गंगासागर तक कमल ही कमल खिला हुआ है।

### भाजपा अध्यक्ष को पहनाई माला

पीएम मोदी ने पार्टी अध्यक्ष नितिन नबीन को माला पहनाई। कार्यकर्ताओं ने उन्हें मां कामाख्या की तस्वीर भेंट की। मोदी बोले- बंगाल में भाजपा की सफलता के श्रेय ऐसे सभी कार्यकर्ताओं और उनके परिवार को देता हूं। 4 मई की शाम भले ढल रही हो, लेकिन बंगाल की पावन धरा पर एक नया सूर्योदय हुआ है।

### शाह ने कहा-घुसपैठियों को सबक



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पश्चिम बंगाल में भाजपा की विधानसभा चुनाव में मिली बड़ी जीत पर कहा है कि लोगों ने घुसपैठियों को सबक सिखा दिया है। उन्होंने इस जनादेश को जनता की स्पष्ट इच्छा बताया। शाह ने आगे कहा कि बंगाल की जनता ने घुसपैठ, तुष्टीकरण और हिंसा की राजनीति को नकारते हुए विकास, सुरक्षा और सुशासन की राह चुनी है।

### राष्ट्रहित में ऐतिहासिक जनादेश : साय



*रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पश्चिम बंगाल, असम एवं पुडुचेरी के विधानसभा चुनाव परिणामों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे भारतीय लोकतंत्र के लिए एक ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण क्षण बताया है। उन्होंने कहा कि यह जनादेश जागरूक, राष्ट्रनिष्ठ और विकासोन्मुख जनता की परिपक्व सोच का परिणाम है, जिसने सुशासन, स्थिरता और राष्ट्रहित को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी को असम और पुडुचेरी में पुनः जनादेश प्राप्त होना तथा पश्चिम बंगाल में पार्टी की ऐतिहासिक सफलता, देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संचालित सुशासन और 'विकसित भारत' के संकल्प पर जनता के अटूट विश्वास को दर्शाता है।*





Terms and Conditions applied. *Approval of the loan is at the sole discretion of the financiers, and additional documentation may be required. *The interest rates, loan amount, down payment, tenure options, and EMI are based on the financier's assessment of the applicant's credit profile. *Some of the mentioned components of the scheme cannot be clubbed together. *The offers/features may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. *Offer valid until 31st May 2026. #5% Instant Cashback up to Rs. 5000 is available on all HMSI models for EMI transactions made using HDFC Bank credit cards with a minimum transaction value of Rs. 40000 (Tenure 6 months & above). #Instant Cashback of up to Rs. 4000 is available on selected HMSI models for EMI transactions using IDFC Bank credit cards with a minimum transaction value of Rs. 40000 (Tenure 9 months & above). #The offer is valid on credit card transactions processed through Pine Labs machines only and is applicable for one transaction per card/order during the offer period. #The Instant Cashback offer is valid until 31st May 2026. ^The price shared above is of Activa 110 Std OBD2B Model Variant for Chhattisgarh. ^For more information contact nearest dealers. The feature shown in the creative may not be available in all variants. Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of standard equipment.

**Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office:** Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) – 122052, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in


कोलकाता। निराश टीएमसी समर्थक


कोलकाता। ममता बनर्जी के गेटअप में भाजपा कार्यकर्ता

# जीत की झालमुड़ी...

बंगाल में जीत के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

कोलकाता, गुवाहटी से चेन्नई, पुडुचेरी तक दिखा चुनावी रंग


कोलकाता। भाजपा कार्यकर्ता

*नई दिल्ली। पांच राज्यों के सोमवार को चुनावी नतीजे आए। बंगाल में भाजपा का कमल खिल गया है, जिसका जश्न पार्टी कार्यकर्ताओं ने जमकर मनाया। पीएम मोदी का चुनाव प्रचार के दौरान बंगाल में झालमुड़ी खाना भी सुर्खियां बन गया था, जीत के बाद भी बड़ी संख्या में यहां कार्यकर्ताओं ने झालमुड़ी खाई। असम में भी भाजपा को जीत मिलने पर गुवाहटी स्थित पार्टी कार्यालय में कार्यकर्ता बीहू डांस करते दिखे। तमिलनाडु में एक्टर विजय की पार्टी टीवीके सबसे बड़ी बनकर उभरी है। उनकी जीत पर चेन्नई में टीवीके कार्यकर्ताओं ने जमकर जश्न मनाया।*


गुवाहटी। भाजपा समर्थक


चेन्नई। टीवीके समर्थक


गुवाहटी। भाजपा कार्यालय में बीहू डांस

## बंगाल में मुस्लिम फैक्टर बीजेपी की कई सीटों पर 'सर्जिकल स्ट्राइक'



### 62 सीटों का वो गणित जिसने ममता को चौंकाया

एजेंसी ▶▶| पश्चिम बंगाल

पश्चिम बंगाल चुनाव 2026 के नतीजे केवल जीत-हार की कहानी नहीं है, बल्कि उस सबसे बड़े सियासी बदलाव का संकेत है जिसने टीएमसी के सबसे सुरक्षित वोट बैंक में दरार डाल दी है। इन नतीजों में सबसे बड़ा उलटफेर मुस्लिम बहुल आबादी वाली उन 62 सीटों पर दिखा, जो तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) का अभेद्य किला कहा जाता रहा है। मालदा, मुर्शिदाबाद और उत्तर दिनाजपुर जैसे मुस्लिम बहुल जिलों ने सभी को हैरान कर दिया है। डेमोग्राफिक्स आंकड़ों के मुताबिक, इस बार अल्पसंख्यक मतदाताओं ने अपनी पुरानी परंपरा से हटकर कुछ अलग संकेत दिए हैं। इन सीटों पर इस बार मुकाबला केवल टीएमसी और बीजेपी के बीच नहीं है, बल्कि क्षेत्रीय पार्टियों और कद्दावर निर्दलीय चेहरों ने भी दीदी के वोट बैंक में बड़ी सेंध लगा दी है। यहां बड़ी संख्या में भाजपा ने सेंधमारी करते हुए टीएमसी को जोरदार झटका दिया। अल्पसंख्यक बाहुल्य क्षेत्रों में भी अब बीजेपी एक ताकत बनकर उभर रही है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि स्थानीय भ्रष्टाचार, 'सिंडिकेट राज' और विकास की कमी ने अल्पसंख्यकों को विकल्प सोचने पर मजबूर किया।

### अहम सवाल, कौन बनेगा अब बंगाल का नया मुख्यमंत्री

# किसका होगा राजतिलक... शुभेंदु को मिलेगा इनाम या भाजपा देगी सरप्राइज?

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 के नतीजों के रुझान एक बड़े सियासी उलटफेर की ओर इशारा कर रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी बहुमत के जादुई आंकड़े को पार करती दिख रही है, जिससे ममता बनर्जी और तृणमूल कांग्रेस का एक दशक से ज्यादा पुराना शासन खत्म हो गया है। राज्य में पहले वामपंथ और फिर ममता के बड़े जनादेशों के बाद अब एक और नया अध्याय शुरू होने जा रहा है। बीजेपी सरकार बनाने की मजबूत स्थिति में पहुंच गई है, जो बंगाल की राजनीति में एक नए युग की शुरुआत का संकेत है।

#### चार-पांच नाम माने जा रहे हैं बड़े दावेदार



#### शुभेंदु ने ममता का अभेद्य किला ढहाया

2026 के इस चुनाव में शुभेंदु बड़ी ताकत बनकर उभरे हैं। अपनी परंपरागत सीट नंदीग्राम के साथ ही उन्होंने भवानीपुर से भी जीत दर्ज की है। भवानीपुर ममता का अभेद्य किला माना जाता था, यहां से ममता जैसे सिटिंग सीएम को हराकर शुभेंदु ने इतिहास ही रच दिया। शुभेंदु की यह जीत ममता के गढ़ में यह बड़ी सेंध उनकी ताकत का, उनकी बड़ी राजनीतिक हैसियत का इजहार ही कहा जाएगा।

#### रेस में सबसे आगे कौन?

जानकारों के अनुसार, शुभेंदु अधिकारी बीजेपी सरकार का चेहरा हो सकते हैं। अधिकारी का राजनीतिक सफर बंगाल की बदलती राजनीति की कहानी कहता है, क्योंकि वह कभी ममता बनर्जी के सबसे करीबी रणनीतिकारों में शामिल थे। नंदीग्राम आंदोलन के जरिए ममता को सत्ता तक पहुंचाने वाले अधिकारी ने 2020 में पाला बदलकर बीजेपी का दामन थाम लिया था। 2021 के चुनाव में उन्होंने नंदीग्राम से खुद ममता बनर्जी को हराकर अपनी ताकत साबित की थी और वह विपक्ष के नेता के रूप में पार्टी का सबसे बड़ा चेहरा बनकर उभरे हैं।

#### बीजेपी के अन्य दावेदार व अधिकारी की मजबूती

*शुभेंदु के अलावा दिलीप घोष, शमिक भट्टाचार्य और अग्निमित्रा पॉल जैसे नाम भी चर्चा में हैं, जो पार्टी के मजबूत स्तंभ रहे हैं। दिलीप घोष ने जहाँ संगठन को मजबूत किया, वहीं अग्निमित्रा पॉल जैसे युवा चेहरे बीजेपी की नई अपील का प्रतीक हैं। हालांकि बंगाल में पार्टी नेतृत्व को लेकर कोई बड़ा विवाद नजर नहीं आ रहा है और पूरा माहौल फिलहाल शुभेंदु अधिकारी के पक्ष में है। जिस तरह अधिकारी ने जमीन पर उतरकर रणनीति बनाई है, उसे देखते हुए ऐतिहासिक जीत की स्थिति में उनका मुख्यमंत्री बनना स्वाभाविक माना जा रहा है।*

## जहां पीएम मोदी ने पी थी चाय, वहां भाजपा ने दिखाया दबदबा




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ऊपरी असम के चाय बागान वाली सीटों पर सीधा जुड़ाव बीजेपी के लिए बड़ी राजनीतिक ताकत साबित हुआ है। इस बार के चुनाव रुझानों ने साफ कर दिया है कि कांग्रेस के परंपरागत गढ़ माने जाने वाले इलाके अब बीजेपी के अभेद्य किले में तब्दील हो चुके हैं। डिब्रूगढ़ की चाय पट्टी में पीएम मोदी के किए गए विशेष जनसंपर्क और योजनाओं का असर अब नतीजों में दिख रहा है। यहां की 6 विधानसभा सीटों पर बीजेपी के उम्मीदवारों ने शानदार जीत दर्ज की। जिन सीटों पर भाजपा ने अपना दबदबा बनाया है, उनमें डिब्रूगढ़, चाबुआ-लाहोवाल, दुलियाजान, टिंगखोंग, नाहरकटिया और खोवांग शामिल हैं। पीएम मोदी का 'डायरेक्ट कनेक्शन' चाय बागान समुदाय दशकों से असम की राजनीति में एक बड़ा वोट बैंक रहा है। पहले इन इलाकों में कांग्रेस का वर्चस्व हुआ करता था।

#### क्या हैं इस बढ़त के मायने?

डिब्रूगढ़ और उसके आसपास की इन 6 सीटों पर बीजेपी का प्रदर्शन ये साबित करता है कि सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे मतदाताओं तक पहुंचा है। चाय बागान के मतदाताओं ने विकास और भरोसे के नाम पर बीजेपी को जमकर वोट दिया है।

**चाय की पत्तियां भी तोड़ीं थी :** पीएम नरेंद्र मोदी ने बुधवार को डिब्रूगढ़ के एक चाय बागान का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने वहां काम कर रही महिला श्रमिकों से मुलाकात की, उनसे बातचीत की और खुद भी चाय की पत्तियां तोड़ीं।

## 21 में से 13 मंत्री हारे केरल में एलडीएफ को लगा बड़ा झटका

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केरल विधानसभा चुनाव में कांग्रेस नीत यूडीएफ सत्ता में आ गई है। वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) को बड़ा झटका लगा है। मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन की अगुवाई वाली 21 मंत्रियों की टीम में से 13 मंत्री चुनाव हार गए, जिससे सत्ता में रही सरकार को बड़ा नुकसान हुआ है। हालांकि खुद मुख्यमंत्री के साथ कुछ ही मंत्री जीत बचा पाए, जिनमें के राजन, जी आर अनिल, के एन बालगोपाल, पी प्रसाद और साजी चेरियन शामिल हैं। बाकी कई बड़े चेहरे इस चुनाव में हार गए। सबसे चर्चित हार स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज की रही, जिन्हें कांग्रेस के उम्मीदवार एबिन वार्की ने करीब 19 हजार वोटों से हरा दिया। वहीं देवस्वम मंत्री वी एन वासवन भी अपने मजबूत माने जाने वाले क्षेत्र में हार गए। शिक्षा मंत्री वी शिवनकुट्टी को तिरुवनंतपुरम की नेमोम सीट पर बीजेपी नेता राजीव चंद्रशेखर से कड़ी टक्कर मिली, लेकिन अंत में उन्हें करीब 3500 वोटों से हार का सामना करना पड़ा।



#### 2001 से लगातार जीतने वाले हारे

परिवहन मंत्री के बी गणेश कुमार, जो 2001 से लगातार जीतते आ रहे थे, इस बार पहली बार चुनाव हार गए। इसी तरह उद्योग मंत्री पी राजीव, स्थानीय स्वशासन मंत्री एम बी राजेश और उच्च शिक्षा मंत्री आर बिंदु जैसे कई बड़े नाम भी हार की लिस्ट में शामिल रहे। खेल मंत्री वी अब्दुरहीमान को भी भारी अंतर से हार झेलनी पड़ी।

#### केरल में खुला भाजपा का खाता, 3 सीटों पर दर्ज की जीत

केरल की राजनीति में एक नया इतिहास रचा गया है। विधानसभा चुनाव के नतीजों ने साफ कर दिया है कि भाजपा अब राज्य में केवल एक 'वोट-कटवा' पार्टी नहीं, बल्कि एक निर्णायक शक्ति बन चुकी है। पार्टी ने तीन सीटों पर जीत दर्ज की है। इतिहास रचते हुए राजीव चंद्रशेखर ने 4900 से अधिक वोटों के अंतर से जीत दर्ज की है। वहीं, कोल्लम जिले की चथन्नूर सीट से भाजपा उम्मीदवार बीबी गोपकुमार ने भी 4,398 वोटों से जीत दर्ज की है। इसके अलावा वी मुरलीधरन ने कझाकट्टम निर्वाचन क्षेत्र से 428 मतों के मामूली अंतर से जीत हासिल की है। इस जीत के साथ ही केरल में भाजपा को तीन सीटें मिली हैं, जो अब तक पहली बार हुआ है। केरल भाजपा अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि राज्य में भाजपा नेतृत्व वाले एनडीए के अब तीन विधायक होंगे। उन्होंने इस जीत को कांग्रेस और माकपा के उन दावों का करारा जवाब बताया है, जिसमें कहा गया था कि भाजपा का खाता भी नहीं खुलेगा।

#### विजय का लेडी लक तृषा



टीवीके की जीत में विजय के 'लेडी लक' को अहम माना जा रहा है। सोमवार को उसी 'लेडी लक' एक्ट्रेस तृषा कृष्णन का जन्मदिन है, जिनका नाम विजय से जुड़ता रहा है। तृषा तमिलनाडु चुनाव का रिजल्ट आने से पहले तिरुमाला मंदिर पहुंचीं, दर्शन किए और फिर विजय के घर पहुंचीं। 51 साल के विजय आज तमिल फिल्मों के सबसे बड़े स्टार हैं तो तृषा कृष्णन क्वीन ऑफ साउथ इंडिया कही जाती हैं। दोनों करीब 5 फिल्मों में साथ नजर आए हैं, जिनमें से 2023 में रिलीज सुपरहिट फिल्म लियो भी शामिल है। बता दें, विजय का पत्नी संगीता सोर्नालिंगम से तलाक हो चुका है।

तमिलनाडु में टीवीके ने किया कमाल

## रजनी और कमल जो नहीं कर पाए, विजय ने कर दिखाया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में एक्टर विजय की तमिलगा वेत्री कड़गम (टीवीके) सबसे बड़ी पार्टी बन के उभरी है। यह राज्य में एक बड़े राजनीतिक बदलाव का शंखनाद है। जिस तमिलनाडु की सत्ता पर हमेशा से द्रविड मुनेत्र काषगम और अन्नाद्रुमक का कब्जा था, वहां आज एक्टर से राजनेता बने जोसेफ विजय चंद्रशेखर ने इतिहास रच दिया है। सबके मन में यही सवाल है कि विजय ने कैसे वो कर दिखाया जो साउथ फिल्म इंडस्ट्री के रजनीकांत और कमल हासन जैसे सुपरस्टार नहीं कर सके।



#### रजनी, कमल रहे फ्लाप

रजनीकांत ने साल 2017 में राजनीति में आने का ऐलान किया, लेकिन सालों तक उन्होंने इस तरफ कोई ठोस कदम नहीं उठाया। फिर उन्होंने स्वास्थ्य कारणों का हवाला देकर कदम पीछे खींच लिए। वहीं, कमल हासन ने अपनी राजनीति और भाषण से प्रभावित नहीं कर सके।

#### ऐसे लिखी जीत की इबारत

विजय ने भले दो साल पहले पार्टी बनाई हो, लेकिन वे अपने फैन क्लब के जरिए 20 साल से सोशल वर्क कर रहे थे। तमिलनाडु के अलग-अलग इलाकों में संगठन बनाना और फिर उनके जरिए सोशल वर्क करना। विजय के तमिलनाडु में सैकड़ों फैन क्लब हैं। यही फैन क्लब पार्टी स्ट्रक्चर में बदल गए। विजय राजनीति में नहीं आए थे, तब तक ये फैन क्लब ब्लड डोनेशन कैंप, मेडिकल कैंप लगाने जैसे काम करते रहे। गरीबों को खाना-कपड़े देकर मदद करते रहे। सरकारी दफ्तरों, अस्पताल, पुलिस, कोर्ट के मामलों में मदद करते रहे। इससे लोगों का विजय पर भरोसा बढ़ता गया।

## चर्चा में बाबू, अपनी ही पार्टी के बागी से हारे स्टालिन

तमिलनाडु विधानसभा चुनाव 2026 के नतीजों ने एक ऐसा इतिहास रच दिया है, जिसकी कल्पना शायद ही किसी ने की होगी। राज्य की सबसे हाई-प्रोफाइल सीट कोलाथुर में मुख्यमंत्री और डीएमके अध्यक्ष एमके स्टालिन की करारी हार हुई है। स्टालिन को उनकी ही पार्टी के पूर्व दिग्गज और अब तमिझगा वेत्री कड़गम (टीवीके) के उम्मीदवार वीएस बाबू ने करीब 8000 से ज्यादा वोटों के अंतर से शिकस्त दी है। स्टालिन के करीब रहे बाबू ने 7 फरवरी 2026 को डीएमके छोड़कर एक्टर विजय की पार्टी टीवीके का दामन थाम लिया था। यह पहली बार है जब डीएमके के गठन के बाद पार्टी के अध्यक्ष एमके स्टालिन और महासचिव दुरईमुरुगन दोनों ही एक साथ विधानसभा चुनाव हार गए हैं।



### पश्चिम बंगाल को यह नया प्रयोग करने में 74 साल लगे

# बदलाव की बयार और 'हैकड़ी' की हार


**विजयदत्त श्रीधर**
वरिष्ठ पत्रकार

एक्सपर्ट कमेंट

पश्चिम बंगाल, असम, तमिलनाडु, केरल और पुडुचेरी विधानसभा चुनावों के नतीजे आ गए हैं। ये नतीजे देश की राजनीति की भावी दिशा और दशा का संकेत देते हैं। पहला संकेत तो यही है कि इन चुनावों पर जेन-जी का प्रभाव स्पष्ट परिलक्षित होता है। यह भी पता चलता है कि मतदाताओं के मन में चल रही बदलाव की बहार निर्णायक साबित हुई। दूसरे, जहां-जहां भी नेताओं की हैकड़ी सिर पर चढ़कर बोलती रही, उन्हें शिकस्त देने में मतदाताओं ने कोताही नहीं की। 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को जो झटका लगा था, इन विधानसभा चुनावों ने उसकी भरपाई कर ली है। सबसे बड़ा उलटफेर कांग्रेस, मार्क्स वादी कम्युनिस्ट पार्टी और तृणमूल कांग्रेस के बीच 1952 से 2025 तक झूलते रहे पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी का प्रचंड बहुमत के साथ सत्ता में आना है। यह बंगाल के मतदाताओं का परंपरागत राजनीतिक विचारधारा के त्रि-आयामी चक्रव्यूह से सत्ता के सिंहासन को बाहर निकालकर भाजपा को सौंपने का चमत्कारिक फैसला है। पश्चिम बंगाल को यह नया प्रयोग करने में 74 साल लगे। निश्चित ही यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा की राजनीति के चाणक्य कहे जाने वाले गृहमंत्री अमित शाह की रणनीति और अभियान का परिणाम है। तीसरे चर्चित चेहरा रहे उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, जिन्हें निवृत्तमान मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी और उनकी पार्टी ने लगातार चुनावी किरदार बनाए रखा। उनके नाम पर बंगाल के मतदाताओं को डराया जाता रहा कि यदि भारतीय जनता पार्टी जीती तो बंगाल में भी सरकार चलाने का बुलडोजर मॉडल लाया जाएगा।

#### केरल का नतीजा प्रत्याशित

केरल का नतीजा प्रत्याशित रहा। वहां मार्क्सवादी नेतृत्व वाले वामपंथी मोर्चा और कांग्रेस के नेतृत्व वाले मोर्चा के बीच सत्ता की अदला-बदली होती रही है। इस बार मतदाताओं ने कांग्रेस को सत्ता सौंपकर एक प्रकार से राहत दी है। असम में हिमंता बिस्वा सरमा ने डंके की चोट पर यह ऐलान किया था कि वे ही पुनः सरकार बनाएंगे। कांग्रेस ने गौरव गोगोई पर दांव लगाया था। परंतु वे भाजपा की चुनौती से पार नहीं पा सके। पुड्डुचेरी केंद्र शासित प्रदेश है। वहां भी भारतीय जनता पार्टी ने परचम लहराया है।

#### नकारात्मक राजनीति हारी है तमिलनाडु में

तमिलनाडु में कांग्रेस के पराभव के बाद से लगभग छह दशक तक किसी राष्ट्रीय राजनीतिक दल का सत्तारोहण नहीं हो पाया है। वहां की राजनीति फिल्मी सितारों के इर्द-गिर्द घूमती रहती है। कभी करुणानिधि का पलड़ा भारी पड़ा तो कभी एमजी रामचंद्रन छा गए। उनके बाद जयललिता का सितारा चमका। बीच का कुछ समय जरूर गैर फिल्मी मुख्यमंत्री का रहा। अभी निवर्तमान द्रमुक मुख्यमंत्री स्टालिन और उनके मंत्री पुत्र की नकारात्मक राजनीति का बोझ तमिलनाडु ढो रहा था। अन्नाद्रुमुक को पुनर्जीवन की आस नहीं थी। विकल्पों का शून्य तमिल सिनेमा के लोकप्रिय सितारे विजय थलापति (चंद्रशेखरन जोसेफ विजय ) ने भरा। नई पीढ़ी ने उनमें भविष्य की आशा देखी। परिणामतः उन्हें तमिलनाडु की सत्ता सौंप दी गई।

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


## रायपुर में जश्न...














### गृहमंत्री विजय शर्मा, मंत्री दयालदास, केदार, गजेंद्र के साथ मूणत, शिवरतन ने भी डाला था डेरा

**छत्तीसगढ़िया नेताओं का धमाल**

# बंगाल में 'पवन' का बवंडर...56 सीटों का मिला था जिम्मा, 51 में मिली जीत

*पश्चिम बंगाल में भाजपा को ऐतिहासिक जीत मिल गई है। इस प्रचंड जीत में छत्तीसगढ़ की मेहनत शामिल है। भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने छत्तीसगढ़ के संगठन महामंत्री पवन साय को 56 सीटों का बड़ा जिम्मा दिया था। भरोसा ऐसा था कि चुनाव की तारीखों का ऐलान होने से काफी पहले पश्चिम बंगाल भेज दिया गया। उनके साथ प्रदेश के करीब तीन दर्जन से ज्यादा नेताओं को भी वहां पर बड़ा जिम्मा दिया गया। इन नेताओं ने दिन रात एक करके वहां पर जीत के लिए काम किया।*


विजय शर्मा


दयालदास बघेल


केदार कश्यप


गजेंद्र यादव


राजेश मूणत


शिवरतन शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

इसका नतीजा यह रहा है कि छत्तीसगढ़ के नेताओं के जिम्मे जो सीटें थीं, उनमें से अधिकतर सीटों पर भाजपा ने जीत का परचम लहराया है। सूत्र बताते हैं कि भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय संगठन ने छत्तीसगढ़ का फार्मूला पश्चिम बंगाल में आजमाया। छत्तीसगढ़ में एक वक्त कांग्रेस को हराना असंभव लग रहा था ▶▶|शेष पेज 7 पर

### पवन साय को 56 सीटों का जिम्मा

भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने पवन साय पर बड़ा भरोसा जताते हुए उनको बंगाल में 56 विधानसभाओं का जिम्मा सौंपा। यह जिम्मा मिलने के बाद प्रारंभ में तो श्री साय बंगाल आना-जाना करते रहे, लेकिन बाद में उन्होंने वहीं पर अपना ठिकाना बना लिया और करीब छह माह वहां पर रहकर जीत की रणनीति बनाते रहे। पवन साय की टीम में प्रदेश के कई दिग्गज नेताओं को भी शामिल किया गया। इनको अलग-अलग विधानसभाओं की जिम्मेदारी दी गई। जिन नेताओं को वहां पर जिम्मा दिया गया उनमें विधायक राजेश मूणत, शिवरतन शर्मा, भूपेंद्र सवन्नी, प्रफुल्ल विश्वकर्मा के अलावा प्रदेश के मंत्री दयालदास बघेल, केदार कश्यप, गजेंद्र यादव भी शामिल हैं। निर्वाचन संबंधी कार्यों के सहयोग का जिम्मा रायपुर के डॉ. विजय शंकर मिश्रा और उनकी टीम को दिया गया था। उनके साथ कानपुर के सांसद रमेश अवस्थी भी जुड़े रहे। इसी के साथ करीब तीन दर्जन नेताओं को पवन साय की टीम में रखा गया।


पश्चिम बंगाल के गांव-गांव घूमे पवन

### विजय शर्मा को भी बड़ा जिम्मा

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री और गृह मंत्री विजय शर्मा को भी बंगाल में बड़ा जिम्मा दिया गया। उनको वहां पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की सभी सभाओं को कमान दी गई। विजय शर्मा भी बंगाल में करीब एक माह तक रहे और वहां पर मोर्चा संभाला।


अरुण साव


ओपी चौधरी


तोखन साहू

### असम में ओपी, साव, विजय और तोखन ने संभाली थी कमान

असम में भी भाजपा को ऐतिहासिक जीत मिली है। यहां पर भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने प्रदेश के नेताओं को बड़ा जिम्मा दिया था। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, केंद्रीय मंत्री तोखन साहू के अलावा दुर्ग के सांसद विजय बघेल को वहां पर एक-एक लोकसभा की सभी 8 से 10 विधानसभाओं का जिम्मा दिया गया था। ये नेता लगातार वहां पर रहे और चुनावी रणनीति बनाने का काम किया। प्रदेश के नेताओं वाली ज्यादातर विधानसभाओं में भाजपा के प्रत्याशी जीते हैं।

# लेफ्ट का आखिरी दुर्ग भी ढहा, केरलम में कांग्रेस सबसे बड़ी पार्टी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

केरलम के नतीजे आ चुके हैं। इसी के साथ देश में लेफ्ट का आखिरी मजबूत किला भी ढह गया है। राज्य की सत्ता अब कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ के हाथों में है। चुनावी हार की तस्वीर साफ होते ही मुख्यमंत्री पिनराई विजयन राजभवन पहुंचे। वहां उन्होंने राज्यपाल को अपना इस्तीफा सौंप दिया। राज्यपाल ने भी उनका इस्तीफा मंजूर कर लिया है। हालांकि, राज्यपाल ने उनसे नई सरकार बनने तक कार्यवाहक मुख्यमंत्री के तौर पर जिम्मेदारी संभालते रहने को कहा है। इन नतीजों की सबसे बड़ी खबर यही है कि कांग्रेस 63 सीटें जीतकर राज्य की नंबर वन पार्टी बन गई है। उसने एलडीएफ के लगातार तीसरी बार सत्ता में आने के सपने को पूरी तरह तोड़ दिया है।

**मुख्यमंत्री विजयन ने सौंपा इस्तीफा**

सुबह से जारी मतगणना में यूडीएफ की बढ़त लगातार बनी रही। 140 सीटों वाली विधानसभा में इस गठबंधन ने 99 सीटों का आंकड़ा छू लिया है। पिनराई विजयन की सरकार ने उम्मीद लगाई थी कि वे इतिहास रचेंगे, मगर उन्हें हार का सामना करना पड़ा।जनता ने राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे की बातों पर भरोसा जताया। इसी भरोसे ने एलडीएफ को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखा दिया।

### कांग्रेस की धमाकेदार वापसी

फाइनल आंकड़े बताते हैं कि कांग्रेस ने अकेले दम पर 63 सीटों पर कब्जा जमाया है। वहीं, उनकी साथी मुस्लिम लीग को 22 सीटें मिली हैं। केरल कांग्रेस को 7 और आरएसपी को 3 सीटें मिली हैं। दूसरी तरफ, सत्ता से बेदखल हुई सीपीआई (एम) महज 26 सीटों पर सिमट गई. सीपीआई को सिर्फ 8 सीटों से संतोष करना पड़ा है।

बड़ी बात यह भी है कि बीजेपी ने


### 50 सालों में पहली बार

भारत की राजनीति में पिछले 5 दशकों में बहुत कुछ हुआ, लेकिन आज के केरल के चुनावी नतीजे जिस ओर जा रहे हैं, वो ये संकेत दे रहे हैं कि पिछले 5 दशकों में पहली बार होगा जब भारत में लेफ्ट की सरकार नहीं होगी। साल 2011 में पश्चिम बंगाल, 2018 में त्रिपुरा और साल 2026 में केरल से लेफ्ट की विदाई के साथ ही पिछले 5 दशकों में ऐसा पहली बार होगा, जब पूरे देश के किसी भी राज्य में लेफ्ट का मुख्यमंत्री नहीं होगा। साल 1977 में हुए पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों में लेफ्ट सत्ता में आई। इसके बाद से लगातार 34 सालों तक पश्चिम बंगाल में सत्ता में बनी रही।

# पांच धुरंधर, प. बंगाल में पार लगाई भाजपा की नैया, 2014 में देखा सपना, 2026 में हुआ पूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भाजपा ने पश्चिम बंगाल में सरकार बनाने का सपना 2014 में देखा था, वह पूरा हो गया। भाजपा ने राज्य की 294 सीटों पर प्रचार में जहां पीएम नरेंद्र मोदी के करिश्माई छवि का उपयोग किया तो वहीं दूसरी तरफ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कोलकाता में कैंप किया।



**अमित शाह**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने चाणक्य की भूमिका निभाई। शाह ने केंद्र में नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद अब तक का सबसे आक्रामक चुनाव प्रचार किया। टीएमसी के शासन की आलोचना की।



**दिलीप घोष**

मजबूत आरएसएस बैकग्राउंड रखने वाले दिलीप घोष को भाजपा ने चुनाव मैदान में उतारा। इसके साथ भाजपा ने 77 सीटों तक पहुंचाने वाले इस नेता के अनुभव को पूरा इस्तेमाल किया।



**सुवेंदु अधिकारी**

बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता होने के नाते सुवेंदु अधिकारी ने सीधे ममता से टक्कर ली। वह ममता के गढ़ भवानीपुर लड़ने चले गए। ऐसा करके उन्होंने ममता को भवानीपुर में ध्यान केंद्रित करने के लिए मजबूर कर दिया।



**सुकांत**

बंगाल भाजपा के अध्यक्ष के बाद केंद्रीय मंत्री बने सुकांत मजुमदार राज्य के बड़े भाजपा नेता हैं। उन्होंने दिलीप घोष, सुवेंदु अधिकारी और समिक भट्टाचार्य के बीच समन्वय बनाए रखा।



**सुनील बंसल**

उत्तर प्रदेश में कभी 2 करोड़ कार्यकर्ताओं को पार्टी से जोड़कर अमित शाह का विश्वास जीतने वाले सुनील बंसल बंगाल में ट्रंप कार्ड साबित हुए। शाह की रणनीति को बूथ स्तर तक लागू किया।

**पहले पर्दे पर छाए, अब सियासी मैदान में दिखाया जलवा**

# थलापति ने विजय से खोला राजनीतिक पारी का खाता

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

अभिनेता थलापति विजय ने सिनेमाई पर्दे पर अपने अभिनय का खूब लोहा मनवाया। उनके करोड़ों फैंस हैं। मगर, अब अभिनय से विराम लेकर वे राजनीति में उतर आए हैं। उन्होंने अपनी पार्टी 'तमिलगा वेट्रूरी कजगम' (टीवीके) बनाकर पॉलिटिक्स में डेब्यू किया। पहली बार उन्होंने अपनी पार्टी के जरिए तमिलनाडु विधानसभा चुनावों में हिस्सा लिया और इतिहास रच दिया। तमिलनाडु में उनकी पार्टी राज्य की सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी। विजय ने पहले ही चुनाव में सीएम स्टालिन की डीएमके का खेल बिगाड़ दिया है। अभिनय का सिक्का चलाने के बाद थलापति विजय फरवरी 2024 में राजनीतिक अखाड़े में उतरे। लोकसभा चुनावों से पहले उन्होंने आधिकारिक तौर पर अपनी पार्टी के नाम का ऐलान किया था। विजय ने 02 फरवरी 2024 को सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए यह जानकारी साझा की थी।



### अक्टूबर 2024 में पहली रैली

तमिल सुपरस्टार विजय की पार्टी टीवीके की पहली आधिकारिक रैली 27 अक्तूबर 2024 को तमिलनाडु के विल्लुपुरम जिले के विक्रवंडी में आयोजित हुई थी। यहां बड़ी संख्या में भीड़ उमड़ी। विजय ने लोगों को संबोधित करते हुए बांटने वाली राजनीति करने वाली पार्टियों को आड़े हाथों लिया। साथ ही उन्होंने द्रविड़ मॉडल के नाम पर धोखाधड़ी करने और एक परिवार पर राज्य को लूटने का आरोप भी लगाया।

### लंबे वक्त से राजनीतिक नींव को कर रहे थे मजबूत

थलापति विजय 2026 के तमिलनाडु विधानसभा चुनावों को लक्ष्य बनाकर ही राजनीति में उतरे। उन्होंने इसके लिए एक्टिंग को पूरी तरह छोड़ने का निर्णय लिया।



# सुशासन तिहार में दिखा मुख्यमंत्री का जमीनी जुड़ाव: ग्रामीण के गृह प्रवेश पर पहुंचे, श्रमिकों संग भोजन और किया श्रमदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कबीरधाम जिले के वनांचल ग्राम लोखान में सुशासन तिहार कार्यक्रम में सोमवार को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय अचनक जिले के दौरे पर पहुंचे। इस दौरान उनका जमीनी जुड़ाव और आमजन से आत्मीय संबंध देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने न केवल योजनाओं की जमीनी हकीकत जानी, बल्कि ग्रामीणों के बीच जाकर उनके जीवन का हिस्सा भी बने। विकासखण्ड पंडरिया के ग्राम लोखान में अपने उड़न खटोला से पहुंचे श्री साय स्थानीय निवासी मोहन मरावी के नए पक्के मकान के गृह प्रवेश कार्यक्रम में अचानक पहुंचकर सभी को



आश्चर्यचकित कर दिया। बताया जाता है कि मोहन ने स्वयं मुख्यमंत्री को आमंत्रित किया था, जिसे उन्होंने सहजता से स्वीकार किया। मुख्यमंत्री ने विधिवत पूजा-अर्चना कर गृह प्रवेश कराया और परिवार को शुभकामनाएं दीं। इस दौरान उन्होंने मुस्कुराते हुए पूछा आवास कोन भेजिस? जिस पर मोहन ने जवाब दिया श्री मोदी ने। मोहन ने बताया कि उनका घर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मिली राशि और अपनी मेहनत से तैयार हुआ है, जो अब उनके परिवार के लिए सुरक्षित आशियाना बन चुका है। श्री साय के आगमन पर क्षेत्रीय विधायक श्रीमती भावना बोहरा सहित भाजपा के कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों तथा प्रशासनिक अधिकारियों ने उनका आत्मीय स्वागत किया।

### श्रमिकों संग बैठकर खाया खाना, लिया योजनाओं का फीडबैक

सीएम श्री साय निर्माणाधीन पंचायत भवन के निरीक्षण के दौरान श्रमिकों के बीच भी पहुंचे तथा महिला श्रमिकों के आग्रह पर उन्होंने उनके साथ जमीन पर बैठकर पारंपरिक भोजन बोरे बासी और आमा चटनी का स्वाद लिया। भोजन के दौरान उन्होंने महतारी वंदन योजना और अन्य शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी सीधे श्रमिकों से ली। श्रमिकों ने पेयजल की समस्या प्रमुखता से उठाई, जिस पर मुख्यमंत्री ने तुरंत संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।



*पेयजल संकट पर त्वरित निर्देश:* ग्रामीणों की समस्या सुनते हुए मुख्यमंत्री ने कलेक्टर से जानकारी ली, जिसमें 26 गांवों के लिए प्रस्तावित पेयजल योजना की जानकारी सामने आई। इस पर उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि योजना को शीघ्र स्वीकृति देकर धरातल पर लागू किया जाए।

### निर्माण स्थल पर किया श्रमदान

मुख्यमंत्री ने निरीक्षण के दौरान औपचारिकता से आगे बढ़ते हुए रानी मिस्त्री के रूप में कार्य कर रहीं महिला श्रमिकों के साथ ईंट जोड़ाई कर श्रमदान भी किया। इस दौरान एक श्रमिक महिला ने उन्हें काम सिखाते हुए कहा ईंट जोड़ाई अच्छे से करिए, मसाला बढ़िया से डालिए, जिसे मुख्यमंत्री ने मुस्कुराते हुए स्वीकार किया। उन्होंने कहा कि सुशासन का अर्थ केवल योजनाएं बनाना नहीं, बल्कि जनता के साथ मिलकर उन्हें जमीन पर उतारना है।

---

राज्य सरकार के गृह विभाग ने बनाए नियम, केंद्रीय बल की तरह काम करेगी यह फोर्स

# छत्तीसगढ़ में भी राज्य औद्योगिक सुरक्षा बल, प्रतिनियुक्ति पर जाएंगे अफसर-कर्मी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में केंद्र की तरह राज्य के औद्योगिक सुरक्षा बल के गठन का रास्ता साफ हो गया है। खास बात ये है कि इसके लिए राज्य सरकार ने छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक सुरक्षा बल (सीजी-एसआईएसएफ) नियम, 2026' बना लिया है। यही नहीं, इस फोर्स में राज्य पुलिस और सशस्त्र बलों के अफसर कर्मी प्रतिनियुक्ति पर भेजे जाएंगे और उन्हें मूल वेतन का 12 प्रतिशत अधिक प्रतिनियुक्ति भत्ता दिया जाएगा। छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य के औद्योगिक प्रतिष्ठानों की सुरक्षा को और पुख्ता करने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। गृह (पुलिस) विभाग द्वारा यह नियम छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक सुरक्षा बल अधिनियम, 2025 के प्रावधानों के तहत बनाए गए हैं, जो तत्काल प्रभाव से लागू हो गए हैं।

### इस तरह तैयार होगी ये फोर्स

केंद्र सरकार के औद्योगिक सुरक्षा बल सीआईएसएफ की तरह राज्य में बनाए जाने वाले इस फोर्स का गठन इस तरह होगा। बल को दो मुख्य शाखाओं कार्यपालक और अनुसचिवीय में विभाजित किया गया है। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) इस बल के प्रमुख होंगे। उनके अधीन विशेष पुलिस महानिदेशक, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, महानिरीक्षक और उप महानिरीक्षक स्तर के अधिकारी बल के प्रशासन और अनुशासन की जिम्मेदारी संभालेंगे।



### आरक्षक 40, इंस्पेक्टर 52 साल तक के लिए जाएंगे

इस फोर्स में आरक्षक वर्ग के लिए अधिकतम आयु 40 वर्ष, प्रधान आरक्षक के लिए 45 वर्ष और निरीक्षक स्तर के लिए 52 वर्ष निर्धारित की गई है।यह बल न केवल सरकारी बल्कि निजी और संयुक्त क्षेत्र के उपक्रमों को भी सशुल्क सुरक्षा प्रदान करेगा। बल द्वारा औद्योगिक इकाइयों को सुरक्षा ऑडिट, आपदा प्रबंधन योजना और अग्नि सुरक्षा से संबंधित तकनीकी परामर्श सेवाएं भी दी जाएंगी। किसी भी इकाई में बल की तैनाती से पहले एक संयुक्त सर्वेक्षण बोर्ड का गठन किया जाएगा, जो सुरक्षा खतरों का विश्लेषण कर आवश्यक बल की संख्या निर्धारित करेगा।

### इस तरह होगी प्रतिनियुक्ति

बटालियन स्तर पर कमान सेनानी के पास होगी, जिनकी सहायता के लिए उप सेनानी और सहायक सेनानी नियुक्त किए जाएंगे। बल में छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल और जिला पुलिस बल के अधिकारियों व कर्मचारियों की नियुक्ति प्रतिनियुक्ति के आधार पर की जाएगी। प्रतिनियुक्ति की अवधि सामान्यतया 5 वर्ष होगी, जिसे विशेष परिस्थितियों में 1 वर्ष और बढ़ाया जा सकेगा। किसी भी स्थिति में यह अवधि 6 वर्ष से अधिक नहीं होगी। प्रतिनियुक्ति पर आने वाले सदस्यों को उनके मूल वेतन का 12 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिनियुक्ति भत्ता देय होगा।

### गिरफ्तारी और तलाशी का अधिकार

राज्य औद्योगिक सुरक्षा बलों को अधिनियम की धाराओं के तहत गिरफ्तारी और तलाशी के अधिकार होंगे, जिसमें उन्हें भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की प्रक्रिया का पालन करना होगा। इन नियमों के लागू होने से छत्तीसगढ़ के औद्योगिक विकास को सुरक्षित वातावरण मिलेगा और सुरक्षा और अधिक पेशेवर तरीके से की जा सकेगी।

---

# हरिभूमि- आईएनएच का आज बेमेतरा में जिला संवाद-2026

## प्रधान संपादक डॉ. द्विवेदी की मौजूदगी में सत्ता और विपक्ष के बीच होगा मंथन

**बेमेतरा।** जिले की राजनीति, विकास और जनसमस्याओं पर खुली चर्चा पर हरिभूमि, आईएनएच का कार्यक्रम जिला संवाद 5 मई को शहर के द किंग्स महल में अपरान्ह 4 बजे से आयोजित होगा। आयोजन में हरिभूमि- आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी प्रदेश सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जिले में हुए विकास कार्यों की समीक्षा के साथ-साथ जनता से जुड़े ज्वलंत मुद्दों पर जनप्रतिनिधियों, प्रशासन व अतिथियों से सीधा संवाद करेंगे, साथ ही मंथन भी होगा। जिले के विकास, योजनाओं की हकीकत और जमीनी समस्याओं पर खुलकर चर्चा होगी। इस मंच के माध्यम से आम जनता की आवाज सीधे नीति-निर्माताओं तक पहुंचेगी। कार्यक्रम में सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, कृषि और उद्योग जैसे अहम मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। इस अवसर पर समाज सेवा, शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले जिले के पांच व्यक्तियों एवं संस्थाओं को सम्मानित किया जाएगा।



डॉ. हिमांशु द्विवेदी



दयालदास बघेल



विजय बघेल



रविंद्र चौबे

### मंत्री, सांसद से लेकर विपक्ष के दिग्गज होंगे शामिल

जिला संवाद में प्रदेश के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री दयालदास बघेल, सांसद विजय बघेल, पूर्व मंत्री रविंद्र चौबे, विधायक दीपेश साहू, पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा, गुरुदयाल सिंह बंजारे, जिला भाजपा अध्यक्ष अजय साहू तथा भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकाहरिया सहित अनेक जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगई और पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू सहित अन्य अधिकारी मंच पर मौजूद रहेंगे। प्रशासनिक व्यवस्थाओं, योजनाओं के क्रियान्वयन तथा कानून-व्यवस्था पर जानकारी देंगे। जिले के शिक्षा, उद्योग और व्यापार क्षेत्र से जुड़े प्रमुख लोग भी इसमें शामिल होंगे। वे विकास की संभावनाओं, निवेश, रोजगार और स्थानीय चुनौतियों पर अपने विचार रखेंगे।

---

# मासूम से अनाचार, आरोपी के घर को निगम ने ढहाया



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

मासूम के साथ अनाचार करने वाले आरोपी युवक किशोर चौहान उर्फ चेटा के पुरैना स्थित अवैध मकान पर रिसाली निगम ने बुलडोजर चलाया। अतिक्रमण को तोड़ दिया गय। कार्रवाई के दौरान पुलिस और निगम की संयुक्त टीम मौके पर मौजूद थी। आरोपी किशोर चौहान बच्ची को अपने साथ जंगल की ओर ले गया था। आरोप है कि किशोर ने मासूम के साथ अनाचार और मारपीट भी की। घटना के बाद पुलिस ने आरोपी को तुरंत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

■ भिलाई तीन थाना क्षेत्र की घटना

### नोटिस भेजा, सामान निकाला फिर तोड़ा

पुलिस की जांच में पता चला कि किशोर और उसके परिजन ग्राम पुरैना में सरकारी जमीन पर अवैध रूप से मकान बनाकर निवास करते हैं। इसके बाद नगर निगम ने नियम के मुताबिक उन्हें नोटिस भेजा। इसके बाद मकान खाली करने को कहा गया। लेकिन दिए समय पर परिजनों ने मकान खाली नहीं किया। परिजनों ने नोटिस की अनदेखी करने पर के बाद सोमवार को प्रशासन ने इसे गंभीरता से लेकर कड़ा कदम उठाया। नगर निगम और पुलिस की संयुक्त टीम पुरैना पहुंची। कार्रवाई शुरू करने से पहले मकान के अंदर रखे सामान को बाहर निकाला गया।

---

## नक्सलियों का डंप विस्फोटक बरामद

**जगदलपुर।** दंतेवाड़ा जिले के बारसूर थाना क्षेत्र स्थित तोड़मा के जंगल से सुरक्षाबलों ने भारी मात्रा में डंप नक्सल सामग्री व विस्फोटक बरामद किया है। एएसपी दंतेवाड़ा आरके बर्मन ने बताया कि ग्राम तोडमा दंतेवाड़ा के घने जंगल क्षेत्र में सीआरपीएफ 195 बटालियन एवं दंतेवाड़ा पुलिस के सर्च ऑपरेशन के दौरान नक्सलियों द्वारा छिपाकर रखे गये विस्फोटक सामग्री का जखीरा मिला है। इलेक्ट्रिक डेटोनेटर एसएलआर, इसांस रायफल के राउण्ड आदि शामिल है।


HMS शिव साईटिका तेल

शिव सायटिका

सिरप, कैप्सुल व ऑयल उपलब्ध है 94060-21769

लकवा, कमर दर्द, गर्दन दर्द, सायटिका, गठियावात, हड्डीदर्द, झुनझुनी वात, घुटनों का दर्द एवं सभी प्रकार के वात रोग, मोच, सूजन एवं मुठमार दर्द, एड़ी दर्द एवं सभी प्रकार के मांसपेशियों, नाड़ियों जैसे पोलियो अर्द्धांगवात, अस्थिभगन, अस्थि शूल, टूटी हुई हड्डी व कमजोर हड्डीयों को मजबूती प्रदान करता है, रक्त में संचार बढ़ा कर अस्थियों को क्रियाशील बनाता है

HMS देखकर खरीदें

नकली माल से सावधान


---

फायरिंग रेंज में कर रहा था अभ्यास

# फायरिंग के दौरान चेंबर फटा, नगर सैनिक घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

प्रशिक्षण के दौरान राइफल का चेंबर फट जाने से नगर सेना का जवान घायल हो गया है। घायल का रायपुर के अस्पताल में उपचार जारी है। राज्य के अलग-अलग जिलों से नगर सेना के 136 जवान प्रशिक्षण के लिए पिछले एक माह से धमतरी पहुंचे हैं। सोमवार को दोपहर में मरादेव रूद्री स्थित फायरिंग रेंज में राइफल फायरिंग का अभ्यास कर रहे थे। चौबेलाल ग्रुप में तीसरे नंबर पर खड़ा था। फायरिंग होने के बाद अचानक बाजू में खड़े जवान के पाइंट 303 राइफल का चेंबर फट गया, जिसके मेटल का टुकड़ा छिटककर चौबेलाल के सिर के नीचे लग गया जिससे लहूलुहान होकर जमीन पर गिर गया। रामकृष्ण अस्पताल रायपुर में भर्ती कराया गया है।



### राइफलों की साप्ताहिक होती है जांच

प्रशिक्षण प्रभारी डीआर बांधे के अनुसार नगर सेना के जवान लीडरशिप ट्रेनिंग में छत्तीसगढ़ से आए हुए हैं। जवानों का प्रशिक्षण चल रहा है। सोमवार को प्रशिक्षण का आखिरी दिन था। फायरिंग हो जाने के बाद यह घटना हुई है। राइफल की नियमित रूप से साप्ताहिक जांच हाती है।


हरिभूमि HEALTH CARE

छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल | डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA | भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

डॉ. पर्णिता बघेल (स्त्री रोग विशेषज्ञ) डॉ. फिबी मसीह (स्त्री रोग विशेषज्ञ)
वसुधा केयर हॉस्पिटल
(महिला एवं बच्चों का अस्पताल | प्लास्टिक एवं कास्मेटिक सर्जरी)
सुविधाएं • 24x7 डिलीवरी • शिशु रोग • दूरबीन द्वारा ऑपरेशन • सोनोग्राफी • बांझपन का इलाज • खून जांच
जीवन विहार कालोनी, सृष्टि प्लाजो के पास, अवंति विहार रोड, तेलीबांधा, रायपुर, मो. 0771-3523209, 7880001064, 7880001062

दक्षिका हेल्थ केयर & डायबिटिक सेंटर
(डायबिटिक, थायरॉइड, ब्लड प्रेशर, ओबेसिटी, वैक्सीनेशन, हार्ट केयर)
ADULT VACCINATION CENTER
जहाँ Diabetes, Thyroid, Hypertension (Blood Pressure) का मिलता है Expert Care"
▪Better Experience ▪Fully Dedication ▪Accurate
डॉ. दीपक जायसवाल MBBS, MD (General Medicine) PGDIC, CCEBDM (Diabetes), FICP Senior Consultant Physician & Diabetologist
डॉ. नेहा रानी गुप्ता BDS, MDSDental Specialist (दंत सुविधा उपलब्ध)
पता : शॉप नं. 14 एवं 15, ग्राउंड फ्लोर, EDGE COMPLEX मोवा रायपुर : 9202222391, 8871865551, 7723068129

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं स्पेशलिस्ट : पी.एफ.टी., ब्रांकोस्कोपी, स्लीप स्टडी खांसी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
समय दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड़, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029

AB आई हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड एवं इंश्योरेंस सुविधा उपलब्ध
लेज़र मोतियाबिंद ऑपरेशन किफायती दरों में
पता : - 119/A सेक्टर - 3, गीतांजली नगर, रायपुर | मो.: 8815096478

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

Skin Care डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं • लेजर हेयर रिमूवल • हाइड्रोफेशियल • कार्बन फेशियल • केमिकल पीलिंग • रेडियोफ्रिक्वेंसी • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टिकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टेली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
› प्रसूति › नवजात › शिशु रोग › बांझपन › सोनोग्राफी › आयुष्मान कार्ड › बच्चों एवं बड़ों के आपरेशन › अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130





## सिस्टम के खिलाफ आवाज उठाने के क्लू दिखने लगे थे विजय

# सालों से सीएम बनने का सपना देख रहे थे थलापति विजय?

**चेन्नई।** साउथ सुपरस्टार थलापति विजय ने आखिरकार एक्टिंग से ब्रेक लेकर राजनीति की राह चुन ली है। उनकी पार्टी टीवीके के साथ वे अब नई पारी की शुरुआत कर चुके हैं। इसी बीच उनकी आखिरी फिल्म जन नायकन रिलीज के लिए तैयार है, लेकिन क्या आपने कभी सोचा है, कि विजय की फिल्मों में सालों पहले से ही राजनीति और सिस्टम के खिलाफ आवाज उठाने के क्लू दिखने लगे थे? विजय सालों पहले सीएम बनने के सपने देखने लगे थे। आइए उनकी उन फिल्मों पर नजर डालते हैं, जिन्होंने उन्हें सिर्फ स्टार नहीं, बल्कि जनता का हीरो बनाया।

***बताई एक वोट की कीमत :*** सबसे पहले बात सरकार की, 2018 में आई इस फिल्म में विजय ने वोटिंग सिस्टम की खामियों और चुनावी धांधली जैसे मुद्दों को उठाया। एक एनआरआई बिजनेसमैन का किरदार निभाते हुए उन्होंने ये दिखाया कि एक वोट की ताकत क्या होती है।

***मार्शल ने दिया था सोशल मैसेज :*** इसके बाद आती है मार्शन, जिसमें विजय डबल रोल में नजर आए। फिल्म ने हेल्थकेयर सिस्टम की कमियों और महंगे इलाज के मुद्दे पर सीधा सवाल उठाया। ये सिर्फ एंटरटेनमेंट नहीं, बल्कि एक मजबूत



सोशल मैसेज भी थी।

***आतंकवाद के खिलाफ उठाए सख्त कदम :*** थुप्पाक्की में विजय ने एक आर्मी ऑफिसर का रोल निभाया, जो देशभक्ति और सुरक्षा जैसे मुद्दों को लेकर बेहद सजग है। फिल्म ने आतंकवाद के खिलाफ सख्त संदेश दिया।

***सिस्टम की खामियों पर उठाए सवाल :*** 2021 में आई मास्टर में विजय एक प्रोफेसर बने, जो भटके हुए युवाओं को सही राह दिखाता है। इसमें सिस्टम की खामियों और जिम्मेदारी की अहमियत को दिखाया गया।

***सोशल मुद्दों पर विजय ने उठाए सवाल :*** वहीं कत्थी को विजय की सबसे प्रभावशाली फिल्मों में गिना जाता है। किसानों की समस्या, पानी का संकट और कॉर्पोरेट कब्जे जैसे मुद्दों पर बनी ये फिल्म आज भी दर्शको को खूब पसंद है।

***विजय ने बताया कैसे महिलाएं कर सकती हैं कमाल :*** बिगिल में विजय ने महिला सशक्तिकरण का मुद्दा उठाया। ये फिल्म बताती है, कि कैसे सपोर्ट और बराबरी का मौका मिलने पर महिलाएं भी कमाल कर सकती हैं।

सिर्फ एक एक्टर नहीं रहे, बल्कि समाज और सिस्टम को लेकर उनकी सोच हमेशा से साफ रही है। अब जब वे राजनीति में उतर चुके हैं, तो फैंस को उम्मीद है, कि पर्दे पर दिखाया गया उनका 'जननायक' वाला अंदाज असल जिंदगी में भी नजर आएगा।

# 'चांद मेरा दिल'... गाने का टीजर रिलीज

**मुंबई।** फिल्म चांद मेरा दिल के बहुप्रतीक्षित तीसरे ट्रैक 'खासियत' का टीज़र रिलीज कर दिया गया है। इससे पहले 'चांद मेरा दिल' टाइटल ट्रैक और 'ऐतबार' को दर्शकों का अच्छा रिस्पॉन्स मिला था। गाने 'खासियत' को सचिन जिगर ने संगीत दिया है, जबकि इसके बोल अमिताभ भट्टाचार्य ने लिखे हैं। इस रोमांटिक ट्रैक को राघव चैतन्य और जोनिता गांधी ने अपनी आवाज दी है। मेकर्स के अनुसार पूरा गाना जल्द ही रिलीज किया जाएगा। फिल्म में अनन्या



पांडे और लक्ष्य की जोड़ी पहली बार साथ नजर आएगी। टीजर में दोनों की केमिस्ट्री काफी इमोशनल और इंटेंस दिखाई दे रही है, जो फिल्म की लव स्टोरी को खास बनाती है। चांद मेरा दिल 22 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिलहाल 'खासियत' के टीजर ने फिल्म के लिए शानदार माहौल तैयार कर दिया है। सोशल मीडिया पर फैंस इसे इस साल का संभावित चार्टबस्टर बता रहे हैं और गाने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

# अमिताभ के साथ हुआ तगड़ा 'खेला'!

**मुंबई।** अमिताभ बच्चन का 'संडे दर्शन' एक बार फिर चर्चा में है, लेकिन इस बार वजह खुद महानायक नहीं, बल्कि उनके पड़ोसी बन गए हैं।



हर हफ्ते की तरह अमिताभ बच्चन अपने घर के बाहर फैंस का अभिवादन कर रहे थे, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग जमा थे। इसी दौरान कैमरा अचानक उनके घर के पीछे की छत पर खड़े एक पड़ोसी की ओर चला गया। वह शख्स चुपचाप पूरे पल को देख रहा था, लेकिन जैसे ही कैमरा उनकी तरफ गया, उनका रिएक्शन देखने लायक था। हल्की झिझक, चेहरे पर मुस्कान और हाथ जोड़कर उन्होंने इशारा किया कि उन्हें रिकॉर्ड न किया जाए। उनका यह सादगी भरा और सहज अंदाज सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया।

# बनना चाहती थीं क्रिमिनल साइकोलॉजिस्ट


फिल्म इंडस्ट्री में हर किसी के लिए अपनी पहचान बना पाना उतना आसान नहीं है, फिर चाहे वो हीरो हो या हीरोइन। आज हम आपको ऐसी ही एक्ट्रेस के बारे में बताने वाले हैं, जिन्होंने अपनी कड़ी मेहनत और लगन से इंडस्ट्री में अपनी मजबूत पहचान बनाई है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

आज ये हीरोइन भारत की हाईएस्ट पेड एक्ट्रेस हैं। हम जिस एक्ट्रेस की बात कर रहे हैं, वो कोई और नहीं बल्कि साउथ एक्ट्रेस तृषा कृष्णन हैं, जो इस समय सुपरस्टार विजय थलापति के साथ अफेयर की खबरों को लेकर पिछले कुछ समय से सुर्खियों में छाई हुई हैं। तृषा ने चेन्नई में ही बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन की पढ़ाई की। तृषा ने बताया था कि वो क्रिमिनल साइकोलॉजिस्ट बनना चाहती हैं। कॉलेज के दिनों ही उन्होंने मॉडलिंग में कदम रख दिया। इसके बाद तृषा ने साल 1999 में मिस मद्रास का खिताब जीता। इसके



बाद से तृषा को फिल्मों के ऑफर आने लगे। तृषा ने अपने एक्टिंग की शुरुआत साल 1999 में आई तमिल फिल्म 'जोड़ी' में सपोर्टिंग रोल से की थी। साल 2000 में आए फाल्गुनी पाठक के हिट सॉन्ग 'चुनरी उड़ उड़ जाए' में तृषा को आशिया टाकिया के साथ कास्ट किया गया, जिसमें उनके काम की तारीफ हर किसी ने की। 2002 में आई फिल्म 'मौनम पेसियाधे' में तृषा बतौर लीड एक्ट्रेस कास्ट हुईं, जिसके बाद उन्होंने कभी पीछे नहीं देखा। तृषा कृष्णन ने तमिल और तेलुगु सिनेमा में कई सुपरहिट फिल्में देने के साथ ही बॉलीवुड में भी एक हिट फिल्म दी है।



# श्रुति करेंगी फिल्म पेड्डी में स्पेशल डांस नंबर

**मुंबई।** पेड्डी को लेकर और बड़ा अपडेट सामने आया है। सिनेमा की बज गर्ल श्रुति हासन फिल्म में एक हाई-एनर्जी स्पेशल डांस नंबर में नजर आने वाली हैं, जिसकी शूटिंग इस वक्त चल रही है। इससे पहले उन्हें एक और बड़े प्रोजेक्ट वाराणसी के लिए भी अप्रोच किया गया था। इससे साफ है कि भारतीय सिनेमा की सबसे बड़ी आने वाली फिल्मों में उनकी डिमांड और मौजूदगी लगातार बढ़ रही है। पेड्डी का म्यूजिक एल्बम तेजी से बड़ा चर्चा का विषय बनता जा रहा है, जहां हर नया गाना फिल्म की बढ़ती लोकप्रियता में और इजाफा कर रहा है। पहला सिंगल चिकिरी चिकिरी अपनी कैची एनर्जी और एआर रहमान



के शानदार म्यूजिक के चलते अलग नजर आया और जल्दी ही फैंस का फेवरेट बन गया। यह गाना सभी प्लेटफॉर्म्स पर 200 मिलियन से ज्यादा व्यूज पार कर चुका है, जो इसके लिए ब्लॉकबस्टर शुरुआत मानी जा रही है। इस सफलता के बाद दूसरा गाना राई राई रा रा रिलीज हुआ, जिसने बिल्कुल अलग अंदाज पेश किया। इसके इलेक्ट्रिफाइंग बीट्स और शानदार कोरियोग्राफी को लोगों ने खूब पसंद किया। यह गाना सोशल मीडिया पर जमकर शेयर और सेलिब्रेट किया गया, साथ ही यूट्यूब पर 65 मिलियन से ज्यादा व्यूज पार कर चुका है, जिससे पेड्डी को लेकर एक्साइटमेंट और बढ़ गई है।

# शुरू की कान्स फिल्म फेस्टिवल की तैयारी...

**मुंबई।** इस साल का 79वां कान्स फिल्म फेस्टिवल 12 से 23 मई तक फ्रांस में आयोजित किया जाएगा। इस इवेंट के लिए जैकलीन फर्नांडिस ने अभी से अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं, जिसमें रेड कार्पेट लुक्स, फैशन फिटिंग्स और आउटफिट सेलेक्शन शामिल हैं। सूत्रों के मुताबिक, जैकलीन इस बार अपने रेड कार्पेट अपीयरेंस को लेकर बेहद सतर्क हैं। वह अलग-अलग डिजाइनर्स के साथ मिलकर अपने लुक्स फाइनल कर रही हैं ताकि इंटरनेशनल स्टेज पर उनकी मौजूदगी और भी प्रभावशाली बन सके। पिछले कुछ वर्षों में जैकलीन का कान्स फिल्म फेस्टिवल 2026 से मजबूत जुड़ाव रहा है। 2025 में उन्हें 'वीमेन इन सिनेमा' पहल के तहत सम्मानित भी किया गया था, जिससे उनकी ग्लोबल पहचान और मजबूत हुई।



# दुल्हन बनने वाली हैं हुमा



**मुंबई।** एक्ट्रेस हुमा कुरैशी इन दिनों अपनी शादी की खबरों को लेकर खूब सुर्खियों में बनी हुई हैं। फिल्मी गलियारों में ये चर्चा तेज़ी से हो रही है कि 40 साल की हुमा अब जल्द ही दुल्हन बनने वाली हैं और अपनी नई जिंदगी की शुरुआत करने वाली हैं। हुमा कुरैशी की शादी की खबर सामने आते ही जहां फैंस खुशी से झूम उठे हैं, वहीं लोगों के मन में कई सवाल भी उठने लगे हैं। आखिर शादी कैसे होगी? क्या हुमा कुरैशी निकाह कर नई जिंदगी की शुरुआत करेंगी, या फिर अपने मंगेतर रचित सिंह के साथ सात फेरे लेकर सात जन्मों का रिश्ता जोड़ेंगी? बता दें कि हुमा कुरैशी के मंगेतर रचित सिंह बॉलीवुड सेलिब्रिटीज़ के फिटनेस ट्रेनर हैं। गौर करने वाली बात है कि साल 2025 के सितंबर महीने में हुमा कुरैशी और रचित सिंह ने सीक्रेट एंगेजमेंट कर ताउम्र का रिश्ता जोड़ लिया था। माना जा रहा है कि हुमा कुरैशी बॉलीवुड पार्टी की बजाय एक प्राइवेट फंक्शन में अपने परिवार और करीबी दोस्तों की मौजूदगी में शादी करेंगी।





**31 मार्च 2026 को समाप्त तिमाही एवं वर्ष के लिए स्टैंडअलोन एवं कंसोलिडेटेड अंकेक्षित वित्तीय परिणामों का सार** (₹ करोड़ में)

| क्र. सं. | विवरण | 3 माह समाप्त | | समाप्त वर्ष | | 3 माह समाप्त | | समाप्त वर्ष | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 31.03.2026 | 31.03.2025 | 31.03.2026 # | 31.03.2025 | 31.03.2026 | 31.03.2025 | 31.03.2026 # | 31.03.2025 |
| | | स्टैंडअलोन - अंकेक्षित | | | | कंसोलिडेटेड - अंकेक्षित | | | |
| 1. | प्रचालनों से कुल आय | 12310.37 | 8993.37 | 33782.18 | 28339.48 | 12310.37 | 8993.37 | 33782.18 | 28339.48 |
| 2. | अवधि के लिए निवल लाभ / (हानि) (कर, अपवादात्मक मदों से पूर्व) | 1719.80 | 704.02 | 2116.30 | 724.67 | 1710.81 | 694.50 | 2077.56 | 686.59 |
| 3. | कर पूर्व अवधि के लिए निवल लाभ/(हानि)(अपवादात्मक मदों एवं समेकित परिणामों में सयुक्त उद्यमों के निवल लाभ/(हानि) के शेयर के बाद) | 1719.80 | 704.02 | 2116.30 | 724.67 | 1727.59 | 704.42 | 2138.61 | 745.60 |
| 4. | कर पश्चात अवधि के लिए निवल लाभ / (हानि) | 1282.68 | 504.05 | 1577.95 | 512.97 | 1290.47 | 504.45 | 1600.26 | 533.90 |
| 5. | अवधि के लिए कुल व्यापक आय (अवधि के लिए लाभ/(हानि) (कर पश्चात) और अन्य व्यापक आय (कर पश्चात) शामिल) | 1383.32 | 412.05 | 1577.58 | 349.47 | 1391.08 | 412.41 | 1599.65 | 370.56 |
| 6. | प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य रु. 2 प्रति शेयर) | 696.41 | 696.41 | 696.41 | 696.41 | 696.41 | 696.41 | 696.41 | 696.41 |
| 7. | अन्य इक्विटी | 25820.08 | 24416.60 | 25820.08 | 24416.60 | 25450.19 | 24025.75 | 25450.19 | 24025.75 |
| 8. | निवल मूल्य | 26516.49 | 25113.01 | 26516.49 | 25113.01 | 26146.60 | 24722.16 | 26146.60 | 24722.16 |
| 9. | प्रति शेयर मूल तथा डाइल्यूटेड अर्जन | 3.68 | 1.45 | 4.53 | 1.47 | 3.71 | 1.45 | 4.60 | 1.53 |
| 10. | पूंजी विमोचन रिजर्व | 37.87 | 37.87 | 37.87 | 37.87 | 37.87 | 37.87 | 37.87 | 37.87 |

# कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(6) के तहत भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक द्वारा लेखापरीक्षा के अधीन।

नोट:
1. वर्तमान अवधि के वर्गीकरण के अनुरूप, जहाँ भी आवश्यक समझा गया, आंकड़ों को पुनः समूहीकृत / पुनर्व्यवस्थित किया गया है।
2. उपरोक्त परिणाम लागू सेबी (लिस्टिंग दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 (समय-समय पर संशोधित) के अनुसार तैयार किए गए हैं। यहाँ उल्लेखनीय है कि वर्तमान में भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड के निदेशक मंडल में केवल एक स्वतंत्र निदेशक होने के कारण कोरम के अभाव में बोर्ड स्तरीय लेखा परीक्षा समिति की बैठक आयोजित नहीं की जा सकती। अतः, परिणामों को सीधे 04.05.2026 को आयोजित बोर्ड बैठक में प्रस्तुत किया गया तथा इस बैठक में निदेशक मंडल द्वारा उनकी समीक्षा कर अनुमोदन प्रदान किया गया।
3. अंतिम तिमाही के आंकड़े, पूर्ण वित्तीय वर्ष के अंकेक्षित (ऑडिटेड) आंकड़ों और वित्तीय वर्ष की तीसरी तिमाही तक प्रकाशित वर्ष-से-तिथि (Year-to-Date) आंकड़ों के बीच संतुलनकारी आंकड़े हैं।
4. निदेशक मंडल ने 2 रुपये प्रति शेयर के अंकित मूल्य (Face Value) पर 1.40 रुपये प्रति शेयर के अंतिम लाभांश की सिफारिश की है।
5. ट्रेड रिसीवेबलस में ग्राहक STPG से ₹196 करोड़ (चालू वर्ष में USD 2.5 मिलियन प्राप्त होने के पश्चात शेष USD 23 मिलियन) की अतिदेय राशि शामिल है पिछले वर्ष ₹211 करोड़ (USD 25.5 मिलियन)। यह राशि सूडान में जारी संकट के कारण रुकी हुई है। बोर्ड द्वारा अनुमोदित होने के कारण इसे अच्छा माना गया है और इसके लिए कोई प्रावधान नहीं किया गया है। यदि इस राशि के लिए प्रावधान किया जाता, तो 'कर पूर्व लाभ' (Profit before tax) पर प्रभाव ₹179 करोड़ (ECL प्रावधान के बाद शुद्ध) होता।
6. भारत सरकार ने 21 नवम्बर 2025 को चार श्रम संहिताओं (जिन्हें सामूहिक रूप से नए श्रम संहिता कहा जाता है) को अधिसूचित किया है। हालांकि, इन संहिताओं के अंतर्गत विस्तृत नियम अभी पूर्ण रूप से अधिसूचित नहीं किए गए हैं और न ही प्रभाव में लाएँ गए हैं। किसी भी वित्तीय प्रभाव को उस अवधि में मान्यता दी जाएगी, जिसमें संबंधित नियम अधिसूचित होकर प्रभावी हो जाएंगे, तथा यह मान्यता लागू लेखा मानकों के अनुसार की जाएगी। कंपनी ने भारतीय चार्टर्ड एकाउंटेंट्स संस्थान द्वारा जारी मार्गदर्शन के आधार पर निश्चित अवधि (Fixed-term) कर्मचारियों के संबंध में ग्रेच्युटी के लिए प्रावधान मान्यता दी है, जिसमें Ind AS 19 के अनुरूप एक्चुरियल मूल्यांकन सिद्धांतों का उपयोग किया गया है।
7. सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) नियम, 2015 के विनियम 52(4) के अनुसार अतिरिक्त प्रकटीकरण अनुबंध 'ए' में सलग्न हैं।
8. कंपनी के निम्नलिखित संयुक्त उद्यम हैं: बीएचईएल-जीई गैस टर्बाइन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड (बीजीजीटीएस), रायचूर पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आरपीसीएल), एनटीपीसी-बीएचईएल पावर प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड (एनबीपीपीएल) और भारत कोल गैसीफिकेशन एंड केमिकल्स लिमिटेड (बीसीजीसीएल)। वर्ष के दौरान कंपनी की कोई सहायक कंपनी (सब्सिडीयरी) और सहयोगी (एसोसिएट्स) नहीं है।
9. उपरोक्त 31 मार्च, 2026 को समाप्त तिमाही और वर्ष के लिए संशोधित सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के तहत स्टॉक एक्सचेंजों में दायर विस्तृत वित्तीय परिणामों का सार है। उपरोक्त रिपोर्टिंग अवधि के लिए, प्रतिभूति प्रीमियम खाते, ऋण पूंजी, वरीयता शेयर, डिबेंचर मोचन आरक्षित, ऋण इक्विटी अनुपात, ऋण सेवा कवरेज अनुपात और ब्याज सेवा कवरेज अनुपात के संबंध में जानकारी शून्य/एनए है। लिस्टिंग विनियमों के विनियम 52(4) में निर्दिष्ट प्रकटीकरण सहित वित्तीय परिणामों का पूरा प्रारूप स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइटों: www.nseindia.com और www.bseindia.com पर और कंपनी की वेबसाइट www.bhel.com ''वित्तीय सूचना'' अनुभाग के अंतर्गत उपलब्ध है। इसे नीचे दिए गए क्यूआर कोड को स्कैन करके भी देखा जा सकता है।

कृते भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड
हस्ता/-
(के. सदाशिव मूर्ति)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 04.05.2026




भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालय: बीएचईएल हाउस, सीरी फोर्ट, नई दिल्ली-110049
सीआईएन: L74899DL1964GOI004281 | फोन: नं. 91-11-66337598
ई-मेल: shareholderquery@bhel.in | www.bhel.com

हमें फॉलो करें
/BHELOfficial /BHEL_India /BHEL_India /bhel.india /company/bhel

## चिंतन

# नकारात्मक राजनीति को जनता ने नकारा

पांच राज्यों पश्चिम बंगाल, असम, तमिलनाडु, केरलम और पुडुचेरी में हुए विधानसभा चुनावों के परिणामों से साफ है कि इस बार जनता ने नकारात्मक राजनीति को पूरी तरह से नकार दिया है। इन चुनावों में रिकॉर्ड मतदान ने साफ कर दिया है कि मतदाता अब केवल नारों, आरोप-प्रत्यारोप और नकारात्मक राजनीति से प्रभावित होने वाला नहीं है, बल्कि वह ठोस काम, स्थिरता व विश्वसनीय नेतृत्व को प्राथमिकता देता है। एसआईआर के बीच हुए इन चुनावों ने स्पष्ट कर दिया है कि जनता अब जागरूक है और मतदान में बढ़ चढ़कर भाग लेती है। सबसे पहले अगर पश्चिम बंगाल की बात करें, तो यहां सत्तारूढ़ दल टीएमसी व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी लगातार हमलावर रहीं। उन्होंने हर उस काम में अड़ंगा डाला जो जनता के हक में था। चाहे वह चुनाव आयोग हो, एसआईआर का काम हो या अर्धसैनिक बल। ममता ने इन सभी को निशाना बनाया और नकारात्मक राजनीति की। इसका परिणाम यह रहा कि उनकी पार्टी अपने ही गढ़ में मात खा गई। असम और पुडुचेरी में भी भाजपा और उसके सहयोगी दलों की जीत ने सकारात्मक राजनीति की जीत और नकारात्मक राजनीति (या विपक्षी नैरेटिव) की हार का संकेत दिया है। इन दोनों राज्यों में, भाजपा ने 'सुशासन' और 'विकास' का मुद्दा उठाया, जबकि विपक्ष पर नकारात्मक एजेंडा चलाने का आरोप लगा। परिणामों से स्पष्ट है कि जनता ने विकास की राजनीति को चुना। तमिलनाडु में भी द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) के नेतृत्व वाली सत्ताधारी गठबंधन के लिए एक बड़ा उलटफेर देखने को मिल रहा है, जिसे राजनीतिक विश्लेषक नकारात्मक राजनीति या मतदाताओं द्वारा सत्ता विरोधी रुख के रूप में देख रहे हैं। यहां लोगों ने एम स्टालिन को नकार दिया और दक्षिण भारतीय फिल्म सुपरस्टार विजय की नई पार्टी, तमिलगा वेट्री कड़गम (टीवीके ) ने चुनाव में सबको चौंकाते हुए जीत दर्ज की है। टीवीके जो पारंपरिक पार्टियों (डीएमके और एआईएडीएमके) के लिए एक नई चुनौती बनकर उभरी है। टीवीके ने गठन के मात्र दो साल में की सत्ता हासिल कर सबको चौकाया है। जनता ने सत्ता में एकाधिकार को तोड़कर एक नए विकल्प को चुना है, जिससे यह संदेश जाता है कि पारंपरिक राजनीति के खिलाफ लोग एकजुट हो रहे हैं। इसके अलावा, केरलम में भी 10 साल के शासन के बाद, जनता ने बदलाव के लिए वोट दिया, जिससे पिनाराई विजयन की एलडीएफ सरकार को करारी हार का सामना करना पड़ा। कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ ने मतदाताओं के असंतोष, नौकरी और महंगाई जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाया, जिसे जनता ने सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। अब चुनाव जीतने वाले दलों की भी जिम्मेदारी बनती है कि वे जनता से किए गए वादों पर खरा उतरें और जनहित में बिना किसी भेदभाव के काम करें। इस बार देखा जा तो तमिलनाडु में टीवीके को छोड़ दें तो किसी भी राज्य में क्षेत्रीय दल को सफलता नहीं मिली है। चार राज्यों में राष्ट्रीय दलों पर ही जनता ने भरोसा जताया है। केरल में एलडीएफ की हार के साथ ही भारत में वामपंथी शासन का अंतिम और मजबूत किला भी गिर गया है। अब किसी भी राज्य में वामपंथी सरकार नहीं है। अब भाजपा और उसके सहयोगी दल (एनडीए) देश के 23 राज्यों में सत्ता में है। अंततः, चुनाव परिणामों ने यह स्थापित किया है कि भारतीय लोकतंत्र में अब 'परफॉर्मेंस पॉलिटिक्स' का दौर मजबूत हो रहा है। जनता अब सवाल पूछ रही है, काम का हिसाब मांग रही है और उसी आधार पर अपना फैसला सुना रही है। यह प्रवृत्ति लोकतंत्र के लिए सकारात्मक संकेत है और राजनीतिक दलों के लिए एक स्पष्ट संदेश नकारात्मकता नहीं, काम ही असली चुनावी हथियार है।

## जनादेश
राजेंद्र बज



# अब जिम्मेदारियों को भी समझने की जरूरत

सभी पांच चुनावी राज्यों के विधानसभा चुनाव के परिणाम आ गए। अब जनादेश के अनुरूप अलग-अलग राजनीतिक दलों को अलग-अलग भूमिका का निर्वहन करना है। चुनावी दौर में तमाम तरह के आरोप-प्रत्यारोप का दौर चलता रहा, लेकिन अब व्यक्तिगत कटुता भाव को सर्वथा तिलांजलि देकर अपनी-अपनी नीति और सिद्धांतों के आधार पर विभिन्न राजनीतिक दलों को व्यापक जनहित की दिशा में अपनी ऊर्जा और चेतना का उपयोग करना होगा। वैचारिक मतभेद चाहे लाख रहें, लेकिन अब लोकतंत्र की राजनीति में व्यक्तिगत कटुता का कोई स्थान नहीं होना चाहिए। अन्यथा लोकतंत्र में लोकतंत्र की मूल भावना तार-तार हो सकती है।इस बार देखा गया है कि प्रमुख प्रतिद्वंद्वी दलों के शीर्ष नेतागण चुनाव प्रचार के दौरान आक्रामक शैली में नजर आए। सार्वजनिक सभाओं में शीर्ष राजनेताओं ने जिस प्रकार की शब्दावली का उपयोग करते हुए अपने दल के पक्ष में प्रचार किया, वह शब्दावली उनके पद की मर्यादा और गरिमा के अनुरूप नहीं थी। कदाचित देश में किसी विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान इस प्रकार की भाषा का इतना व्यापक प्रयोग पहले कम ही देखने को मिला होगा। हालांकि इस स्थिति के लिए किसी दल विशेष या नेता विशेष को ही जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। दरअसल, कहीं किसी कोने से एक शुरुआत होती है, तद्नुसार ईंट का जवाब पत्थर से देने की होड़ मच जाती है।आमतौर पर होता यह है कि जो जिस भाषा और लहजे में बात करता है, प्रत्युत्तर में उसे उसी भाषा और लहजे में जवाब देना आवश्यक समझ लिया जाता है। लेकिन फिर भी जिम्मेदार पदों पर आसीन शख्सियत से यह अपेक्षा तो की ही जाती है कि वह अपने पद और कद की मर्यादा का परिपालन करें। इसके अभाव में दिनोंदिन विकृत होती जा रही राजनीति में और भी अधिक गिरावट आने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

विधानसभा चुनाव तो पांच राज्यों में हुए, लेकिन सोशल मीडिया के बढ़ते चलन के चलते देश और दुनिया ने देखा कि किस प्रकार की भाषा और शैली में प्रचार किया गया। कहा तो यह जाता है कि राजनीति में मतभेद स्वाभाविक है, लेकिन मनभेद नहीं होना चाहिए। लेकिन व्यक्तिगत तौर पर आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला इस कदर बढ़ा कि यह स्वस्थ लोकतांत्रिक संवाद की सीमाओं को लांघता हुआ प्रतीत हुआ। दरअसल होना यह चाहिए कि वास्तविक लड़ाई नीति और सिद्धांतों को लेकर हो, जिसमें व्यक्तिगत विरोध या कटुता का कोई स्थान न हो। यही संदेश नागरिकों के बीच जाना चाहिए। वास्तव में यह समझने लायक बात है कि प्रमुख प्रतिद्वंद्वी दल कम से कम एक समान उद्देश्य के लिए तो प्रतिबद्ध हैं और वह है अधिकतम जनकल्याण। यही लोकतंत्र का मूल सिद्धांत है, जिसे हर राजनेता को अपने आचरण और व्यवहार में उतारना चाहिए।इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु सत्ता केवल एक माध्यम है, जिसके जरिए आम नागरिकों का जीवन सरल और सहज बनाया जा सकता है। हर नीति, हर निर्णय और हर योजना का अंतिम लक्ष्य नागरिकों के लिए बेहतर वातावरण तैयार करना होना चाहिए। जिसे शाब्दिक रूप में "सबका साथ, सबका विकास" जैसे विचार से समझा जा सकता है।यहां यह गौर करने योग्य है कि तमाम प्रतिद्वंदी दलों और उनके नेताओं का घोषित लक्ष्य मूलतः समान ही है। अंतर केवल उसे हासिल करने के तरीकों में है। ऐसे में चुनावी प्रतिस्पर्धा को व्यक्तिगत शत्रुता में बदलना लोकतंत्र की आत्मा को आहत करता है। इस प्रवृत्ति पर अब विराम लगना ही चाहिए।इसके साथ ही, राजनीतिक दलों को यह भी समझना होगा कि आज का मतदाता पहले से कहीं अधिक जागरूक और सजग है। वह केवल भाषणों या भावनात्मक अपीलों से प्रभावित नहीं होता, बल्कि काम, पारदर्शिता और जवाबदेही को प्राथमिकता देता है। इसलिए चुनाव के बाद की राजनीति में संयम, संवाद और सहयोग की संस्कृति विकसित करना समय की मांग है। कुल मिलाकर, अब जबकि पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव संपन्न हो चुके हैं और जनता ने राजनीतिक जिम्मेदारियों का स्पष्ट बंटवारा कर दिया है, ऐसे में सभी दलों और उनके नेताओं को व्यक्तिगत कटुता भुलाकर अपने वादों और इरादों को पूरा करने का संकल्प लेना चाहिए। सच कहा जाए तो जब राजनीति में शालीनता, संवाद और जनसेवा का भाव मजबूत होगा, तभी हमारे लोकतंत्र की वास्तविक खूबसूरती निखरकर सामने आएगी और विश्व पटल पर भारत एक आदर्श लोकतंत्र के रूप में और अधिक प्रतिष्ठित होगा।

( लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



चुनाव परिणाम
डॉ. घनश्याम बादल

# सत्ता, संदेश और बदलती राजनीति का सच

पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव परिणाम केवल सरकारों के गठन या पतन की कहानी नहीं हैं, बल्कि ये भारतीय लोकतंत्र की बदलती मानसिकता, मतदाता की परिपक्वता और राजनीति के नए समीकरणों का जीवंत दस्तावेज हैं। इन चुनावों ने एक बार फिर यह स्पष्ट कर दिया है कि अब सत्ता केवल परंपरा, भावनाओं या जातीय समीकरणों के भरोसे नहीं चल सकती; जनता परिणाम चाहती है, विकल्प खोजती है और समय आने पर सत्ता को बेदखल करने में हिचकती नहीं। पश्चिम बंगाल के परिणाम केवल एक राजनीतिक बदलाव नहीं, बल्कि एक लंबे समय से पनप रहे असंतोष का विस्फोट है। वर्षों से स्थापित सत्ता के खिलाफ जनता के भीतर जो नाराजगी थी, वह इस बार निर्णायक रूप से बाहर आई है।

पांच महत्वपूर्ण राज्यों- पश्चिम बंगाल, असम, तमिलनाडु, केरल और पुडुचेरी के ताज़ा विधानसभा चुनाव परिणाम केवल सरकारों के गठन या पतन की कहानी नहीं हैं, बल्कि ये भारतीय लोकतंत्र की बदलती मानसिकता, मतदाता की परिपक्वता और राजनीति के नए समीकरणों का जीवंत दस्तावेज हैं। इन चुनावों ने एक बार फिर यह स्पष्ट कर दिया है कि अब सत्ता केवल परंपरा, भावनाओं या जातीय समीकरणों के भरोसे नहीं चल सकती; जनता परिणाम चाहती है, विकल्प खोजती है और समय आने पर सत्ता को बेदखल करने में हिचकती नहीं। पश्चिम बंगाल के परिणाम केवल एक राजनीतिक बदलाव नहीं बल्कि एक लंबे समय से पनप रहे असंतोष का विस्फोट है। वर्षों से स्थापित सत्ता के खिलाफ जनता के भीतर जो नाराजगी थी, वह इस बार निर्णायक रूप से बाहर आई। प्रशासनिक पक्षपात, कथित भ्रष्टाचार, स्थानीय स्तर पर सत्ता के केंद्रीकरण और राजनीतिक हिंसा जैसे मुद्दों ने मतदाता को विकल्प तलाशने पर मजबूर किया। दूसरी ओर, विपक्ष ने केवल विरोध नहीं किया बल्कि बूथ स्तर तक संगठन खड़ा किया, मतदाता से सीधा संवाद स्थापित किया और एक वैकल्पिक राजनीतिक कथा गढ़ी। यह जीत केवल एक दल की नहीं, बल्कि उस रणनीति की है जिसमें संगठन, विचार और मौके की सही पहचान का संगम हुआ। हालांकि अब इन चुनाव परिणाम की सच्चाई से बचने के लिए विपक्ष एस आइ आर, केंद्र द्वारा प्रशासनिक मशीनरी एवं सीबीआई तथा ईडी जैसे संस्थानों के दुरुपयोग का भी आरोप लगाएगा। लेकिन बेहतर हो कि अभी तक सट्टा रोड दल उन मुद्दों पर गौर करें जिनकी वजह से बंगाल की जनता में असंतोष पनप और गलत संदेश गया।

असम में तस्वीर थोड़ी अलग है यहां सत्ता विरोध की लहर को वहां के सत्तारूढ़ नेतृत्व ने कुंद कर दिया। आमतौर पर भारतीय राजनीति में यह देखा जाता है कि लंबे समय तक सत्ता में रहने वाली सरकारें एंटी-इनकंबेंसी की शिकार हो जाती हैं, लेकिन असम में ऐसा नहीं हुआ। इसका कारण है नेतृत्व की स्पष्टता, योजनाओं का जमीनी क्रियान्वयन और पहचान की राजनीति का संतुलित उपयोग। सरकार ने कल्याणकारी योजनाओं को केवल कागज़ों तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उन्हें मतदाता के जीवन से जोड़ा। इसके साथ ही, विपक्ष की कमजोर रणनीति और बिखराव ने सत्ता पक्ष के लिए राह और आसान कर दी। यह परिणाम बताता है कि यदि नेतृत्व मजबूत हो और योजनाएं जमीन पर दिखें, तो एंटी-इनकंबेंसी को हराया जा सकता है।

पुडुचेरी का जनादेश छोटे राज्य का बड़ा संकेत है। यहां मतदाता ने स्थिरता को प्राथमिकता दी। गठबंधन की राजनीति का सफल प्रयोग यह दिखाता है कि जब स्थानीय नेतृत्व और राष्ट्रीय समर्थन का संतुलन बनता है, तब परिणाम अनुकूल हो सकते हैं। विपक्ष यहां एक स्पष्ट वैकल्पिक दृष्टि देने में विफल रहा। नतीजा यह हुआ कि मतदाता ने प्रयोग करने के बजाय स्थायित्व को चुना। यह संकेत पूरे देश के लिए महत्वपूर्ण है कि गठबंधन तभी सफल होता है जब उसमें स्पष्ट नेतृत्व और साझा एजेंडा हो।




अब केरल के परिणाम सत्ता के चक्र को दर्शाते हैं। यहां मतदाता ने फिर सिद्ध किया कि कोई भी दल सत्ता को स्थाई डेरा न समझे। लंबे समय तक शासन करने के बाद स्वाभाविक प्रमाद और नीतिगत असंतोष ने सरकार के खिलाफ माहौल बनाया। कांग्रेस ने इस अवसर को पहचाना, अपने संगठन को पुनर्गठित किया और जमीनी स्तर पर प्रभावी अभियान चलाया। इसके अलावा, राज्य में राजनीतिक प्रतिस्पर्धा का चरित्र ऐसा है कि मतदाता संतुलन बनाए रखना चाहता है। यह परिणाम कांग्रेस के लिए राहत का संकेत है, लेकिन स्थायी पुनरुत्थान का प्रमाण नहीं, बल्कि एक अवसर है जिसे उसे आगे भी साबित करना होगा।

तमिलनाडु का जनादेश इन सभी राज्यों में सबसे चौंकाने वाला और दूरगामी प्रभाव वाला है। दशकों से चली आ रही दो-दलीय राजनीति को मतदाता ने एक झटके में चुनौती दे दी। यह केवल सत्ता परिवर्तन नहीं, बल्कि राजनीतिक संस्कृति में बदलाव का संकेत है। जनता ने यह स्पष्ट कर दिया कि वह अब विकल्प चाहती है, और यदि पारंपरिक दल उस विकल्प को देने में विफल रहते हैं, तो वह नए नेतृत्व को स्वीकार करने के लिए तैयार है। करिश्माई नेतृत्व, युवा मतदाताओं का समर्थन और परंपरागत दलों के प्रति उदासीनता इन तीनों ने मिलकर एक नई राजनीतिक ताकत को जन्म दिया। यह घटना केवल तमिलनाडु तक सीमित नहीं रहेगी; इसका असर अन्य राज्यों की राजनीति पर भी पड़ेगा, जहां लंबे समय से एक ही तरह की सत्ता संरचना बनी हुई है।इन पांचों राज्यों के परिणामों को समग्र रूप से देखें तो एक स्पष्ट संदेश उभरता है। मतदाता अब अधिक सजग, अधिक मांग करने वाला और अधिक निर्णायक हो चुका है। वह न तो केवल वादों से प्रभावित होता है और न ही केवल भावनात्मक अपील से। उसे ठोस काम चाहिए, स्पष्ट नेतृत्व चाहिए और विकल्प चाहिए। यह लोकतंत्र के लिए सकारात्मक संकेत है, क्योंकि यह राजनीतिक दलों को जवाबदेह बनाता है। राष्ट्रीय राजनीति के स्तर पर इन परिणामों का प्रभाव गहरा होगा। एक ओर जहां सत्ताधारी दल इस परिणाम से उत्साहित होकर अगले वर्ष होने वाले उत्तराखंड एवं उत्तर प्रदेश के चुनाव में भी जीत का परचम लहराने के लिए हर संभव रणनीति अपनाएगा, वहीं विपक्ष को भी यह संदेश मिला है कि यदि वह संगठित हो, रणनीति स्पष्ट रखे और जमीनी मुद्दों को उठाए, तो वह वापसी कर सकता है। साथ ही, क्षेत्रीय और नए दलों का उभार यह दिखाता है कि भारतीय राजनीति अब बहुध्रुवीय होती जा रही है। यह प्रवृत्ति आने वाले लोकसभा चुनावों को और अधिक प्रतिस्पर्धी बना सकती है। इसके अलावा, इन चुनावों ने यह भी साबित किया है कि डिजिटल मीडिया, सोशल प्लेटफॉर्म और जमीनी अभियानों का संतुलित उपयोग अब चुनावी सफलता का नया सूत्र बन चुका है। मतदाता तक सीधी पहुंच, पारदर्शिता और त्वरित संवाद ने राजनीतिक दलों की कार्यशैली को बदल दिया है। अब केवल बड़े मंचों की रैलियां ही नहीं, बल्कि छोटे-छोटे संवाद, स्थानीय मुद्दों पर फोकस और विश्वसनीयता की छवि भी निर्णायक भूमिका निभा रही है। अस्तु, कहना गलत नहीं होगा कि 2026 के ये चुनाव भारतीय लोकतंत्र के "परिपक्वता चरण" का संकेत हैं। यहां मतदाता ने सत्ता को संदेश दिया है काम करो, वरना जाओ। यह संदेश जितना सरल है, उतना ही कठोर भी। अब राजनीति में टिके रहने के लिए केवल नारे नहीं, परिणाम देने होंगे; चेहरे नहीं, विश्वसनीयता चाहि। यही इस जनादेश का सार है व यही भविष्य की राजनीति की दिशा भी तय करेगा।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

# गुणों के विकास से आध्यात्मिक स्वास्थ्य संभव



संकलित
**दर्शन**

हमारे पास एक शरीर है, हमें उसका पोषण करना है और जब वह रोगग्रस्त हो जाता है, तब हमें उसकी देखभाल करनी है। हमें उसके आरोग्य का उपाय ढूंढ़ना है और जीवन के भौतिक पक्ष से जुड़े सभी विषयों पर ध्यान देना है, परंतु बात यह है कि प्रायः मानव जाति केवल यहीं पर रुक जाती है। उससे भी अधिक महत्वपूर्ण यह है कि हमारे अस्तित्व का एक मनोवैज्ञानिक, भावनात्मक और उच्चतर आध्यात्मिक आयाम भी है। इसलिए सफलता का उनका (परमहंसजी का) मार्ग था उचित संतुलन को प्राप्त करना। वहां, जहां आप भौतिक सफलता और समृद्धि प्राप्त करते हैं। जहां आपके पास भावनात्मक संतुलन और आंतरिक शांति होती है। आध्यात्मिक रूप से आपके पास एक उच्चतर उद्देश्य के लिए अपने जीवन को संचालित करने का ज्ञान होता है, न केवल धन एकत्र करना और परिवार व संतानों की उपलब्धि, अपितु यह अनुभव करने का एक उच्चतर उद्देश्य कि मैं ईश्वर का एक स्फुलिंग हूं, मैं इस भौतिक शरीर में निवास करने वाला आत्मा हूं और अपने जीवन के सभी पक्षों में ईश्वर के पूर्ण साक्षात्कार और अभिव्यक्ति की प्राप्ति ही मेरा अंतिम उद्देश्य है। एक बार जब आप यह धारणा बना लेते हैं, तो जीवन अत्यंत रोमांचक हो जाता है, क्योंकि सब प्रकार के कौशल, क्षमताएं और योग्यताएं आपके लिए उपलब्ध हैं। ये प्रत्येक मनुष्य की अक्षय निधि का अंग हैं, परंतु वे तब तक पूर्ण रूप से निष्क्रिय रहती हैं, जब तक उन्हें सचेतन एकाग्रता और सचेतन प्रयास के द्वारा जाग्रत नहीं किया जाता है।


# क्या आपकी दुकान में ईश्वर मिलेंगे?



संकलित
**प्रेरणा**

आठ साल का एक बच्चा एक रुपए का सिक्का मुट्ठी में लेकर एक दुकान पर जाकर कहा- क्या आपके दुकान में ईश्वर मिलेंगे?दुकानदार ने यह बात सुनकर सिक्का नीचे फेंक दिया और बच्चे को निकाल दिया। बच्चा पास की दुकान में जाकर 1 रुपए का सिक्का लेकर चुपचाप खड़ा रहा! लेकिन, उस अबोध बालक ने हार नहीं मानी। एक दुकान से दूसरी दुकान, दूसरी से तीसरी, ऐसा करते करते कुल चालीस दुकानों के चक्कर काटने के बाद एक बूढ़े दुकानदार के पास पहुंचा। उस बूढ़े दुकानदार ने पूछाः तुम ईश्वर को क्यों खरीदना चाहते हो? क्या करोगे ईश्वर लेकर? बच्चे ने बड़े उत्साह से उत्तर दियाः इस दुनिया में मां के अलावा मेरा और कोई नहीं है। मेरी मां दिनभर काम करके मेरे लिए खाना लाती है। मेरी मां अब अस्पताल में हैं। अगर मेरी मां मर गई तो मुझे कौन खिलाएगा ? डाक्टर ने कहा है कि अब सिर्फ ईश्वर ही तुम्हारी मां को बचा सकते हैं। क्या आपके दुकान में ईश्वर मिलेंगे? दुकानदार- हां, मिलेंगे! कितने पैसे हैं तुम्हारे पास? बच्चाः सिर्फ एक रुपए। बच्चे की मां का ऑप्रेशन हुआ। और बहुत जल्द ही वह स्वस्थ हो उठीं। डिस्चार्ज के कागज़ पर अस्पताल का बिल देखकर उस महिला के होश उड़ गए। डॉक्टर ने उन्हें आश्वासन देकर कहाः टेंशन की कोई बात नहीं है। एक वृद्ध सज्जन ने आपके सारे बिल चुका दिए हैं। साथ में एक चिट्ठी भी दी है। महिला चिट्ठी खोलकर पढ़ने लगी, उसमें लिखा था, मुझे धन्यवाद देने की कोई आवश्यकता नहीं है। आपको तो स्वयं ईश्वर ने ही बचाया है.. मैं तो सिर्फ एक ज़रिया हूं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### देश के कई जिलों को पीएनजी से जोड़ा जाए

भारत सरकार के सबसे बड़े उपक्रम, गेल इंडिया लिमिटेड द्वारा एक अनुमान के तहत देश में 16,000 किलोमीटर से अधिक गैस पाइपलाइन नेटवर्क का संचालन किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, गेल द्वारा 2,000 किलोमीटर से अधिक एलपीजी गैस पाइपलाइन का भी संचालन किया जाता है। गेल इंडिया लिमिटेड के माध्यम से देश के 22 राज्यों के लगभग 90 से अधिक जिलों में गैस पाइपलाइन बिछाई जा चुकी है, जिसके जरिए सीएनजी, एलपीजी तथा कुछ जिलों में पीएनजी गैस की आपूर्ति भी की जा रही है। यदि भारत सरकार उन राज्यों के जिलों में, जहां से गैस पाइपलाइन गुजरती है, राज्य सरकारों के साथ समन्वय स्थापित कर जिला एवं तहसील मुख्यालयों को पाइपयुक्त प्राकृतिक गैस (पीएनजी) से जोडने की दिशा में ठोस पहल करे तो आमजन को राहत मिलेगी।

*- रविंद्र जोशी, बिलासपुर*


## ट्रेंड

### जनता ने सबक सिखाया



बंगालवासियों ने घुसपैठियों, उनके हितैषियों को ऐसा सबक सिखाया है, जिसे तुष्टीकरण की राजनीति करने वाली पार्टियां भूल नहीं पाएंगी। जिन आशाओं के साथ मोदी जी के नेतृत्व पर विश्वास जताया है, हम निश्चित रूप से उन्हें पूरा करेंगे। **-अमित शाह,** केंद्रीय गृहमंत्री

### ब्रांड दूत बनें खिलाड़ी



खिलाड़ी 'नशा मुक्त अभियान' के ब्रांड दूत के तौर पर काम करें और युवाओं को नशे से दूर रहने तथा खेलों को अपनाने के लिए प्रेरित करें। इससे युवा पीढ़ी नशे से दूर रहेगी। आप भारत की नई पीढ़ी के आदर्श हैं। आपकी अपील युवाओं को सही रास्ते पर चलने के लिए प्रेरित करेगी।
**-मनोज सिन्हा,** उपराज्यपाल, जम्मू-कश्मीर

### बंगाल के लोगों का धन्यवाद



जहां श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जन्म हुआ, वह बंगाल हमारा है। पश्चिम बंगाल की देशभक्त जनता को विधानसभा चुनाव में ऐतिहासिक जनादेश के लिए हृदय से कोटि-कोटि धन्यवाद। यह जनादेश राष्ट्रवाद और विकास के प्रति जनता के विश्वास का प्रतीक है। **-सम्राट चौधरी,** सीएम बिहार


### विश्वास पर खरा उतरेंगे



कांग्रेस केरल की जनता को हार्दिक धन्यवाद देती है कि उन्होंने यूडीएफ को भारी बहुमत से सेवा का मौक़ा दिया है। हमारी ज़िम्मेदारी हम पहचानते हैं और केरल की जनता ने जो विश्वास हम पर जताया है, हम उस पर खरा उतरेंगे।
**-जयराम रमेश,** कांग्रेस महासचिव

## करंट अफेयर

# अटलांटिक में क्रूज पर संदिग्ध हंता वायरस का प्रकोप



अटलांटिक महासागर में एक क्रूज जहाज पर संदिग्ध हंता वायरस के प्रकोप के कारण एक बुजुर्ग दंपति समेत तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि कम से कम तीन अन्य के बीमार होने की सूचना है। यह जानकारी विश्व स्वास्थ्य संगठन और दक्षिण अफ्रीका के स्वास्थ्य विभाग ने दी। डब्ल्यूएचओ के अनुसार, मामले की जांच जारी है और कम से कम एक मामले में हंता वायरस के संक्रमण की पुष्टि हो चुकी है। संयुक्त राष्ट्र की इस स्वास्थ्य एजेंसी ने बताया कि एक मरीज दक्षिण अफ्रीका के एक अस्पताल की गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में भर्ती है, जबकि जहाज पर इसके लक्षण वाले दो अन्य मरीजों को वहां से निकालने के प्रयास किए जा रहे हैं। क्रूज का संचालन करने वाली नीदरलैंड की कंपनी के मुताबिक, जहाज फिलहाल अफ्रीका के पश्चिमी तट पर स्थित द्वीपीय देश केप वर्डे के पास खड़ा है। स्थानीय प्रशासन सहायता कर रहा है, लेकिन किसी को भी जहाज से उतरने की अनुमति नहीं दी गई है। कंपनी के अनुसार, बीमार लोगों में शामिल चालक दल के दो सदस्यों को तत्काल चिकित्सा की आवश्यकता है। दक्षिण अफ्रीका के स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि क्रूज पर 150 पर्यटक सवार थे।

## ऑफ बीट

# कैंसर के अंतिम चरण में मरीज हो जाते हैं उदासीन



कैंसर के अंतिम चरण का एक क्रूर परिणाम यह है कि कई मरीज गहरी उदासीनता में डूब जाते हैं, क्योंकि वे उन गतिविधियों में भी रुचि खो देते हैं जिन्हें वे कभी पसंद करते थे। यह लक्षण दुर्बलता नामक सिंड्रोम का हिस्सा है, जो अंतिम चरण के लगभग 80 प्रतिशत कैंसर रोगियों को प्रभावित करता है। इससे मांसपेशियां बड़े पैमाने पर खत्म होने लगती हैं और वजन घटने लगता है, जिससे पर्याप्त पोषण के बावजूद मरीज की हड्डियां पतली हो जाती हैं। हौंसला पस्त होने से न केवल रोगियों की पीड़ा बढ़ती है, बल्कि उन्हें परिवार और दोस्तों से भी अलग कर देती है। चूंकि, रोगी को कठिन उपचार पद्धतियों को अपनाने में कड़ा संघर्ष करना पड़ता है इसलिए इससे परिवारों पर भी दबाव पड़ता है और उपचार जटिल हो जाता है। डॉक्टर आमतौर पर यह मानते हैं कि जब कैंसर के अंतिम चरण के मरीज जीवन से विमुख हो जाते हैं, तो यह शारीरिक गिरावट के प्रति एक अपरिहार्य मनोवैज्ञानिक प्रतिक्रिया होती है। कैंसर से उत्पन्न कमजोरी में उदासीनता की पहेली को सुलझाने के लिए, हमें शरीर में सूजन के सटीक मार्ग का पता लगाने की आवश्यकता थी, तथा रोग के बढ़ने के दौरान जीवित मस्तिष्क के अंदर झांकने की आवश्यकता थी – जो कि लोगों में लगभग असंभव है।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# देश की सबसे अनोखी ट्रेन, जम्मू से कन्याकुमारी तक सीधी कनेक्टिविटी

**नई दिल्ली।** भारत में रेलवे सिर्फ एक परिवहन साधन नहीं, बल्कि आम लोगों की जिंदगी का अहम हिस्सा है। आज भी बड़ी संख्या में लोग ट्रेन से सफर करना पसंद करते हैं। लेकिन, क्या आप जानते हैं, ऐसी अनोखी ट्रेन भी है जो 12 राज्य को एक साथ जोड़ती है। हिमसागर एक्सप्रेस भारत की उन खास ट्रेनों में शामिल है, जो अपने लंबे रूट और अनोखे सफर के लिए जानी जाती हैं। देश में कई ऐसे रेल मार्ग हैं, जहां यात्रा पूरी करने में 3 से 4 दिन तक का समय लग जाता है, लेकिन यह ट्रेन अपने आप में अलग पहचान रखती है, क्योंकि यह एक साथ कई राज्यों को जोड़ती है।

### सबसे लंबी दूरी तय करने वाली ट्रेनों में शामिल

यह ट्रेन देश के उत्तर में स्थित श्री माता वैष्णव देवी कटरा से चलकर दक्षिण के अंतिम छोर कन्याकुमारी तक जाती है। करीब 3790 किलोमीटर लंबा यह सफर इसे भारत की सबसे लंबी दूरी तय करने वाली ट्रेनों में शामिल करता है। यही वजह है कि इसे उत्तर और दक्षिण भारत के बीच एक मजबूत कड़ी माना जाता है।

### गुजरती है 12 राज्यों से



### क्या है इस ट्रेन की सबसे बड़ी खासियत

इस ट्रेन की सबसे बड़ी खासियत यह है कि यह अपने पूरे रूट में 12 राज्यों से होकर गुजरती है। इनमें जम्मू-कश्मीर, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, केरल और तमिलनाडु शामिल हैं। अपने इस लंबे सफर के दौरान यह लगभग 69 रेलवे स्टेशनों पर रुकती है, जिससे लाखों यात्रियों को सीधी कनेक्टिविटी मिलती है।

### कितने घंटे का होता है ये सफर?

पूरे रूट को तय करने में इस ट्रेन को करीब 3 दिन (लगभग 70 से अधिक घंटे) का समय लगता है। इतना लंबा सफर तय करते हुए यह ट्रेन न केवल दूरी कम करती है, बल्कि भारत की भौगोलिक और सांस्कृतिक विविधता को भी एक साथ जोड़ती है। कुल मिलाकर, हिमसागर एक्सप्रेस सिर्फ एक ट्रेन नहीं, बल्कि भारत के उत्तर से दक्षिण तक फैली एक अनोखी यात्रा है, जो देश के अलग-अलग हिस्सों को एक धागे में पिरोने का काम करती है।

# तालाब में फेंका जाल, फंसी 4 आंख वाली अनोखी मछली

**पटना।** बिहार के पूर्वी चंपारण जिले के पकड़ीदयाल थाना क्षेत्र से एक बेहद हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां रामबन देवी माई स्थान के पास स्थित एक पोखर (तालाब) में मछुआरों के जाल में एक ऐसी मछली फंसी है, जिसने विशेषज्ञों और ग्रामीणों दोनों को हैरत में डाल दिया है। दावा किया जा रहा है कि इस मछली की दो नहीं, बल्कि चार आंखें हैं। मछुआरे हर रोज की तरह पोखर में जाल डालकर मछलियां निकाल रहे थे, तभी करीब 4 किलो वजन की एक विशाल मछली जाल में फंसी। जब इसे बाहर निकाला गया, तो इसकी शारीरिक बनावट देख मछुआरे दंग रह गए।

# समुद्र के नीचे ट्रेन एक्सीडेंट जैसा मंजर दो टुकड़ों में फट रही है टेक्टोनिक प्लेट

वॉशिंगटन। धरती की सतह के हजारों फीट नीचे कुछ ऐसा हो रहा है, जिसने दुनिया भर के वैज्ञानिकों की नींद उड़ा दी है। समंदर की अथाह गहराइयों के नीचे कुछ ऐसा हो रहा है, जिसे रिसर्चर्स ट्रेन एक्सीडेंट जैसा मंजर बता रहे हैं। धरती के अन्दर हो रही इस उथल-पुथल का सीधा संबंध उन टेक्टोनिक प्लेट्स से है, जिनमें हमारा पूरा जीवन टिका हुआ है> प्रकृति के अन्दर क्या चल रहा है, इसका अंदाजा लगाना हमेशा से ही मुश्किल रहा है। लेकिन, वैज्ञानिकों ने हाल ही में एक ऐसी सच्चाई का पता लगाया है, जिससे पूरी दुनिया को हैरान कर दिया और चिंता में डाल दिया। प्रशांत महासागर की गहराई में धरती के नीचे मौजूद एक विशाल टेक्टोनिक प्लेट अब धीरे-धीरे फटने लगी है। यह कोई साधारण जमीन के अन्दर होने वाला बदलाव नहीं है, बल्कि वैज्ञानिकों ने इसे समुद्र के अन्दर एक विनाशकारी ट्रेन एक्सीडेंट जैसा बताया है।

### क्या है पूरा मामला?

सरल शब्दों में समझें तो धरती के नीचे कई टेक्टोनिक प्लेट्स होती हैं, जो आपस में टकराती रहती हैं। जब एक प्लेट दूसरी प्लेट के नीचे दबती है, तो उसे सबडक्शन जोन कहते हैं। दुनिया के सबसे खतरनाक भूकंप और ज्वालामुखी अक्सर इन्हीं क्षेत्रों में आते हैं। अब वैज्ञानिकों ने कनाडा के वैंकूवर द्वीप के पास कास्केडिया क्षेत्र में इस सबडक्शन जोन को बीच से टूटते हुए देखा है।

### क्या आने वाला है भूकंप और सुनामी?



### कैसे पता चला?

साल 2021 में एक विशेष समुद्री जहाज मार्कस जी. लैंगसेथ की सहायता से समुद्र के तल में अल्ट्रासाउंड जैसी तरंगें भेजी गई थीं। इस प्रयोग को कैसियो नाम दिया गया था। 15 किलोमीटर लंबे सेंसर एरे ने जो डेटा भेजा, उससे पता चला कि टेक्टोनिक प्लेट सिर्फ नीचे नहीं धंस रही है, बल्कि वह तेजी से फट भी रही है।

### प्लेट का फटना हो गया है शुरू

इस रिसर्च में शामिल और लुइसियाना स्टेट यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर ब्रैंडन शक ने एक दिलचस्प उदाहरण देकर इसे समझाया है। उन्होंने बताया सबडक्शन जोन को शुरू करना किसी ट्रेन को पहाड़ पर चढ़ाने जैसा है, इसमें बहुत ज्यादा ताकत लगती है। लेकिन, एक बार जब यह शुरू हो जाता है, तो यह ढलान पर दौड़ती ट्रेन जैसा होता है जिसे रोकना लगभग नामुमकिन जैसा ही होता है। इसे खत्म करने के लिए एक जबरदस्त ट्रेन एक्सीडेंट जैसे पावर की जरूरत होती है। वैज्ञानिकों का मानना है कि समुद्र के नीचे ठीक ऐसा ही ट्रेन एक्सीडेंट या प्लेट का फटना शुरू हो गया है।



# दुनिया का सबसे बहादुर चूहा जिसने 70 से ज्यादा बारूदी सुरंगों का लगाया था पता

**डोडोमा।** दुनिया में बहादुरी की कहानियां अक्सर इंसानों या फिर कुत्ते, बिल्ली और हाथी से जुड़ी होती हैं, लेकिन कई बार एक छोटा सा जीव भी ऐसा कुछ कर देता है, जो इतिहास के पन्नों में दर्ज हो जाता है। ऐसा ही नाम है मागवा एक अफ्रीकी नस्ल का चूहा, जिसने अपनी अनोखी क्षमता और मेहनत से हजारों लोगों की जान बचाई। जब 8 साल की उम्र में उसके निधन की खबर सामने आई, तो कई लोग भावुक हो गए। वजह साफ थी मागवा सिर्फ एक चूहा नहीं था, बल्कि वह कई लोगों के लिए जिंदगी बचाने वाला हीरो बन चुका था। दरअसल, तंजानिया में पैदा हुए मगावा ने कंबोडिया में लैंड माइन और बम सूंघने के अपने कॅरियर की शुरुआत से पहले एक साल की ट्रेनिंग ली, ताकि वह जमीन में छिपी बारूदी सुरंगों और बिना फटे बमों का पता लगा सके। उसने करीब 5 साल तक कंबोडिया जैसे खतरनाक इलाकों में काम किया, जहां हर कदम पर जान का खतरा होता था। अपनी ड्यूटी के दौरान उसने 71 बारूदी सुरंगों और 38 जिंदा विस्फोटकों का पता लगाया, उसकी इस खास क्षमता की वजह से कई ऐसे इलाके सुरक्षित हो गए।



### छोटे आकार में छिपी बड़ी ताकत

मगावा का वजन 1.2 किलोग्राम था और वह 70 सेंटीमीटर तक लंबा था। उसकी सबसे बड़ी खासियत उसका हल्का होना ही था। वह इतना हल्का था कि बारूदी सुरंगों के ऊपर चलने पर भी उन्हें एक्टिव नहीं करता था। काम के दौरान उसे रस्सी से बांधकर एक क्षेत्र में आगे-पीछे चलाया जाता था। जैसे ही उसे बारूद की गंध मिलती, वह जमीन खुरेदकर अपने हैंडलर को संकेत देता था। उसकी तेज सूंघने की क्षमता, सुनने की शक्ति और फुर्ती ने उसे इस काम में बेहद सफल बनाया।


पावरग्रिड POWERGRID

सूचना

1. पश्चिमी क्षेत्र के लिए केंद्रीय क्षेत्र के तहत 'रिलायबल कम्युनिकेशन स्कीम' (Reliable Communication Scheme) हेतु विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 79(1)(d) के साथ पठित धारा 62 तथा केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग (व्यवसाय संचालन) विनियम, 2023 के विनियम 15(1)(a) एवं विनियम 23 के साथ पठित केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग (टैरिफ की शर्तें एवं नियम) विनियम, 2019 तथा केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग (टैरिफ की शर्तें एवं नियम) विनियम, 2024 के अंतर्गत टैरिफ निर्धारण हेतु याचिका।

2– उपरोक्त पारेषण प्रणाली (Transmission system) के लाभार्थी निम्नलिखित हैं:
(1) मध्य प्रदेश पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड, जबलपुर (2) छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, रायपुर (3) गुजरात ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड, वडोदरा (4) विद्युत विभाग, गोवा सरकार, पणजी (5) महाराष्ट्र राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, मुंबई (6) डी.एन.एच.डी.डी. (DNHDD) विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, सिलवासा

3. a. टैरिफ विवरण: 2019–24 ब्लॉक (लाख रुपये में)

| एसेट विवरण | DOCO/ ECOD | 31.03.2024 तक पूर्णता लागत | | 2019.20 | 2020.21 | 2021.22 | 2022.23 | 2023.24 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| एसेट 1 | 29.01.2021 | 115.97 | Revised AFC based on truing up | . | 4.36 | 18.09 | 21.21 | 21.47 |
| एसेट 2 | 16.06.2021 | 110.69 | | . | . | 12.63 | 17.98 | 17.77 |
| एसेट 3 | 05.08.2021 | 677.96 | | . | . | 64.76 | 122.43 | 116.4 |
| एसेट 4 | 10.08.2021 | 891.90 | | . | . | 86.25 | 171.9 | 169.78 |
| एसेट 5 | 12.08.2021 | 222.71 | | . | . | 20.74 | 36.39 | 35.94 |
| एसेट 6 | 25.12.2021 | 247.62 | | . | . | 10.31 | 40.87 | 40.54 |
| एसेट 7 | 29.12.2021 | 475.91 | | . | . | 19.37 | 78.67 | 77.85 |
| एसेट 8 | 30.12.2021 | 126.70 | | . | . | 5.27 | 21.62 | 21.2 |
| एसेट 9 | 19.02.2022 | 89.24 | | . | . | 1.73 | 13.39 | 13.66 |
| एसेट 10 | 06.03.2022 | 61.28 | | . | . | 0.85 | 9.15 | 9.47 |
| एसेट 11 | 01.04.2022 | 1102.26 | | . | . | . | 186.43 | 184.32 |
| एसेट 12 | 19.06.2022 | 455.79 | | . | . | . | 72.54 | 88.24 |
| एसेट 13 | 08.10.2022 | 642.27 | | . | . | . | 66.82 | 113.65 |
| एसेट 14 | 01.12.2022 | 827.08 | | . | . | . | 65.98 | 146.68 |
| एसेट 15 | 19.01.2023 | 104.16 | | . | . | . | 5.05 | 17.18 |
| एसेट 16 | 21.02.2023 | 872.75 | | . | . | . | 40.05 | 168.3 |
| एसेट 17 | 03.03.2023 | 722.83 | | . | . | . | 26.59 | 129.2 |
| एसेट 19 | 19.01.2024 | 336.84 | | . | . | . | . | 20.44 |

b. 2024–29 ब्लॉक (लाख रुपये में)

| एसेट विवरण | 31.03.2024 तक पूर्णता लागत | | 2024.25 | 2025.26 | 2026.27 | 2027.28 | 2028.29 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| संयुक्त एसेट (एसेट 1 से 17 और 19) | 9647.80 | AFC | 1,750.41 | 1,835.48 | 1,901.39 | 1,836.25 | 1,770.26 |

4. इस सूचना की एक प्रति और टैरिफ निर्धारण के लिए किए गए आवेदन की प्रति आवेदक की वेबसाइट www.powergrid.in पर पोस्ट की गई है।

5. याचिका में निहित टैरिफ निर्धारण के प्रस्तावों पर यदि कोई सुझाव और आपत्तियां हों, तो लाभार्थियों सहित कोई भी व्यक्ति, आयोग के ई–फाइलिंग पोर्टल के माध्यम से या लिखित रूप में सचिव, केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग, छठी, सातवीं और आठवीं मंजिल, टावर बी, वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, नौरोजी नगर, नई दिल्ली – 110029 (या अन्य पता जहां आयोग का कार्यालय स्थित है) के समक्ष इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर अपनी आपत्तिध्सुझाव दर्ज करा सकता है। इसकी एक प्रति याचिकाकर्ता के कॉर्पोरेट कार्यालय के पते पर भी भेजनी होगी।

स्थान: गुड़गांव
दिनांक: 29.04.2026

हस्ता/-
वरिष्ठ उप महाप्रबंधक (वाणिज्यिक)

पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)
पंजीकृत कार्यालयरू ठ–9, कुतुब इंस्टीट्यूशनल एरिया, कटवारिया सराय, नई दिल्ली–110016
कॉर्पोरेट कार्यालयरू सौदामिनी, प्लॉट नंबर 2, सेक्टर–29, गुड़गांव, हरियाणा–122001

PG/CC/Notice-09/Advt-13/2026-27





# सुनेत्रा ने बनाया जीत का महारिकॉर्ड, 2.18 लाख वोटों से जीतीं

**यह अंतर भारत के इतिहास में अब तक का सबसे ज्यादा**

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



देश के 5 राज्यों की 7 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के नतीजे लगभग आ गए हैं। महाराष्ट्र के बारामती सीट से एनसीपी उम्मीदवार सुनेत्रा पवार ने 2 लाख 18 हजार 930 वोटों के अंतर से ऐतिहासिक जीत दर्ज की। यह अंतर भारत के इतिहास में अब तक का सबसे ज्यादा है। इससे पहले यह रिकॉर्ड उत्तर प्रदेश के साहिबाबाद सीट से विधायक सुनील कुमार शर्मा के नाम था, जिन्होंने 2022 में 2,14,835 वोटों से जीत दर्ज की थी। सुनेत्रा पूर्व डिप्टी सीएम अजित पवार की पत्नी हैं, जिनका 28 जनवरी 2026 को विमान हादसे में निधन हो गया था। बारामती अजित पवार की पारंपरिक सीट रही है। यहां से सुनेत्रा की जीत लगभग तय थी। उनके खिलाफ 22 निर्दलीय उम्मीदवार मैदान में थे।

## 5 राज्यों की 7 सीटों पर उपचुनाव, भाजपा 4, कांग्रेस 1 जीती

### पिछले रिकॉर्ड को भी किया पीछे

इस जीत के साथ पवार ने 2022 में यूपी चुनाव में गाजियाबाद की साहिबाबाद विधानसभा सीट में सुनील कुमार शर्मा का बनाया गया 2,14,835 वोटों का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया। यह जीत उनके दिवंगत पति अजित पवार की राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ाने के रूप में भी देखी जा रही है।

### परिवार और संगठनों का मिला समर्थन

चुनाव में सुनेत्रा पवार के समर्थन में उनके बेटे पार्थ पवार और जय पवार ने सक्रिय भूमिका निभाई। विभिन्न राजनीतिक दलों और संगठनों के समर्थन ने भी इस जीत को एकतरफा बना दिया। अन्य उम्मीदवारों में करुणा मुंडे को 125 वोट और अभिजीत बिचुकले को 121 वोट मिले, जो मुकाबले की एकतरफा प्रकृति को दर्शाता है।

### भावुक प्रतिक्रिया, जश्न से परहेज की अपील

जीत के बाद सुनेत्रा पवार ने इसे अपने दिवंगत पति अजित पवार को समर्पित किया। उन्होंने समर्थकों से संयम बरतने की अपील करते हुए कहा कि इस मौके पर अत्यधिक जश्न या जुलूस निकालने से बचा जाए। उन्होंने कहा कि यह जीत अंत नहीं, बल्कि एक नई शुरुआत है। उन्होंने नई बारामती बनाने का संकल्प लेते हुए जनता का आभार व्यक्त किया।

### अन्य उपचुनाव के नतीजे

महाराष्ट्र के राहुरी सीट से भाजपा के अक्षय कार्डिले जीत गए हैं। भाजपा ने गुजरात, नगालैंड और त्रिपुरा की 1-1 सीट भी जीत ली है। कर्नाटक के बागलकोट में कांग्रेस उम्मीदवार जीते हैं। राज्य की दूसरी सीट, दावणगेरे साउथ पर कांग्रेस लगातार बढ़त बनाए हुए है। उपचुनाव वालीं सभी 7 सीटें पूर्व विधायकों की मौत के कारण खाली हुई थीं। कर्नाटक, नगालैंड और त्रिपुरा में 9 अप्रैल को वोटिंग हुई थी। गुजरात की लिमखेड़ा और महाराष्ट्र के बारामती और राहुरी सीट पर 23 अप्रैल को वोटिंग हुई थी।

# बेअसर साबित हुई भारत की फटकार...नेपाल ने लिपुलेख पर दोहराया अपना दावा

**कहा, अपनी सीमा विस्तार के इच्छुक नहीं, पहले से नेपाल के पास ही है लिपुलेख का इलाका**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



कैलाश मानसरोवर यात्रा के लिए प्राचीन परंपरागत मार्ग लिपुलेख के इस्तेमाल को लेकर जताई गई आपत्ति के बाद भारत द्वारा दिए गए दो टूक जवाब से नेपाल पर कोई खास असर नहीं पड़ा है। सोमवार को उसने एक बार फिर से उत्तराखंड में पड़ने वाले इस इलाके को अपना अभिन्न अंग बताते हुए कहा कि इस संबंध में उसकी मंशा अपनी सीमाओं का विस्तार करने की कतई नहीं है। बल्कि यह इलाका पहले से ही उसका है और नेपाल सरकार का रुख भी इसे लेकर न केवल पूरी तरह से साफ है। बल्कि वह इस बाबत पूरी तरह से प्रतिबद्ध भी है। यह जानकारी 4 मई को नेपाल सरकार के प्रवक्ता सस्मित पोखरेल ने मीडिया से बातचीत में दी है। दरअसल, भारत के विदेश मंत्रालय ने पिछले सप्ताह जून से अगस्त महीने में लिपुलेख (उत्तराखंड) और नाथुला (सिक्किम) जैसे दो मार्गों से कैलाश मानसरोवर यात्रा कराने की घोषणा की थी। जिसमें कुल 20 बैच में 1 हजार तीर्थयात्रियों को इसके लिए अनुमति देने और 19 मई से रजिस्ट्रेशन की शुरुआत करने की बात कही गई है। जिसके बाद नेपाल की प्रतिक्रिया आई कि वर्ष 1816 की सुगौली संधि यह स्पष्ट करती है कि महाकाली नदी के पूर्व में मौजूद तीन जगहों जैसे लिपुलेख, लिम्पियाधुरा और कालापानी उसका अभिन्न अंग हैं। ऐसे में खासतौर पर लिपुलेख से इस यात्रा को कराए जाने को लेकर उसने अपनी चिंता को न केवल भारत बल्कि चीन के सामने भी उठाया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने 3 मई को एक आधिकारिक बयान जारी कर कहा कि कैलाश मानसरोवर यात्रा और उससे जुड़े हुए दो प्राचीन मार्गों को लेकर भारत की स्थिति बिलकुल साफ है। लिपुलेख दर्रा वर्ष 1954 से इस पवित्र यात्रा का मार्ग रहा है और यहां से दशकों से तीर्थयात्री जाते रहे हैं।

## जिनेवा : हेराफेरी मामले में पूर्व भारतीय अधिकारी जमानत

**नयी दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने जिनेवा में स्थित भारत के स्थायी मिशन से दो लाख से अधिक स्विस फ्रैंक (करीब 2 करोड़ रुपये) की हेराफेरी करके 'क्रिप्टो-गैंबलिंग' गतिविधियों में लगाने के आरोपी एक पूर्व लेखा अधिकारी को सोमवार को जमानत दे दी। विशेष न्यायाधीश विजेता सिंह रावत आरोपी मोहित की नियमित जमानत याचिका पर सुनवाई कर रही थीं, जिसने 17 दिसंबर 2024 को जिनेवा में स्थित स्थायी मिशन में सहायक अनुभाग अधिकारी का पदभार संभाला था। अदालत ने आरोपी पर लगाये गये आरोपों का उल्लेख करते हुए कहा कि उसने यूनियन बैंक ऑफ स्विट्जरलैंड में मिशन के खाते से कथित तौर पर हेरफेर या जालसाजी की और अनधिकृत तरीके से धनराशि निकाली। अदालत ने कहा कि अभियोजन पक्ष के गवाह सरकारी कर्मचारी हैं, जो पदानुक्रम में आरोपी से वरिष्ठ हैं। अदालत ने कहा, 'सबूतों से छेड़छाड़, गवाहों को प्रभावित करने या न्यायिक प्रक्रिया से बचने की आशंका के संबंध में कोई ठोस दलील पेश नहीं की गई।' अदालत ने मोहित को 75,000 रुपये के जमानती बांड और समान राशि का एक जमानतदार प्रस्तुत करने की शर्त पर राहत दी।

**बंगाल चुनाव नतीजों के बीच आया सुप्रीम कोर्ट का फैसला**

# कानून व्यवस्था संभालना सरकार का काम है'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



पश्चिम बंगाल विधानसभाव चुनाव के नतीजे आ गए हैं। इस बीच ही सुप्रीम कोर्ट सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव के बाद हिंसा की आशंकाओं के मद्देनजर केंद्रीय बलों की तैनाती जारी रखने की मांग वाली याचिका पर तत्काल सुनवाई करने से इनकार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कानून-व्यवस्था बनाए रखना कार्यपालिका के अधिकार क्षेत्र में आता है। ऐसे में कोर्ट ने कहा कि वह राज्य तंत्र से न्यायिक हस्तक्षेप के बिना ही अपनी जिम्मेदारियों को निभाने की उम्मीद करता है। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट में सीजेआई सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की पीठ ने कहा कि इस स्तर पर सर्वोच्च न्यायालय द्वारा किसी न्यायिक आदेश की आवश्यकता नहीं है। सीजेआई की बेंच पीठ ने कहा, 'राज्य का संचालन राजनीतिक कार्यपालिका द्वारा किया जाए। वे निर्णय लेंगे।

### याचिका पर सुनवाई से किया इंकार

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हमें उम्मीद है कि वे (राज्यसरकार) अपनी जिम्मेदारियों को समझते हैं। पीठ ने केंद्रीय पुलिस बलों की निरंतर तैनाती के निर्देश देने वाली याचिका पर तत्काल सुनवाई करने से इनकार कर दिया। ये टिप्पणियां तब आईं जब वरिष्ठ अधिवक्ता वी. गिरि ने सनातनी संसद की ओर से दायर उस याचिका का जिक्र किया जिसमें मतदान समाप्त होने के बाद भी केंद्रीय बलों की मौजूदगी सुनिश्चित करने और सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश की अध्यक्षता में निगरानी तंत्र स्थापित करने का निर्देश देने की मांग की गई थी।

### जल्दी की जरूरत क्या थी?

वकील वी गिरि ने पिछले चुनावों में कथित हिंसा की घटनाओं का हवाला देते हुए अदालत से एहतियाती हस्तक्षेप करने का आग्रह किया था। बता दें कि जब चुनावी प्रक्रिया पूरी हो चुकी थी और केवल मतगणना शेष थी, तब याचिका की तात्कालिकता को लेकर पीठ आश्वस्त नहीं दिखी। इस मामले में अदालत ने पूछा, 'चुनाव समाप्त हो चुके हैं, मतगणना चल रही है। ऐसी स्थिति में इतनी तात्कालिकता की क्या आवश्यकता है?' अदालत ने यह भी संकेत दिया कि इस प्रकार की शिकायतों के लिए उपयुक्त मंच संबंधित उच्च न्यायालय होगा।

## खराब मौसम के कारण इंडिगो फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग

**नई दिल्ली।** खराब मौसम की वजह से दिल्ली से लखनऊ जा रही इंडिगो की फ्लाइट 6E-6476 की भोपाल में इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। इसमें यूपी के दोनों डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक सवार थे। दोनों भोपाल में सुरक्षित उतरे। यूपी में आंधी-बारिश जारी है। कानपुर, सुल्तानपुर और बाराबंकी समेत 64 जिलों में आंधी, बारिश और ओले गिरने का अलर्ट है। पिछले 24 घंटे में जालौन सबसे गर्म शहर रहा। सुल्तानपुर में पेड़ की डाल गिरने से एक की मौत हो गई। राजस्थान के दौसा, कोटपूतली-बहरोड़, अलवर और हनुमानगढ़ में आंधी के साथ बारिश हुई। ओले भी गिरे। रविवार को खराब मौसम के कारण तीन लोगों की मौत हो गई। जयपुर-आगरा नेशनल हाईवे पर पेड़ गिरने से 40 मिनट तक जाम रहा। हरियाणा के सिरसा, भिवानी और महेंद्रगढ़ में रविवार को तेज बारिश के साथ ओले गिरे। उत्तराखंड के भी 11 जिलों में बारिश हुई। नैनीताल, देहरादून और अल्मोड़ा में ओले भी गिरे। जम्मू-कश्मीर के लघामा में लैंडस्लाइड के बाद बारामूला-उरी नेशनल हाईवे बंद कर दिया गया। ट्रैफिक को उरी की ओर बांदी-परानपिलन-दाची मार्ग से डायवर्ट किया गया है। आंधी-बारिश के बीच तेज गर्मी और हीटवेव भी जारी है।

**पेरेंट्स-स्टूडेंट्स में हड़कंप**

# शिमला के स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी



एजेंसी ▶▶| शिमला

हिमाचल की राजधानी शिमला में सोमवार को उस समय हड़कंप मच गया जब शहर के कई स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली। ईमेल के जरिए धमकी के बाद स्कूल प्रबंधन ने एहतियातन अभिभावकों को मैसेज भेजा और बच्चों को तुरंत घर ले जाने को कहा। इस मैसेज को देखकर अभिभावकों में हड़कंप मच गया। परिजन आनन-फानन में स्कूल पहुंचे और अपने बच्चों को वापस ले गए। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां सक्रिय हो गईं। एसपी शिमला गौरव ने बताया कि जनरल थ्रेट आई है। पुलिस जांच में जुटी हुई है और स्कूलों में ड्रिल चल रही है। यह धमकी शहर के चैल्सी, दयानंद, सेंट थॉमस, डीएवी टुटू इत्यादि स्कूलों को मिली है। धमकी की खबर फैलने के बाद दूसरे स्कूलों के परिजन भी घबरा गए और अपने बच्चों के लिए उनकी चिंताएं बढ़ गई।

### स्कूल परिसर में ली जा रही तलाशी

जिन स्कूलों को धमकी मिली है, उनके परिसर में पुलिस ने संदिग्ध वस्तुओं की तलाशी को अभियान चलाया, लेकिन बम जैसी कोई भी चीज नहीं मिली। अब शिमला पुलिस यह पता लगाने में जुट गई है कि आखिर यह धमकी किसने दी। गौरतलब है कि इससे पहले भी प्रदेश में इस तरह की धमकियां मिल चुकी हैं। हाल के महीनों में हिमाचल हाईकोर्ट, राज्य सचिवालय, कई जिलों के डीसी कार्यालयों और जिला कोर्ट को भी कई बार बम से उड़ाने की धमकी दी जा चुकी

## जैकेट के शेष

### 'खाड़ी' में भाजपा ....

ताजा आंकड़ों के मुताबिक, भाजपा ने 206 सीटें जीत लीं हैं जबकि तृणमूल कांग्रेस ने 78 सीट पर जीत दर्ज की है और 3 सीट पर बढ़त बनाये हुए है। वर्ष 2011 में लगभग चार प्रतिशत के मामूली वोट शेयर से, भाजपा 2019 में लगभग 40 प्रतिशत तक पहुंच गई और फिर 2021 के विधानसभा चुनावों में 77 सीटें हासिल करके वामपंथी और कांग्रेस को पछाड़ते हुए टीएमसी के प्रमुख प्रतिद्वंद्वी के रूप में उभरी। तमिलनाडु में अभिनय से राजनीति में कदम रखने वाले विजय के नेतृत्व वाली नवगठित पार्टी टीवीके चुनावी मैदान में अप्रत्याशित प्रदर्शन की है। तमिलनाडु में 234 सदस्यीय विधानसभा में टीवीके 107 सीट पर जीत दर्ज की और द्रविड़ दलों द्रमुक और अन्नाद्रमुक को पीछे छोड़ दिया। द्रमुक के शीर्ष नेता एवं मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन चुनाव हार गए। केरलम में कांग्रेस नीत संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) ने एलडीएफ पर बढ़त बनाई है। यहां कांग्रेस गठबंधन ने 102 सीटें हासिल की। असम में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) दो-तिहाई बहुमत हासिल करने के बाद लगातार तीसरी बार असम में सरकार बनाने के लिए तैयार है। राजग ने सोमवार को 126 सदस्यीय विधानसभा में 101 सीटों पर जीत दर्ज की।

## पेज एक के शेष

### बंगाल में 'पवन' का ....

उस वक्त केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कमान संभाली। संगठन को बूथ स्तर पर लेकर गए। वोटरों से कनेक्ट किया और बड़ी योजनाओं का ऐलान किया। खासतौर पर महतारी वंदन जैसी घोषणाओं के बाद फिजा ही बदल गई। वैसा ही पश्चिम बंगाल में किया गया। छत्तीसगढ़ के नेताओं को बड़ी जिम्मेदारी दी गई। करीब छह महीने पहले ही संगठन को झोंक दिया गया।

## ओडिशा : ट्रक से टकराई कार, पांच की मौत

**जाजपुर।** ओडिशा के जाजपुर जिले में सोमवार को एक भीषण सड़क हादसे में दो महिलाओं सहित कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई जबकि सात अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक यह हादसा जाजपुर जिले के जेनापुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत दैतारी-पारादीप एक्सप्रेस राजमार्ग पर बराढा चौक के पास हुआ।


**कार्यालय नगरपालिका परिषद सारंगढ़**
**जिला-सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.)**

क्रमांक/338/लो.क./2026 सारंगढ़ दिनांक :- 04/05/26

**-:: निविदा संशोधन सूचना ::-**

एतद् द्वारा कार्यालय नगरपालिका परिषद सारंगढ़ द्वारा जारी मेनुअल निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 166 दिनांक 16.04.2026 के तहत जारी किया गया था। जिसमें अपरिहार्य कारणों से निविदा तिथि में संशोधन निम्नानुसार किया जा रहा है।

1. परीक्षण उपरांत निविदा प्रपत्र प्रदाय करने की तिथि – 06.05.2026 05.00 बजे शाम तक
2. निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि – 12.05.2026 03.00 बजे दोपहर तक
3. निविदा खोलने की तिथि – 12.05.2026 04.00 बजे दोपहर से

शेष नियम व शर्तें यथावत रहेंगी।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद सारंगढ़



**कार्यालय नगर पंचायत टुण्डरा, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**
Email Id-nagarpanchayattundra@gmail.com

क्रमांक / 167/ लो.नि.वि. / नं.प./2026-27 टुण्डरा, दिनांक 04/05/2026

**// ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना (प्रथम निविदा) //**

नगर पंचायत टुण्डरा द्वारा निम्नालिखित कार्य हेतु सक्षम क्षेणी में एकीकृत पंजीयन प्रणाली से पंजीकृत एजेंसी / फर्म से ई-प्रोक्यरमेंट टेंडर सिस्टम के माध्यम से आमंत्रित की जाती हैं, जिसका विवरण निम्नानुसार हैः-

| क्र. | सिस्टम टेंडर | कार्य का नाम | लागत राशि (लाख में) | आनलाईन निविदा की अंतिम तिथि | फिजिकल दस्तावेज प्राप्त होने की अंतिम तिथि | निविदा खोले जाने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 3 | 4 | 5 | 7 |
| 1 | 190157 | Revamping of Material Recovery Facility (MRF) including installation of Machinery and construction of Compost Plant in Municipal Areas of TUNDRA, Chhattisgarh | 23.98 लाख | दिनांक 26.05.2026 समय-शाम 6.00 बजे तक | दिनांक 01.06.2026 समय-शाम 3.00 बजे तक | दिनांक 01.06.2026 समय-शाम 4.00 बजे से |

नोटः- 1. निविदा संबंधी समस्त दस्तावेज, अमानत राशि व टेंडर प्रोसेसिंग फीस ऑन लाईन अपलोड करना अनिवार्य है। 2. अन्य भार्ते व विस्तृत जानकारियां संबंधित शाखा या विभाग से ई-प्रोक्योरमेंट वेब http://eproc.cgstate.gov.in से प्राप्त की जा सकती है।
"नगर पंचायत के करों का भुगतान समय सीमा में अवश्य करें"

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत टुण्डरा


## राशिफल

**मेष** – दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार की सुख-सुविधाओं के लिए खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**वृष** – मन प्रसन्न तो रहेगा। परन्तु बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है।

**मिथुन** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

**कर्क** – परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। भाइयों से मतभेद हो सकते हैं। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**सिंह** – संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी मित्र के सहयोग से सम्पत्ति में किया गया निवेश लाभप्रद रहेगा। मीठे खानपान में रुचि रहेगी।

**कन्या** – संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। कुटुम्ब की किसी बुजुर्ग महिला से धन मिल सकता है। लंबे समय से रुके हुए कार्य पूरे होंगे।

**तुला** – वाणी में मधुरता रहेगी। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। आय में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** – मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आयेगी। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी।

**धनु** – क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। कारोबार में किसी मित्र के सहयोग से लाभ में वृद्धि होगी।

**मकर** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें।

**कुंभ** – आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा। परन्तु आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। धार्मिक आयोजनों में हिस्सा लेंगे।

**मीन** – मन प्रसन्न रहेगा। कर्मक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

## झारखंड : सड़क हादसों में सात की मौत

**रांची।** झारखंड में पिछले 24 घंटों में चार अलग-अलग सड़क हादसों में तीन नाबालिगों सहित सात लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि सोमवार को गिरिडीह जिले में चौपहिया दो वाहनों की भिड़ंत में आठ वर्षीय बच्ची समेत दो लोगों की मौत हो गई और करीब 14 से 15 अन्य घायल हो गए। उन्होंने बताया कि यह दुर्घटना घंघरी गांव के पास राष्ट्रीय राजमार्ग-2 पर हुई। बागोदर थाने के प्रभारी अधिकारी अंजन कुमार ने बताया, 'लड़की की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 55 वर्षीय एक व्यक्ति ने सरकारी अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। अन्य घायलों का इलाज चल रहा है।' पुलिस अधिकारी ने बताया कि पलामू जिले में पांकी थाना क्षेत्र के अंतर्गत दो अलग-अलग सड़क हादसों में दो नाबालिगों सहित तीन लोगों की मौत हो गई।


**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विक्रेता-श्री हरीश, रमा, राधा पिता-रामभरोसा, निवासी-साजा बेमेतरा (छ.ग.) की भूमि मौजा साजा, प.ह.नं. 09, रा.नि.मं. साजा, तह. साजा, जिला बेमेतरा में स्थित खसरा नं. 3719 रकबा 0.4100 हे. को खरीदने का पक्का सौदा कर अग्रिम राशि (ब्याना) अदा कर इकरारनामा निष्पादित कर लिया है केवल विक्रय विलेख का पंजीयन होना शेष है।

अतः उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, निगम, बोर्ड, बैंक, साहूकार, शासकीय, अशासकीय, अर्द्धशासकीय संस्था आदि को कोई उजर आपत्ति हो तो मय दस्तावेज के सूचना प्रकाशन के 07 दिन (सात दिन) के अंदर निम्न पते पर प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात की गई आपत्ति, उजर, दावा शून्य मानी जावेगी एवं मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी तथा मेरे पक्षकार द्वारा उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति का पंजीयन (रजिस्ट्री) अपने पक्ष में 15 दिनों के अंदर करा लिया जावेगा।

अतः सूचना जाने।

दुर्ग
दिनांक : 04.05.2026

एन.आर. साहू (अधिवक्ता)
तहसील कार्यालय, दुर्ग (छ.ग.)
मो.नं. 9770579275



**कार्यालय, नगर पालिक निगम राजनांदगांव (छ.ग.)**

**// ई-प्रक्योरमेंट निविदा सूचना (4th call)//**

क्रमांक/225/ ई-टेण्डर/ लोक-11 / 2025-26 राजनांदगांव, दिनांक 29/04/2026

नगर पालिक निगम, राजनांदगांव में निम्न कार्य हेतु आन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती हैः-

| स. क्र | सिस्टम टेंडर नं. | कार्य का नाम | लागत राशि लाख रूपये में | निविदा आनलाईन भरने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 189788 | Construction and Demolition (C&D) Waste Processing & Recycling Plant Municipal Corporation Rajnandgaon (3 Year Operation & Maintenance) | 63.68 | 08.05.2026 |

उपरोक्त कार्यों की निविदा से संबंधित सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय, नगर पालिक निगम, राजनांदगांव के (स्वास्थ्य विभाग) एवं वेबसाईट www.mcrjn.com & https://eproc.cgstate.gov.in से प्राप्त की जा सकती है। उक्त निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन, शुद्धिकरण एवं अमेंडमेंट हेतु पृथक से विज्ञापन जारी नही किया जावेगा। वेबसाईट में ही प्रकाशित किया जावेगा।

आयुक्त
नगर पालिक निगम राजनांदगांव



**कार्यालय नगर पंचायत चारामा,**
**जिला-उ.ब. कांकेर (छ. ग.)**

क्र./77/लो.नि.वि./न.पं./2026-27 चारामा, दिनांक 04/05/2026

**-: मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना (द्वितीय):-**


नगर पंचायत चारामा द्वारा सांसद निधि/विधायक निधि/अध्यक्ष निधि / पार्षद निधि/ मरम्मत संधारण / निकाय निधि से वार्षिक निविदा वर्ष 2026-27 में निम्नांकित कार्य कराये जाने हेतु लो.नि.वि. द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों / सप्लायरों / फर्मो से निविदा प्रपत्र "अ" एवं "ब" में तीन लिफाफा (निविदा प्रपत्र एवं अमानत राशि एफ.डी.आर.) पद्धति से मुहरबंद पंजीकृत डाक / स्पीडपोस्ट के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती हैः-

1. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि :- 11/05/2026 दिन सोमवार समय 5.00 बजे तक
2. निविदा प्रपत्र विक्रय की तिथि :- 15/05/2026 दिन शुक्रवार समय 5.30 बजे तक
3. निविदा प्रस्तुत करने की तिथि :- 21/05/2026 दिन गुरूवार समय 3.00 बजे तक
4. निविदा खोलने की अंतिम तिथि :- 21/05/2026 दिन गुरूवार समय 4.00 बजे तक

उपरोक्त कार्य हेतु टेक्नीकल स्पेसिफिकेशन, निविदा संबधी संपूर्ण शर्ते / जानकारी कार्यालयीन दिवस में कार्यालय नगर पंचायत चारामा से प्राप्त की जा सकती है एवं विभागीय पोर्टल http://uad.cg.gov.in से भी डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत चारामा


## शब्द पहेली - 6216



**बाएँ से दाए-**
1. एक असुर जिसे शिव ने वरदान दिया था -4
4. दान देने वाला-4
7. सवारी गाड़ी-2
8. संख्या, रत्न-2
10. जाप, मंत्र पाठ-2
12. आक्रमणकारी-5
14. अपशिष्ट पदार्थ-2
15. दिन, प्रहार-2
16. भीगा हुआ-2
17. शिशु, पैदा हुआ बच्चा-4
19. कीमती-4
20. आलसी, निष्ठाहीन-5
21. जिसे दीक्षा नहीं दी गई हो-5
22. गारंटी, मुचलका-4
24. रिश्तेदार-2
25. शेर, नाहर-2
26. पिटाई, चोट-2
27. निम्नता, न्यूनता-5
31. परिणाम, निष्कर्ष-2
32. महेंद्रसिंह धोनी को इस नाम से भी जानते हैं-2
33. मूल, कंद-2
34. उदाहरणार्थ-4
35. पितृपक्ष-4

**ऊपर से नीचे**
2. सवेरा, भोर-3
3. सांभर जैसा आहार -3
4. दैत्य, असुर-3
5. शहर-3
6. तरुण, जवान-4
9. एक महीन व कीमती कपड़ा-4
11. ईश्वर, रब-7
13. डांट, फटकार, भर्त्सना -3,4
14. भारत के पुर्व प्रधानमंत्री-5,2
18. अधीन-3
19. निवेदन, प्रार्थना-3
21. असमतल-4
23. धमाका, सनसनी-4
27. करिश्मा-3
28. बारीक-3
29. कपड़े धोनेवाला-3
30. पिटाई करना, भांपना-3

**शब्द पहेली - 6215 का हल**



## सूडोकु नवताल - 6226

★★★✫☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| | 6 | | 8 | 9 | | | 7 | 5 |
| 3 | | | 1 | | | | | 2 |
| | 3 | | 4 | | | | 6 | |
| 6 | | 2 | | 1 | | 4 | | 3 |
| | 8 | | | | 5 | | 2 | |
| 2 | | | | | 3 | | | 1 |
| 5 | 1 | | | 7 | 6 | | 4 | |
| | 9 | | | 4 | | | 3 | 6 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6225 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |

**खबर संक्षेप**

## एचएफसीएल को निजी दूरसंचार से मिला ठेका

HFCL BSNL

**नई दिल्ली।** दूरसंचार उपकरण बनाने वाली कंपनी एचएफसीएल को एक प्रमुख घरेलू निजी दूरसंचार सेवा प्रदाता कंपनी से 84.23 करोड़ रुपये का ठेका मिला है। यह ठेका 'ऑप्टिकल फाइबर केबल' की आपूर्ति के लिए है और इसे कंपनी की अनुषंगी एचटीएल लिमिटेड के साथ मिलकर प्राप्त किया गया है।

## गोदरेज प्रॉपर्टीज का लाभ 70 प्रतिशत बढ़ा

Godrej PROPERTIES

**नई दिल्ली।** गोदरेज प्रॉपर्टीज का जनवरी-मार्च तिमाही में एकीकृत शुद्ध मुनाफा 70 प्रतिशत बढ़कर 649.88 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी का शुद्ध मुनाफा पिछले वर्ष की समान अवधि में 381.99 करोड़ रुपये था। मार्च तिमाही में कुल आय बढ़कर 3,806.65 करोड़ रुपये हो गई जो पिछले वर्ष की समान अवधि में 2,681.06 करोड़ रुपये थी।

- यूरिया और उर्वरकों की कीमतों में बढ़ोतरी का रुझान दिख रहा
- खरीफ 2026 सत्र में उर्वरकों की उपलब्धता 'अच्छी' और 'स्थिर' बनी हुई है
- मार्च-अप्रैल के लिए घरेलू उत्पादन 67.76 लाख टन रहा

### सब्सिडी खर्च 1.71 लाख करोड़ रुपए से अधिक होने का अनुमान

# पश्चिम एशिया संकट: बजट अनुमान से अधिक रह सकती है उर्वरक सब्सिडी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में जारी संकट के कारण आयातित यूरिया और अन्य उर्वरकों की बढ़ती कीमतों के बीच वित्त वर्ष 2026-27 के लिए सरकार का उर्वरक सब्सिडी खर्च 1.71 लाख करोड़ रुपये के बजटीय आवंटन से अधिक होने का अनुमान है।

मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को यह यह कहा। उर्वरक विभाग में अतिरिक्त सचिव अपर्णा एस शर्मा ने पश्चिम एशिया के घटनाक्रम पर एक अंतर-मंत्रालयी सम्मेलन में कहा, ''हम जानते हैं कि कीमतें बढ़ी हैं। यूरिया और अन्य उर्वरकों दोनों की कीमतों में बढ़ोतरी का रुझान दिख रहा है...। निश्चित रूप से बढ़ोतरी होगी, लेकिन अभी कुछ नहीं कहा जा सकता।''

### उर्वरकों की उपलब्धता अच्छी और स्थिर

शर्मा ने कहा कि पश्चिम एशिया संकट के कारण आपूर्ति श्रृंखला में आई रुकावटों के बावजूद, खरीफ 2026 सत्र में उर्वरकों की उपलब्धता 'अच्छी' और 'स्थिर' बनी हुई है। मार्च-अप्रैल के लिए घरेलू उत्पादन 67.76 लाख टन रहा। इसमें यूरिया (40.72 लाख टन), डाई अमोनियम फॉस्फेट (5.39 लाख टन), एनपीके (13.65 लाख टन) और एसएसपी (8 लाख टन) शामिल हैं।




### अस्थायी बंद संयंत्र फिर से होगे चालू

शर्मा ने बताया कि यूरिया के कुछ ऐसे संयंत्र जो अस्थायी रूप से बंद हो गए थे, वे अब फिर से चालू होने वाले हैं। उनके लिए गैस की आपूर्ति पहले ही सुनिश्चित कर ली गई है। यूरिया के आयात के लिए एक वैश्विक निविदा की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है और मई-जून तक इसकी आपूर्ति होने की उम्मीद है।



### समय से पहले स्टॉक किया जाएगा जमा

अधिकारियों के अनुसार यह 'बेहतर योजना और समय से पहले स्टॉक जमा करने' की रणनीति को बताता है। कृषि मंत्रालय के आकलन के आधार पर राज्यों के हिसाब से मांग का खाका तैयार कर लिया गया है और इसके लिए स्टॉक जमा करने तथा अग्रिम योजना बनाने का काम पहले ही पूरा कर लिया गया है। केंद्रीय स्तर पर स्टॉक जमा करने के अलावा, जिलों के भीतर इसके पुनर्वितरण की जिम्मेदारी राज्य सरकारों की ही रहेगी।

### 19 लाख टन एनपीके उर्वरकों के आयात के लिए निविदा जारी

उर्वरकों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए 19 लाख टन एनपीके उर्वरकों के आयात हेतु एक अलग वैश्विक निविदा भी जारी किया गया है। कृषि विभाग ने खरीफ 2026 सत्र के लिए उर्वरकों की आवश्यकता 390.54 लाख टन रहने का अनुमान जताया है। इसके मुकाबले, राज्यों ने पहले ही 195.71 लाख टन उर्वरक का स्टॉक जमा कर लिया है। यह कुल आवश्यकता का लगभग 50 प्रतिशत है।

### आपातकालीन प्रकोष्ठ होगा स्थापित

शर्मा ने कहा, ''हम राज्यों के साथ नियमित बैठकें कर रहे हैं। जैसे-जैसे मौसम नजदीक आएगा, पुनर्वितरण से जुड़ी समस्याओं से निपटने के लिए एक चौबीस घंटे संचालित होने वाला आपातकालीन प्रकोष्ठ स्थापित किया जाएगा।''

### घरेलू उत्पादन का लक्ष्य तय

इसके अलावा 17 लाख टन का आयात भी किया गया। यह आयात बंदरगाह और विदेश मंत्रालयों के समन्वित प्रयासों से संभव हो पाया। विभाग ने मई महीने के लिए 22 लाख टन यूरिया, 4 लाख टन डीएपी और 8 लाख टन एनपीके के घरेलू उत्पादन का लक्ष्य रखा है।

## चुनावी नतीजों से शेयर बाजार में तेजी लौटी सेंसेक्स 356 अंक चढ़ा

एजेंसी ▶▶ मुंबई



- कारोबार के दौरान एक समय सेंसेक्स 997 .25 अंक उछल गया था
- प्रमुख कंपनियों में निवेशकों की खरीदारी से बाजार में आई तेजी

प्रमुख कंपनियों में लिवाली आने और पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव नतीजे बाजार की उम्मीदों के अनुरूप रहने से सोमवार को घरेलू शेयर बाजार चढ़कर बंद हुए। सेंसेक्स में 356 अंक की मजबूती रही जबकि निफ्टी 122 अंक चढ़ा।

बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 355.90 अंक यानी 0.46 प्रतिशत बढ़कर 77,269.40 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 997.25 अंक उछलकर 77,910.75 अंक तक पहुंच गया था। इसी तरह, एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 121.75 अंक यानी 0.51 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,119.30 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से अदाणी पोर्ट्स, हिंदुस्तान यूनिलीवर, रिलायंस इंडस्ट्रीज, लार्सन एंड टुब्रो, इटर्नल और मारुति सुजुकी के शेयर प्रमुख रूप से लाभ में रहे। दूसरी तरफ, भारती एयरटेल, कोटक महिंद्रा बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और आईटीसी के शेयर नुकसान में रहे।

### बाजार में आगे तेजी की संभावना


मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख (संपत्ति प्रबंधन) सिद्धार्थ खेमका ने कहा, /''बाजार में आगे भी बढ़त का रुख बने रहने की उम्मीद है। यह कच्चे तेल की कीमतों में नरमी, मजबूत घरेलू आंकड़े और पांच राज्यों के चुनाव परिणामों के बाद राजनीतिक स्पष्टता पर आधारित रहेगा।

## अंबुजा सीमेंट्स का लाभ 37 प्रतिशत बढ़कर 1,857 करोड़ रुपए

Ambuja Cement
Giant Compressive Strength

**नई दिल्ली।** अदाणी समूह की कंपनी अंबुजा सीमेंट्स लिमिटेड (एसीएल) का वित्त वर्ष 2025-26 की जनवरी-मार्च तिमाही में शुद्ध लाभ 37.43 प्रतिशत बढ़कर 1,857.43 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि वित्त वर्ष 2024-25 की समान तिमाही में उसका शुद्ध लाभ 1,351.46 करोड़ रुपये था। समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी की एकीकृत परिचालन आय 10 प्रतिशत बढ़कर 10,891.68 करोड़ रुपये हो गई, जो 2024-25 की समान तिमाही में 9,894.41 करोड़ रुपये थी। जनवरी-मार्च तिमाही के दौरान कंपनी का कुल खर्च 19.3 प्रतिशत बढ़कर 10,525.09 करोड़ रुपये हो गया। चौथी तिमाही में कंपनी की सीमेंट बिक्री से आय 8.6 प्रतिशत बढ़कर 10,417.69 करोड़ रुपये रही।

## फिल्म 'IIZ' के प्रमोशन में रायपुर पहुंचे सितारे, 'एटी ज्वैलर्स' में बिखरी ग्लैमर की चमक



**रायपुर।** आगामी बॉलीवुड फिल्म 'IIZ' (इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ जॉम्बी) के प्रमोशन के तहत शहर के प्रतिष्ठित ज्वेलरी हाउस अनोपचंद तिलोकचंद ज्वैलर्स प्रा. लि. में शनिवार को खास आयोजन हुआ। इस दौरान फिल्म से जुड़े कलाकारों की मौजूदगी ने शोरूम के माहौल को खास बना दिया। कार्यक्रम में प्रसिद्ध हास्य अभिनेता जॉनी लीवर के पुत्र जेसी लीवर और अभिनेत्री रोज सरदाना ने शोरूम का दौरा किया तथा यहां के विशेष ज्वेलरी कलेक्शन की सराहना की। कलाकारों ने पारंपरिक और आधुनिक डिजाइनों के अनूठे संयोजन को आकर्षक बताया। अभिनेत्री रोज सरदाना ने कहा कि उन्होंने कई ज्वेलरी स्टोर्स देखे हैं, लेकिन यहां की डिजाइनिंग, फिनिशिंग और एलिगेंस अलग पहचान रखती है। उन्होंने हीरे जड़ित मांग टीका, पॉलिश्ड चोकर सेट और पोल्की नेकलेस पहनकर संग्रह की खूबसूरती को सराहा।

***लीवर ने देखा पुरुषों का कलेक्शन :*** *वहीं जेसी लीवर ने पुरुषों के कलेक्शन में मौजूद कफ़लिंक, ब्रोच और रिंग डिजाइनों को आधुनिक और क्लासी बताया। उन्होंने कहा कि यहां की कारीगरी और स्टाइल बॉलीवुड रेड कार्पेट के अनुरूप है। शोरूम के चेयरमैन तिलोकचंद बरड़िया ने कलाकारों के आगमन को सम्मान की बात बताते हुए कहा कि ग्राहकों को परंपरा और आधुनिकता का बेहतरीन संगम देना उनकी प्राथमिकता है।*

***फिल्म रिलीज के लिए दी शुभकामनाएं***

*कार्यक्रम के अंत में ज्वैलर्स परिवार ने फिल्म '**IIZ**' की टीम को 15 मई को होने वाली रिलीज के लिए शुभकामनाएं दीं। यह आयोजन रायपुर में फैशन, ग्लैमर और बॉलीवुड के संगम का खास उदाहरण बना।*

- कुछ व्यक्तियों और संस्थानों द्वारा यह अभियान चलाया जा रहा

## आरबीआई की चेतावनी, कर्ज माफी वाले भ्रामक दावे से रहें सावधान

एजेंसी ▶▶ मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सोमवार को कर्ज माफी का झांसा देने वाले अनधिकृत और भ्रामक अभियानों से जनता को सावधान रहने को कहा। साथ ही ऐसे व्यक्तियों या संस्थाओं से दूर रहने की सलाह दी। केंद्रीय बैंक ने कहा, /''आरबीआई ने विभिन्न माध्यमों और प्रत्यक्ष संपर्क के जरिए कुछ व्यक्तियों और संस्थाओं द्वारा चलाए जा रहे ऐसे अभियानों के लगातार सामने आने पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। आरबीआई ने दिसंबर 2023 में जारी अपनी इसी तरह की चेतावनी को भी दोहराया। केंद्रीय बैंक ने कहा कि ऐसे अभियान न केवल आम लोगों को गुमराह करते हैं, बल्कि देश की ऋण प्रणाली के सुचारु संचालन में भी बाधा डालते हैं। इन अभियानों में बैंकों या गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों के बकाया ऋण माफ करने के झूठे वादे, कर्ज माफी प्रमाणपत्र जैसे दस्तावेज जारी करने का दावा और सेवा या कानूनी शुल्क के नाम पर लोगों से पैसे वसूलना शामिल है। यह दोहराया जाता है कि ऐसी सेवाएं देने का दावा करने वाले व्यक्तियों या संस्थाओं के सभी दावे झूठे और भ्रामक हैं तथा उनके खिलाफ लागू कानूनों के तहत उचित कानूनी कार्रवाई की जा सकती है।/


**JHARIA REHABILITATION AND DEVELOPMENT AUTHORITY, DHANBAD**

**e-Procurement Notice**

**Tender Reference No: JRDA/CIVIL/26-27/03/35**

**Date: 29.04.2026**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of Work | Providing and Laying PCC in back and middle side of blocks at Phase – II & Phase -III, Belgaria, Township Dhanbad |
| 2. | Estimated Cost | Rs. 3,93,27,023.00 |
| 3. | EMD | Rs. 3,93,300.00 |
| 4. | Tender Document Cost | Rs. 10,000.00 |
| 5. | Time of Completion | 08 months |
| 6. | Date/Time from which bid is available for online bidding | 05.05.2026 at 03:00 PM |
| 7. | Last Date/Time for on-line submission of bids | 26.05.2026 at 05:00 PM |
| 8. | Date and Time of Bid Opening | 28.05.2026 at 11:30 AM |
| 9. | Name and Address of Officer inviting tender | Head of Department (Civil), JRDA, Dhanbad Hatia More, Golf Ground Road, Hirapur, Dhanbad - 826001 Jharkhand, India Email: infojrda.dhn@gmail.com |

Note : 1. Only e-tenders will be accepted.
2. Further details can be seen on website – https://jharkhandtenders.gov.in

Head of Department (Civil),
JRDA, Dhanbad

PR 378967 Rural Development (26-27)D



**छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड**

C/PDCL

(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम)

कार्यालय कार्यपालन अभियंता ( संचा. / संधा.) संभाग, डोंगरगांव

क्र.- 5447-00/सामा./160 डोंगरगांव, दिनांक 04/05/2026

सम्माननीय विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि, डोंगरगांव संभाग के अन्तर्गत विभिन्न 33/11 के. व्ही. लाईनों में मानसून पूर्व मेन्टनेंस कार्य किया जाना प्रस्तावित है। अतः निम्नलिखित प्रदर्शित क्षेत्रों में प्रातः 09.00 बजे से शाम 4.00 बजे तक विद्युत प्रवाह बंद रहेगा।

| क्र. | दिनांक | दिन | फिडर का नाम | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 06.05.2026 | बुधवार | 11 केव्ही कोकपुर बस्ती फीडर | 11 केव्ही कोकपुर बस्ती फीडर से निकलने वाली रेंगाकठेरा, माथलडबरी, आतरगांव, खुर्शीटिकुल, अछोली, चांदो, देवरी फीडर से संबद्ध समस्त ग्राम। |
| 2 | 06.05.2026 | बुधवार | 11 केव्ही करमरी फीडर | 11 केव्ही करमरी फीडर से निकलने वाली बड़भूम, ब. चारभाठा, कापा, कलडबरी, करमरी, अरजकुण्ड फीडर से संबद्ध समस्त ग्राम । |
| 3 | 06.05.2026 | बुधवार | 11 केव्ही नादिया पंप फीडर | 11 केव्ही नादिया पंप फीडर से निकलने वाली नादिया, घुपसाल, चारभाठा, कुल्हाड़ी फीडर से संबद्ध समस्त ग्राम। |
| 4 | 06.05.2026 | बुधवार | 11 केव्ही रामतराई बस्ती फीडर | 11 केव्ही रामतराई बस्ती फीडर से निकलने वाली रामतराई, कुहीकला, कुहीखुर्द फीडर से संबद्ध समस्त ग्राम। |
| 5 | 07.05.2026 | गुरुवार | 11 केव्ही कोकपुर पंप फीडर | 11 केव्ही कोकपुर पंप फीडर |
| 6 | 07.05.2026 | गुरुवार | 11 केव्ही आमगांव फीडर | आमगांव कंबल फैक्ट्री |
| 7 | 07.05.2026 | गुरुवार | 11 केव्ही रामतराई पंप फीडर | 11 केव्ही रामतराई पंप फीडर से निकलने वाली रामतराई, कुहीकला, कुहीखुर्द फीडर से संबद्ध समस्त ग्राम। |
| 8 | 09.05.2026 | शनिवार | 11 केव्ही बी.टी.आई फीडर | 11 केव्ही बी.टी.आई फीडर से निकलने वाली किल्लापारा, पुराना थाना, बी.टी.आई फीडर से संबद्ध समस्त ग्राम। |
| 9 | 11.05.2026 | सोमवार | 11 केव्ही बुचाटोला बस्ती फीडर | 11 केव्ही बुचाटोला बस्ती फीडर से निकलने वाली बुचाटोला, मासूल, ऐटमेटा फीडर से संबद्ध समस्त ग्राम । |
| 10 | 12.05.2026 | मंगलवार | 11 केव्ही बुचाटोला पंप फीडर | 11 केव्ही बुचाटोला पंप फीडर से निकलने वाली बुचाटोला, मासूल, ऐटमेटा फीडर से संबद्ध समस्त ग्राम। |
| 11 | 16.05.2026 | शनिवार | 11 केव्ही टाउन-1 फीडर | 11 केव्ही टाउन-1 फीडर से निकलने वाली मेनरोड डोंगरगांव, मोंगराकॉलोनी, पुराना बस स्टैण्ड, पुराना बाजार फीडर से संबद्ध समस्त ग्राम। |
| 12 | 23.05.2026 | शनिवार | 11 केव्ही टाउन-2 फीडर | 11 केव्ही टाउन-2 फीडर से निकलने वाली बोधीटोला, मटिया, आई.एच.एस.डी.पी. सिनेमा लाईन, साकेतधाम फीडर से संबद्ध समस्त ग्राम । |
| 13 | 26.05.2026 | मंगलवार | 11 केव्ही कुमरदा फीडर | 11 केव्ही कुमरदा फीडर से निकलने वाली मोहड़, ग्रामीण पंप लाईन फीडर से संबद्ध समस्त ग्राम। |

टीप :- आवश्यकतानुसार समय घटाई व बढ़ाई जा सकती है।

बी.के. उइके (9510975)
कार्यपालन अभियंता (संचा./संधा.) संभाग
छ. स्टे. पा. डिस्ट्री. कं. लि. डोंगरगांव


## भारत विदेशों से अपना सोना वापस ला रहा, वित्तीय बाजारों में हलचल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

यूएस और ईरान के बीच बढ़ते तनाव का असर दुनियाभर में देखने को मिल रहा है। इसी वजह से भारत की अर्थव्यवस्था भी गड़बड़ा रही है। तनाव की स्थिति इस कदर बिगड़ रही है कि अब भारत अपनी आर्थिक सुरक्षा को मजबूत करने के लिए तेज हो गया है। इसके लिए विदेशों में रखा भारत का सोना वापस लाया जा रहा है।एक रिपोर्ट के मुताबिक केवल भारत ही नहीं बल्कि दुनियाभर को ये डर है, कि अन्य देशों में रखा उनका सोना सुरक्षित है या नहीं।

ऐसे में सभी अन्य देश इसकी जुगत में लगे हैं। हालांकि भारत के सोने का एक बड़ा हिस्सा विदेशों के बैंकों, खासकर ब्रिटेन जैसे देशों में सुरक्षित रहता है। लेकिन मौजूदा हालातों के चलते लगाए गए प्रतिबंध और युद्ध जैसी परिस्थितियों को देखते हुए सरकार और आरबीआई अब सोने को अपने देश में ही सुरक्षित रखने की तैयारी में है।

## विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि में अप्रैल में मामूली सुधार

**नई दिल्ली।** देश के विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधियों में नए कारोबार की शुरुआत और उत्पादन में वृद्धि के मामले में अप्रैल में मामूली सुधार देखने को मिला, लेकिन वृद्धि दर लगभग चार वर्ष में दूसरे सबसे कमजोर स्तर से बढ़ी। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) मार्च के 53.9 के मुकाबले अप्रैल में 54.7 पर रहा। यह करीब चार साल में समग्र परिचालन परिस्थितियों में दूसरे सबसे धीमे सुधार को दर्शाता है। यह सूचकांक नए ऑर्डर, उत्पादन, रोजगार, आपूर्तिकर्ताओं की आपूर्ति के समय और खरीद भंडार जैसे मानकों के आधार पर समग्र स्थिति को दर्शाता है। पीएमआई की भाषा में सूचकांक का 50 से ऊपर होने का मतलब विस्तार है जबकि 50 से नीचे होना संकुचन को दर्शाता है। पीएमआई के दो सबसे बड़े घटक नए ऑर्डर और उत्पादन मार्च की तुलना में बढ़े, लेकिन पिछले साढ़े तीन साल के स्तर से पीछे रहे।


**जे-17011/418/2022-प्रशा.**

**युवा मामले एवं खेल मंत्रालय**

**(युवा मामलों का विभाग)**

**जीपीओए-3, नेताजी नगर, नई दिल्ली-110023**

वेबसाइट : https://yas.gov.in

**वॉक-इन-इंटरव्यू**

अनुबंध आधार पर युवा पेशेवरों की भर्ती के लिए वॉक-इन-इंटरव्यू युवा मामले विभाग, युवा मामले एवं खेल मंत्रालय, जीपीओए-3, नेताजी नगर, नई दिल्ली-110023 में 05 से 07 मई 2026 तक आयोजित किया जाएगा।

**ध्यान दें** : रिक्तियों, अन्य विवरण और शुद्धिपत्र, यदि कोई हो, हेतु कृपया हमारी वेबसाइट https://yas.gov.in पर बारम्बार पधारें। इस सम्बन्ध में कोई अलग से सूचना समाचार-पत्र में प्रकाशित नहीं की जाएगी।

हस्ता/- भारत सरकार के अवर सचिव

सीबीसी-47107/11/0002/2627



**-:: संक्षिप्त सूचना/समाचार ::-**

**शीघ्रलेखन एवं मुद्रलेखन कम्प्यूटर कौशल परीक्षा परिषद् द्वारा कम्प्यूटर कौशल परीक्षाओं के लिए ऑनलाईन आवेदन की तिथि घोषित**

**क्र. शी.मु.क.कौ.प.प./ मु.कौ. परीक्षा / सूचना / 64/2026/14**

**नवा रायपुर दिनांक 30/04/2026**

शीघ्रलेखन एवं मुद्रलेखन कम्प्यूटर कौशल परीक्षा परिषद्, लोक शिक्षण संचालनालय छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर के माध्यम से परिषद् द्वारा हिन्दी / अंग्रेजी शीघ्रलेखन में 100 शब्द प्रतिमिनट की गति से एवं हिन्दी / अंग्रेजी कम्प्यूटर मुद्रलेखन की गति 5000, 8000 एवं 10000 Key डिप्रेशन प्रतिघंटा के मान से परीक्षाएं आयोजित किये जाने हेतु ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित है। आवेदन भरने के संबंध में विस्तृत जानकारी (शी.मु.क.कौ. प. परिषद् की वेबसाईट **https://ctsp.cg.nic.in/** पर उपलब्ध है) का अवलोकन करे, जिसमें ऑनलाईन आवेदन संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश उपलब्ध है। इच्छुक अभ्यर्थी जो निर्धारित शैक्षणिक अर्हता कक्षा 10 वीं उत्तीर्ण एवं 16 वर्ष की आयु पूर्ण करते हो वे ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। अभ्यर्थियों के लिए ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत करने की तिथि 02/05/2026 से 19/05/2026 तक निर्धारित की गई है।

G-262700515/2

**उप संचालक लोक शिक्षण संचालनालय छ.ग.**



**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण सूचित किया जाता है की मेरे पक्षकार ने विक्रेता लक्ष्मण साहू पिता-गंगुराम साहू निवासी-कचना रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. के स्वामित्व हक अधिपत्य की कृषि भूमि/ संपत्ति जो कि मौजा डुमरपाली प.ह.नं. 10 रा.नि.- मगरलोड, तहसील मगरलोड, जिला-धमतरी छ.ग. स्थित खसरा नं. 155, 158, 230 रकबा क्रमशः 0.55, 0.09, 0.31 हेक्टेयर को क्रय करने का पक्का सौदा कर बतौर ब्याना राशि का भुगतान कर दिया है उक्त भूमि का विक्रय विलेख का पंजीयन किया जाना शेष है।

अतः उक्त सौदा पर जिस किसी व्यक्ति, संस्था, निगम, निकाय, बैंक, वित्तीय संस्था, शासन, प्रशासन इत्यादि को उजर, दावा, आपत्ति हो तो मेरे समक्ष इस आम सूचना के प्रकाशन के 10 दिन के भीतर मय दस्तावेज लिखित में उजर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है बाद मियाद उपरोक्त संपत्ति का संव्यवहार कर बैनामा पंजीयन/ रजिस्ट्री मेरे पक्षकार द्वारा अपने पक्ष मे कर लिया जायेगा इस आम सूचना के प्रकाशन के 10 दिन के बाद उजर दावा आपत्ति किये जाने पर अवैध, व विधि विरुद्ध मानी जावेगी एवं मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगी।

जिला रायपुर छ.ग. दिनांक 04.05.2026

**भवदीय**
**खिलेश्वर साहू (अधिवक्ता)**
**निवास/ कार्यालय- बिझवारीन चौक, शीतला मंदिर के पास, लालपुर रायपुर छ.ग. 492015**
**मो.नं.- 9098535294**



**Chhattisgarh State Industrial Development Corporation Limited**

(A Government of Chhattisgarh Undertaking)
(ISO 9001:2015 Certified)
1st Floor, Udyog Bhawan, Ring Road No. 1, Telibandha, Raipur (C.G.) - 492006
CIN: U45203CT1981SG001853, PAN: AABCM6288N, GST Regn No. 22AABCM6288N5ZY
Phone: 0771-6621000 Fax: 0771-2583794
Website: www.csidc.in, Email address:csidc.cg@nic.in,csidc_raipur@yahoo.com

**NOTICE INVITING TENDER (1st Call)**
**(e-Procurement Portal)**

**No.: 02/CSIDC/E.E./Div-IV/2026-27/System No. 190161** **Raipur, Dated 04/05/2026**

Chhattisgarh State Industrial Development Corporation Ltd., Raipur (CSIDC), a Government of Chhattisgarh Undertaking constituted under the Companies Act, engaged in Industrial Infrastructure Development & Other Related Activities in the State invites online tender in "Form-A" (Percentage Rate Basis) for the following works:-

| S. No. | Name of Work | Registered Contractor in CGPWD or in appropriate class in other dep't. | Time allowed including rainy season | P.A.C. (INR Lac) | EMD (INR Rs.) | Cost of Tender Doc. (INR) including GST 18% |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Cleaning of Drain & Removal of Bushes, Shrubs along the road side for air quality improvement at I/A Engineering Park Bhilai, heavy I/A Bhilai, Light I/A Bhilai and Industrial Estate Bhilai Distt. Durg (C.G.) | D & Above | 12 Months i/c Rainy Season | 54.00 Lacs | 40,500/- | 3540/- |

The tender document containing detailed terms & conditions, scope of work and other details can be downloaded from the web portal (website) https://eproc.cgstate.gov.in from **04/05/2026** and Time 17:01 and shall be submitted online only. Amendment in tender, if any, will only be uploaded on the website and shall not be published in any newspaper.

**NOTE:-** The interested tenderers for online submission of tender may contact CG eProc Helpdesk. **Operated by Mjunction** Services Limited., they may reach Helpdesk using 18002582502 (from 9 AM to 11 PM) (therein press 2 for CG e-Proc) or you can email them at Helpdesk.eproc@cgswan.gov.in.

S-47699/2

कार्यालय एवं दुकान हेतु स्थान उपलब्ध, वेबसाईट देखें www.csidc.in



**CHHATTISGARH STATE POWER DISTRIBUTION COMPANY LTD.**

**No.02-08/MT/2025-26/Tr. No.-2985 to T-2992/229** **/Raipur Dt- 15.04.2026**

**NOTICE FOR E-TENDER**

1.Online bids are invited through CSPDCL tendering system (SAP SRM) from Eligible Electrical Contractors registered in the O/o CE (PROJECT), CSPDCL, Gudhiyari, Raipur for following works. Registration of electrical contractors is opened & will be allowed for this tender till one day prior to date of opening of the tender. 2. The registration of contractor will remain open. For details and further notifications keep visiting http://www. cspdcl.co.in ->project department->ebidding portal. 3. Bidders may visit the site www.cspdcl.co.in/project **office/ contractors section** to know the qualifying criteria for registration of contractors to be eligible for participating in the tender. **4. Bid information must be submitted in the prescribed format only. No deviation shall be permitted.**

| Sr. No. | Tender No / Rfx no. | Name of work | Tender amount (excl. GST) (in Lacs.) | Eligible class for bidding | Time & Due date of submission |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Tr.no 2985 RFx-8100050841 | Electrification of un-electrified vill. - **RAUTSARAI** under Sonhat D/C of O&M Dn. CSPDCL Baikunthpur under MMMTVY (051). | ₹ 133.58 | Class I,II,III & IIIA | 12.00 noon 07.05.2026 |
| 2 | Tr.no 29 86 RFx-8100050842 | Electrification of un-electrified vill.- **JOGIYA** under Sonhat D/C of O&M Dn. CSPDCL Baikunthpur under MMMTVY (051). | ₹57.62 | Class I,II,III & IIIA | 12.00 noon 07.05.2026 |
| 3 | Tr.no 29 87 RFx-8100050843 | Electrification of un-electrified vill.- **PATTARGAWA** under Sonhat D/C of O&M Dn. CSPDCL Baikunthpur under MMMTVY (051). | ₹51.32 | Class I,II,III & IIIA | 12.00 noon 07.05.2026 |
| 4 | Tr.no 29 88 RFx-8100050844 | Electrification of un-electrified vill.-**PALARIDAND** under Sonhat D/C of O&M Dn. CSPDCL Baikunthpur under MMMTVY (051). | ₹36.43 | Class I,II,III & IIIA | 12.00 noon 07.05.2026 |
| 5 | Tr.no 29 89 RFx-8100050845 | Electrification of un-electrified vill.-**NIGNOHAR** under Sonhat D/C of O&M Dn. CSPDCL Baikunthpur under MMMTVY (051). | ₹36.61 | Class I,II,III & IIIA | 12.00 noon 07.05.2026 |
| 6 | Tr.no 29 90 RFx-8100050846 | Electrification of un-electrified vill.-**PARIHAT** under Sonhat D/C of O&M Dn. CSPDCL Baikunthpur under MMMTVY (051). | ₹29.11 | Class I,II,III & IIIA | 12.00 noon 07.05.2026 |
| 7 | Tr.no 29 91 RFx-8100050847 | Electrification of un-electrified vill.-**RAJPURI** under Sonhat D/C of O&M Dn. CSPDCL Baikunthpur under MMMTVY (051). | ₹21.90 | Class I,II,III & IIIA | 12.00 noon 07.05.2026 |
| 8 | Tr.no 29 92 RFx-8100050848 | Electrification of un-electrified vill.-**BHALUWAR** under Sonhat D/C of O&M Dn. CSPDCL Baikunthpur under MMMTVY (051). | ₹21.41 | Class I,II,III & IIIA | 12.00 noon 07.05.2026 |

//Save Electricity//

**CHIEF ENGINEER (PROJECT)**
**CSPDCL: RAIPUR**

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| पंजाब | 9 | 6 | 2 | 13 |
| बेंगलुरु | 9 | 6 | 3 | 12 |
| हैदराबाद | 10 | 6 | 4 | 12 |
| राजस्थान | 10 | 6 | 4 | 12 |
| गुजरात | 10 | 6 | 4 | 12 |
| चेन्नई | 9 | 4 | 5 | 8 |
| दिल्ली | 9 | 4 | 5 | 8 |
| कोलकाता | 9 | 3 | 5 | 7 |
| मुंबई | 10 | 3 | 7 | 6 |
| लखनऊ | 9 | 2 | 7 | 4 |

ऑरेंज कैप



अभिषेक शर्मा
440 रन
हैदराबाद

पर्पल कैप



भुवनेश्वर कुमार
17 विकेट
बेंगलुरु

# आरसीबी को झटका, इंग्लैंड लौटे ओपनर सॉल्ट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट पिछले महीने उंगली में लगी चोट का स्कैन कराने के लिए इंग्लैंड लौट गए हैं। इस चोट के कारण साल्ट आरसीबी के पिछले तीन मैचों में नहीं खेल पाए थे।

उनकी जगह उनके हमवतन जैकब बेथेल ने विराट कोहली के साथ पारी का आगाज किया। यह 29 वर्षीय खिलाड़ी 18 अप्रैल को चिन्नास्वामी स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच के दौरान डीप बैकवर्ड स्क्वायर लेग पर बाउंड्री बचाने के लिए डाइव लगाते समय चोटिल हो गया था। उनकी बाएं हाथ की उंगली में चोट लग गई थी।



### किया गया उंगली का स्कैन

रिपोर्ट के अनुसार, 'ईसीबी (इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड) से अनुबंधित साल्ट इंग्लैंड के टीम प्रबंधन के अनुरोध पर स्वदेश लौट गए हैं और उनकी उंगली का स्कैन किया गया है।' रिपोर्ट के अनुसार आरसीबी और साल्ट दोनों को उम्मीद है कि वह जल्द फिट हो जाएंगे और वह इस महीने बाद में भारत लौट सकते हैं। साल्ट ने मौजूदा आईपीएल में छह पारियों में 168.33 के स्ट्राइक रेट से 202 रन बनाए थे। आरसीबी फिलहाल पंजाब किंग्स के बाद अंक तालिका में दूसरे स्थान पर है। उसका अगला मुकाबला गुरुवार को लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) से होगा।

# घर में जीत की राह तलाशेगी दिल्ली आज शाम 7.30 बजे से मुकाबला

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली कैपिटल्स को अपने घरेलू मैदान पर लगातार तीन हार झेलने के सिलसिले को खत्म करने के लिए मंगलवार को आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ होने वाले मैच में खेल के तीनों विभाग में अच्छा प्रदर्शन करना होगा।दिल्ली और चेन्नई दोनों टीम के 9 मैचों में आठ-आठ अंक हैं। अब जबकि उनके 5 मैच बचे हुए हैं तब छोटी सी गलती भी भारी पड़ सकती है।



## मुंबई इंडियन्स ने लखनऊ सुपर जाइंट्स को 6 विकेट से हराया, रोहित की धमाकेदार वापसी

# एमआई ने चेज किया सबसे बड़ा टारगेट, एलएसजी हारी

एजेंसी ▶▶| मुंबई

सलामी बल्लेबाजों रोहित शर्मा और रेयान रिकेल्टन के अर्धशतक और दोनों के बीच शतकीय साझेदारी से मुंबई इंडियन्स ने इंडियन प्रीमियर लीग की तालिका की सबसे निचले पायदान की दो टीम के बीच हुए मुकाबले में लखनऊ सुपर जाइंट्स को 6 विकेट से हराकर नॉकआउट में जगह बनाने की अपनी मामूली उम्मीदों को जीवंत रखा। इस जीत से मुंबई के 10 मैच में 3 जीत से 6 अंक हो गए हैं और टीम नौवें स्थान पर बनी हुई है। सुपर जाइंट्स की टीम इस हार के बाद 9 मैच में 4 अंक के साथ 10वें और अंतिम पायदान पर है। सुपर जाइंट्स के 228 रन का पीछा करते हुए मुंबई इंडियन्स ने चोट के बाद वापसी कर रहे रोहित (84 रन, 44 गेंद, छह चौके, 7 छक्के) और रिकेल्टन (83 रन, 32 गेंद, 6 चौके, 8 छक्के) के बीच पहले विकेट की 143 रन की तूफानी साझेदारी की बदौलत 8 गेंद शेष रहते 4 विकेट पर 229 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की।



### एलएसजी के पूरन और मार्श की बड़ी साझेदारी

निकोलस पूरन (63 रन, 21 गेंद, 8 छक्के, 1 चौका) ने अर्धशतक जड़ने के अलावा सलामी बल्लेबाज मिचेल मार्श (44 रन, 25 गेंद, 4 चौके, 6 छक्के) के साथ दूसरे विकेट के लिए 94 रन जोड़े, जिससे सुपर जाइंट्स ने 5 विकेट पर 228 रन बनाए। हिम्मत सिंह (नाबाद 40, 31 गेंद, दो चौके, दो छक्के) और एडेन मारक्रम (नाबाद 31, 25 गेंद, एक छक्का, एक चौका) ने अंत में छठे विकेट के लिए 49 गेंद में 68 रन की अटूट साझेदारी करके टीम का स्कोर 200 रन के पार पहुंचाया लेकिन दोनों रन गति में इजाफा करने में नाकाम रहे।

### पंड्या बाहर, रोहित की वापसी

खराब फॉर्म से जूझ रहे मुंबई इंडियन्स के कप्तान हार्दिक पंड्या सोमवार को पीठ में जकड़न के कारण लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ अपनी टीम से बाहर हो गए जबकि रोहित शर्मा की टीम में वापसी हुई है। सूर्यकुमार यादव ने बताया कि पंड्या बीमार हैं। रोहित 12 अप्रैल के बाद पहली बार टीम में वापसी कर रहे हैं। उस दिन मुंबई और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच हुए मैच के दौरान उनके पैर की मांसपेशियों में चोट लग गई थी।

### लखनऊ का पावरप्ले में सबसे बड़ा स्कोर

**90/1** बनाम एमआई, वानखेड़े, 2026*
**80/1** बनाम सीएसके, चेन्नई, 2023
**77/1** बनाम एसआरएच, हैदराबाद, 2025
**74/2** बनाम पीबीकेएस, मोहाली, 2023
**72/0** बनाम जीटी, अहमदाबाद, 2023

### रोहित और रिकल्टन की 143 रनों की साझेदारी

*रोहित शर्मा और रिकेल्टन ने मिलकर पहले विकेट के लिए 143 रन जोड़े। मुंबई इंडियंस के इतिहास की पांचवीं सबसे बड़ी साझेदारी है। रियान रिकेल्टन शतक की ओर बढ़ रहे थे, तभी मोहसिन खान ने उनको 83 रनों के निजी स्कोर पर चलता किया। रिकेल्टन ने 32 गेंदों में 6 चौके और 8 छक्कों की मदद से 83 रन बनाए। इस दौरान 259.38 का उनका स्ट्राइक रेट था। वहीं, रोहित शर्मा ने 44 गेंदों में 6 चौके और 7 छक्कों की मदद से 84 रन बनाए। उनका स्ट्राइक रेट 190.91 का था।*

### स्कोर बोर्ड

| लखनऊ सुपर जाइंट्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| मिचेल मार्श का नमन बो बॉश | 44 | 25 | 4 | 3 |
| इंग्लिस का सूर्यकुमार बो गजनफर | 13 | 5 | 3 | 0 |
| पूरन का रिकेल्टन बो बॉश | 63 | 21 | 1 | 8 |
| पंत का रिकेल्टन बो जैक्स | 15 | 10 | 1 | 1 |
| एडेन मारक्रम नाबाद | 31 | 25 | 1 | 1 |
| रघुवंशी का एवं बो रघु | 11 | 7 | 0 | 1 |
| हिम्मत सिंह नाबाद | 40 | 31 | 2 | 2 |

अतिरिक्त: 11, कुल: 20 ओवर में 228/5 रन
गेंदबाजी: चाहर 4-0-43-0, बुमराह 4-0-45-0, गजनफर 4-0-50-1, जैक्स 2-0-34-1, बॉश 2-0-20-2, रघु 4-0-36-1

| मुंबई इंडियन्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रिकेल्टन का इंग्लिस बो मोहसिन | 83 | 32 | 6 | 8 |
| रोहित का शमी बो सिद्धार्थ | 84 | 44 | 6 | 7 |
| तिलक का मारक्रम को सिद्धार्थ | 11 | 13 | 0 | 0 |
| सूर्यकुमार का पूरन बो शमी | 12 | 07 | 2 | 0 |
| नमन धीर नाबाद | 23 | 12 | 3 | 1 |
| विल जैक्स नाबाद | 10 | 4 | 0 | 1 |

अतिरिक्त: 06, 18.4 ओवर में 229/4 रन
गेंदबाजी: शमी 4-0-53-1, मोहसिन 4-0-47-1, प्रिंस 3-0-24-0, आवेश 3.4-056-0, सिद्धार्थ 4-0-47-2

# इंटर मिलान ने 21वीं बार जीता इटालियन लीग का खिताब

### इंटर मिलान ने परमा को 2-0 से हराया



एजेंसी ▶▶| मिलान

इंटर मिलान ने परमा को 2-0 से हराकर तीन दौर के मैच शेष रहते ही इटालियन लीग फुटबॉल टूर्नामेंट सीरी ए का खिताब अपने नाम कर लिया। इंटर मिलान को ट्रॉफी हासिल करने के लिए केवल एक ड्रॉ की जरूरत थी। उसने परमा पर जीत से 2025 के चैंपियन और दूसरे स्थान पर काबिज नेपोली पर 12 अंकों की अजेय बढ़त बना ली है। यह इंटर मिलान का 21वां सीरी ए खिताब है। वह सर्वाधिक खिताब जीतने के मामले में युवेंटस (36) के बाद दूसरे स्थान पर है। इंटर मिलान की तरफ से पहला गोल पहले हाफ में मार्कस थुरम ने किया जबकि 37 वर्षीय हेनरिक मखितार्यान ने 80वें मिनट दूसरा गोल दागा। इस सत्र में दो ट्रॉफियां जीतने की दौड़ में शामिल इंटर मिलान 10 दिनों में इटालियन कप के फाइनल में लाजियो का सामना करेगा।

## स्पेनिश लीग : रियाल मैड्रिड ने एस्पेनयोल को हराया, बार्सिलोना का बढ़ा इंतजार



**मैड्रिड।** विनीसियस जूनियर (55वें और 66वें मिनट) ने दूसरे हाफ में दो गोल किए, जिससे रियाल मैड्रिड ने एस्पेनयोल को 2-0 से हराकर बार्सिलोना का लगातार दूसरी बार स्पेनिश लीग फुटबॉल टूर्नामेंट ला लिगा का खिताब जीतने का इंतजार बढ़ा दिया। बार्सिलोना ने ओसासुना को 2-1 से हराकर रियाल मैड्रिड पर 14 अंकों की बढ़त बना ली थी। रियाल मैड्रिड अगर एस्पेनयोल से नहीं जीत पाता तो बार्सिलोना 29वां लीग खिताब अपने नाम कर देता। बार्सिलोना और रियाल मैड्रिड के बीच अब 11 अंक का अंतर रह गया है। अब जबकि इस प्रतियोगिता में चार दौर के मैच खेले जाने बाकी हैं तब बार्सिलोना 34 मैच में 88 अंक के साथ शीर्ष पर बना हुआ है जबकि रियाल मैड्रिड के इतने ही मैच में 77 अंक हैं। इन दोनों टीमों के बीच अब इस सप्ताह के आखिर में मैच खेला जाएगा जिसमें जीत दर्ज करने पर बार्सिलोना चैंपियन बन जाएगा।

## खबर संक्षेप



### पेशावर ने जीता पीएसएल का खिताब

**लाहौर।** आरोन हार्डी के ऑलराउंड प्रदर्शन के दम पर पेशावर जाल्मी ने हैदराबाद किंग्समेन को फाइनल में 5 विकेट से हराकर 2017 के बाद पहली बार पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब जीता। हार्डी ने 27 रन देकर चार विकेट लिए, जिससे पेशावर ने हैदराबाद को 18 ओवर में केवल 129 रन पर आउट कर दिया। पेशावर की तरफ से साइम अयूब (54) ने जुझारु अर्धशतक बनाया। इसके बाद हार्डी ने 39 गेंदों पर 56 रन की नाबाद पारी खेली, जिससे पेशावर ने गद्दाफी स्टेडियम में खेले गए फाइनल में 15.2 ओवर में 5 विकेट पर 130 रन बनाकर जीत दर्ज की।

### सामूहिक प्रयास से जीत हासिल कर रही टाइटन्स: होल्डर

**अहमदाबाद।** जेसन होल्डर का मानना है कि गुजरात टाइटन्स ने अभी तक अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं किया है लेकिन इसके बावजूद वह मैच जीत रहा है और इंडियन प्रीमियर लीग के प्लेऑफ में जगह बनाने की दौड़ में बना हुआ है। होल्डर ने इस बात पर खुशी व्यक्त की कि टीम व्यक्तिगत प्रदर्शन के बजाय सामूहिक प्रयास से जीत हासिल कर रही है। होल्डर ने कहा, 'हम जिस तरह से खेल रहे हैं उसकी खूबसूरती यह है कि हम किसी भी मैच में केवल एक खिलाड़ी के प्रदर्शन पर निर्भर नहीं हैं और अलग-अलग दिनों में अलग-अलग खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं।'

## डब्ल्यूटीए 1000 खिताब

# मार्टा ने हासिल की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग सबालेंका के बराबर पर पहुंची

एजेंसी ▶▶| मैड्रिड

मार्टा कोस्त्युक ने कॅरियर की सबसे बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए पहला डब्ल्यूटीए 1000 खिताब जीत लिया। क्ले कोर्ट पर शानदार प्रदर्शन के दम पर उन्होंने ताजा डब्ल्यूटीए रैंकिंग में करियर की सर्वश्रेष्ठ 15वीं रैंकिंग भी हासिल की। कोस्त्युक ने पूरे टूर्नामेंट में सिर्फ एक सेट गंवाया। इससे पहले वह 2026 सीजन में ब्रिस्बेन के फाइनल तक भी पहुंची थीं। मैड्रिड में मिली यह जीत उनके करियर का तीसरा खिताब और लगातार दूसरा खिताब है, जो साल की शुरुआत में चोट से प्रभावित अभियान के बाद उनकी शानदार वापसी को दर्शाता है। खास बात यह है कि इस सीजन वह टॉप-10 खिलाड़ियों के खिलाफ पांच जीत दर्ज कर चुकी हैं। इस मामले में वह एरिना सबालेंका की बराबरी पर हैं और सिर्फ एलेना रायबाकिना से पीछे हैं।



### एंड्रीवा को रैंकिंग में फायदा

टीन सेंसेशन मीरा एंड्रीवा को भी रैंकिंग में काफी फायदा हुआ। मैड्रिड में उपविजेता रहने के बाद वह वर्ल्ड नंबर 7 पर पहुंच गईं। यह उनका तीसरा डब्ल्यूटीए 1000 फाइनल और क्ले कोर्ट पर पहला फाइनल था। वहीं, इगा स्वियातेक बीमारी के कारण टूर्नामेंट से जल्दी बाहर होने के बावजूद टॉप 3 में वापस जगह बनाने में कामयाब रहीं।

# चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ आज मैदान में उतरेंगे एनगिडी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली कैपिटल्स के गेंदबाजी कोच मुनाफ पटेल ने कहा कि लुंगी एनगिडी 25 अप्रैल को पंजाब किंग्स के खिलाफ घरेलू मैच में लगी सिर की चोट से उबरकर मैदान पर वापसी करने के लिए तैयार हैं।

कैच लेने की कोशिश में सिर के बल गिरने के बाद एनगिडी को एंबुलेंस से तुरंत अस्पताल ले जाया गया। इस चोट के कारण दक्षिण अफ्रीका का यह तेज गेंदबाज दो मैच नहीं खेल पाया था। मुनाफ ने मंगलवार को चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ होने वाले मैच से पहले कहा, ' सभी खिलाड़ी फिट हैं। लुंगी भी फिट हैं। उन्होंने दो मैच इसलिए नहीं खेले क्योंकि (सिर में चोट पर)



छह दिन के आराम का नियम लागू होता है।' एनगिडी की वापसी से गेंदबाजी आक्रमण को मजबूती मिलेगी। मिशेल स्टार्क भी टीम में शामिल हो गए हैं और उन्होंने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ सत्र के अपने पहले ही मैच में शानदार प्रदर्शन किया। मुनाफ ने कहा कि स्टार्क की मौजूदगी से निश्चित रूप से फर्क पड़ेगा।


दीक्षा, त्वेसा और हिताशी का निराशाजनक प्रदर्शन

# लेडीज क्लासिक में नीचे खिसकी भारतीय तिकड़ी

एजेंसी ▶▶| सपोर्ट लुईस

दीक्षा डागर, त्वेसा मलिक और हिताशी बख्शी की भारतीय तिकड़ी को 2026 एमसीबी लेडीज क्लासिक मॉरीशस गोल्फ के अंतिम दौर में खराब प्रदर्शन के कारण तालिका में नीचे खिसकना पड़ा।

शुरुआती दो दौर में 68-69 के स्कोर के साथ अच्छी स्थिति में रही दीक्षा तीसरे दौर में 74 का कार्ड खेलने के बाद संयुक्त 21वें स्थान पर रहीं। दीक्षा ने नौवें होल पर सिर्फ एक बर्डी लगाई और पहले, दसवें तथा पंद्रहवें होल पर बोगी कर बैठीं। त्वेसा 70-71 के स्कोर के बाद 73 का कार्ड खेलकर संयुक्त 38वें स्थान पर रहीं।



### लय गंवा बैठीं हिताशी

हिताशी ने पहले दो दिनों में 71-69 के स्कोर के साथ अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन तीसरे दिन लय गंवा बैठीं। वह 76 का कार्ड खेलने के बाद संयुक्त 58वें स्थान पर खिसक गईं। डेनमार्क की स्मिला टार्निंग सोंडरबी ने अंतिम होल पर बर्डी लगाकर लेडीज यूरोपियन टूर (एलईटी) पर अपना दूसरा खिताब जीता।


## 24 मई से पेरिस में शुरू होगी स्पर्धा

# फ्रेंच ओपन पुरस्कार राशि : जोकोविच, सिनर और एरीना नाखुश

एजेंसी ▶▶| पेरिस

नोवाक जोकोविच, यानिक सिनर, एरीना सबालेंका और कोको गॉफ सहित कई प्रमुख खिलाड़ियों ने फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट की पुरस्कार राशि को लेकर 'अपनी गहरी निराशा' व्यक्त की है। यह क्ले कोर्ट ग्रैंड स्लैम प्रतियोगिता इस महीने के आखिर में पेरिस में शुरू होगी। खिलाड़ियों का कहना है कि उनकी कुछ अन्य मांगें भी हैं, जिन पर आयोजकों ने ध्यान नहीं दिया है। इनमें बेहतर प्रतिनिधित्व, स्वास्थ्य और पेंशन शामिल हैं।

खिलाड़ियों की यह मांग तब आई जब फ्रेंच ओपन के आयोजकों ने पिछले महीने घोषणा की थी कि रोलां गैरां पर खेले जाने वाले टूर्नामेंट की पुरस्कार राशि में लगभग 10 प्रतिशत बढ़ोतरी की गई है, जिससे कुल पुरस्कार राशि 61.7 मिलियन यूरो (72.1 मिलियन अमेरिकी डॉलर) हो



गई है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 5.3 मिलियन यूरो अधिक है।

### पुरस्कार राशि में केवल 5.4 प्रतिशत वृद्धि

*खिलाड़ियों ने कहा, 'असली आंकड़े बिल्कुल अलग कहानी बयां करते हैं। टूर्नामेंट के आयोजकों के अनुसार फ्रेंच ओपन ने 2025 में 395 मिलियन यूरो का राजस्व प्राप्त किया, जो उससे पिछले वर्ष की तुलना में 14 प्रतिशत अधिक था। इसके बावजूद पुरस्कार राशि में केवल 5.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इस तरह से खिलाड़ियों का राजस्व में हिस्सा घटकर 14.3 प्रतिशत रह गया है।'*

### चैंपियन को मिलेंगे 28 लाख यूरो

शीर्ष खिलाड़ियों ने कहा, 'फ्रेंच ओपन टूर्नामेंट के राजस्व में खिलाड़ियों की हिस्सेदारी 2024 में 15.5 प्रतिशत से घट गई है और 2026 में इसके 14.9 प्रतिशत रहने की संभावना है।' फ्रेंच ओपन 24 मई से शुरू होगा। पुरुष और महिला एकल चैंपियन को 28 लाख यूरो और उपविजेता खिलाड़ियों को 14 लाख यूरो मिलेंगे। सेमीफाइनल में पहुंचने वालों को सात लाख 50 हजार यूरो जबकि पहले दौर में हारने वाले खिलाड़ियों को 87000 यूरो मिलेंगे। पुरुष और महिला युगल विजेताओं को 6 लाख यूरो और मिश्रित युगल चैंपियन को 1 लाख 22 हजार यूरो मिलेंगे।

# MATS UNIVERSITY

NAAC GRADE A+ ACCREDITED UNIVERSITY

www.matsuniversity.ac.in

## CHHATTISGARH'S FIRST AND ONLY STATE PRIVATE UNIVERSITY ACCREDITED WITH A+ GRADE BY NAAC

UGC GRADED AUTONOMY

CHHATTISGARH'S OLDEST PRIVATE UNIVERSITY

ONE UNIVERSITY. THREE MODES. ENDLESS OPPORTUNITIES.

## REGULAR | DISTANCE | ONLINE

# ADMISSIONS OPEN

Recognised by U.G.C. University Grants Commission

Member of A.I.U. Association of Indian Universities

Approved by A.I.C.T.E. All India Council for Technical Education

Accredited by NAAC National Assessment & Accreditation Council

Approved by N.C.T.E. National Council for Teacher Education

Approved by B.C.I. BAR Council of India (Law Programs)

Affiliated by C.G.P.U.R.C. Chhattisgarh Private University Regulatory Commission

Approved by P.C.I. Pharmacy Council of India

### ESTABLISHED CREDENTIALS
- Chhattisgarh's Oldest Private University
- NAAC A+ Accredited
- 1,00,000+ Strong Alumni Network
- UGC Graded Autonomy
- SIRO Recognized Research Institution

### MULTICULTURAL CAMPUS
- Students from 31 countries
- Students from 12 states of India
- Diverse and vibrant campus environment
- Global exposure with inclusive learning
- A campus that broadens perspectives

20 *Years of Excellence*

### ACADEMIC–INDUSTRY LINKAGE
- Strong industry-linked learning
- Curriculum connected with real-world needs
- Practical orientation across programs
- Professional exposure for students
- Learning aligned with employability

CHOOSE LEGACY. CHOOSE QUALITY. CHOOSE OPPORTUNITY.

### HOLISTIC DEVELOPMENT
- Sports and games
- Cultural and co-curricular activities
- Leadership and personality development
- Confidence, discipline and teamwork
- Beyond academics, towards complete growth

A trusted university with academic credibility, regulatory-approved programs, flexible learning pathways, strong industry linkage, internship and placement support and a multicultural campus environment.

### INTERNSHIPS AND CAMPUS PLACEMENTS



**Admission Office:** Raipur Campus, MATS Tower, Pandri, Raipur (C.G.) 492004
**University Campus:** Arang-Kharora Highway, Arang, Raipur (C.G.) 493441 **email:** admissions@matsuniversity.ac.in
**Admission Helpline: Tollfree:** 1800 123 819999 **Tel:** 0771-4078994, 95,96,98 **Mob:** 9755899381, 8827891700, 9109994500


हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com